ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष सप्तमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 13 जून 2024
वर्ष 2, अंक 293, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



इंग्लैंड के अरमानों पर बारिश का पहरा 2

अजय देवगन फिर मचाएंगे धमाल 14

## कठुआ में मारे गए आतंकी, एक जवान भी शहीद

जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के एक सीमावर्ती गांव में छिपे एक आतंकवादी को सुरक्षा बलों ने 15 घंटे से अधिक समय तक चले अभियान में बुधवार को मार गिराया। इस दौरान एक अन्य आतंकवादी को भी मार गिराया गया।

हालांकि मुठभेड़ में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का एक जवान भी शहीद हो गया। अधिकारियों के अनुसार, सैदा सुखल गांव में दो आतंकवादियों को देखे जाने के बाद मंगलवार रात को शुरू हुए अभियान के दौरान जम्मू सांबा कठुआ रेंज के डीआईजी सुनील गुप्ता और कठुआ के एसएसपी अनायत अली चौधरी के वाहनों पर कई गोलियां लगीं लेकिन अधिकारी सुरक्षित बच निकले। अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार देर रात डोडा जिले में भद्रवाह-पठानकोट मार्ग पर स्थित चतरगला के ऊपरी इलाके में आतंकवादियों ने एक संयुक्त जांच चौकी पर हमला किया, जिसमें राष्ट्रीय राइफल्स के पांच जवान और एक विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) घायल हो गए।



कठुआ के सैदा सुखल गांव में मोर्चा संभाले जवान। ● एजेंसी

- आतंकवादियों से मुठभेड़ में छह सुरक्षाकर्मी हुए घायल
- हथियार, गोला-बारूद, एक लाख नकदी जब्त

अधिकारियों ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय सीमा के निकट कठुआ के सैदा सुखल गांव में बुधवार अपराह्न पुलिस, सेना और सीआरपीएफ के संयुक्त अभियान में दूसरे आतंकवादी को मार गिराया गया। बताया कि मंगलवार देर रात आतंकवादियों ने गांव में अंधाधुंध गोलीबारी की थी। जिसमें मध्य प्रदेश के निवासी सीआरपीएफ के जवान कबीर दास गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल में उन्होंने दम तोड़ दिया।

जम्मू क्षेत्र के एडीजी आनंद जैन ने कहा कि दो आतंकवादी जो हाल में सीमापार से घुसपैठ करके आए थे, रात आठ बजे (मंगलवार) के आसपास गांव में दिखाई दिए। एक आतंकवादी ने पुलिस दल पर हथगोला फेंकने की कोशिश की लेकिन मुठभेड़ में उसे मार गिराया गया। मारे गए दोनों आतंकवादी पाकिस्तानी बताए जा रहे हैं। मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और एक लाख रुपये से अधिक की नकदी जब्त की गई है।

## खुदरा मुद्रास्फीति मई में घटकर 4.75% पर

नई दिल्ली, एजेंसी


- खाद्य वस्तुओं की कीमतों में मामूली गिरावट का पड़ा असर

खाद्य वस्तुओं की कीमतों में मामूली गिरावट से खुदरा मुद्रास्फीति मई में घटकर 4.75 प्रतिशत पर आ गई। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा मुद्रास्फीति अप्रैल, 2024 में 4.83 प्रतिशत और मई, 2023 में 4.31 प्रतिशत थी।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, मई में खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति 8.69 प्रतिशत रही, जो अप्रैल में 8.70 प्रतिशत थी। कुल मुद्रास्फीति में फरवरी, 2024 से लगातार कमी आई है। यह फरवरी में 5.1 प्रतिशत थी और अप्रैल, 2024 में घटकर 4.8 प्रतिशत पर आ गई। सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक को यह सुनिश्चित करने का काम सौंपा है कि सीपीआई मुद्रास्फीति दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर बनी रहे। इस महीने की शुरुआत में, आरबीआई ने 2024-25 के लिए सीपीआई मुद्रास्फीति 4.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। इसमें पहली तिमाही में इसके 4.9 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 3.8 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 4.6 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 4.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

### निफ्टी नए उच्चस्तर पर, सेंसेक्स 150 अंक चढ़ा

**मुंबई/नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर मजबूती के संकेतों के बीच घरेलू बाजार में बिजली, पूंजीगत उत्पाद और औद्योगिक शेयरों में खरीदारी आने से बुधवार को निफ्टी ने अपना उच्चतम स्तर छुआ जबकि सेंसेक्स अपने रिकॉर्ड स्तर से थोड़ा ही दूर रहा। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 149.98 अंक यानी 0.20 प्रतिशत चढ़कर 76,606.57 अंक पर बंद हुआ। एनएसई का सूचकांक निफ्टी भी 177.1 अंक यानी 0.76 प्रतिशत बढ़कर दिन में कारोबार के दौरान 23,441.95 के अपने नए उच्चस्तर पर पहुंच गया। वहीं, घरेलू शेयर बाजार में तेजी के रुख के बीच बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) बढ़कर 429.32 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया।



- बीएसई की सूचीबद्ध कंपनियों का पूंजीकरण रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचा

### एक नजर

#### गैंगस्टर जयेश पुजारी पर अदालत में हमला

**बेलगावी।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी आलोक कुमार को धमकी देने वाले कुख्यात गैंगस्टर जयेश पुजारी ने बुधवार को कर्नाटक में बेलगावी जिला अदालत में पेशी के समय पाकिस्तान समर्थक नारे लगाए। फिरौती की मांगों और गडकरी के नागपुर कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी देने के लिए कुख्यात पुजारी ने न्यायाधीश के समक्ष अपना मामला पेश करने का मौका नहीं दिए जाने पर पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा लगाया तो वहां मौजूद अधिवक्ताओं और लोगों ने पुजारी से मारपीट शुरू कर दी।

#### राष्ट्रपति ने खारिज की आतंकी की दया याचिका

**नई दिल्ली।** करीब 24 साल पुराने लाल किला हमला मामले में दोषी ठहराए गए पाकिस्तानी आतंकवादी मोहम्मद आरिफ उर्फ अशफाक की दया याचिका राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने खारिज कर दी है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रपति द्वारा 25 जुलाई 2022 को पदभार ग्रहण करने के बाद खारिज की गई यह दूसरी दया याचिका है। उच्चतम न्यायालय ने तीन नवंबर, 2022 को आरिफ की पुनर्विचार याचिका खारिज कर दी थी और मामले में उसे दी गई मौत की सजा को बरकरार रखा था।

## कुवैत में रिहाइशी इमारत में लगी आग, भारतीयों समेत 41 की मौत

**हादसा** : छह मंजिला इमारत में रहते थे 160 लोग, सभी एक ही कंपनी के कर्मी

दुबई, एजेंसी

कुवैत में श्रमिकों के आवास वाली एक इमारत में बुधवार को लगी भीषण आग में 41 लोगों के मारे जाने की आशंका है। खाड़ी देश से मिल रही खबरों के अनुसार, मरने वालों में कुछ भारतीय भी शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि आग बुधवार तड़के कुवैत के दक्षिणी अहमदी गवर्नरेट के मंगाफ क्षेत्र में स्थित छह मंजिला इमारत के रसोईघर से लगी। बताया जा रहा है कि इमारत में करीब 160 लोग रहते थे, जो एक ही कंपनी के कर्मचारी हैं। कुवैत अपराध-विज्ञान विभाग के महानिदेशक मेजर जनरल ईद अल-ओवैहान के मुताबिक मृतकों की संख्या 35 से अधिक हो गई है। 15 घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया जिनमें से चार की बाद में मौत हो गई। मृतकों में अधिकतर भारतीय हैं, जिनकी उम्र 20 से 50 वर्ष के बीच है। बचाव अभियान के दौरान पांच अग्निशमन कर्मी भी घायल हुए हैं। अधिकतर की मौत सोते समय धुएं के कारण दम घुटने से हुई। कुवैत में भारतीय दूतावास ने आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने 'एक्स' पर कहा कि कुवैत सिटी में आग लगने की खबर सुनकर बहुत दुख हुआ। खबर है कि 40 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है और 50 से ज्यादा लोग अस्पताल में भर्ती हैं। हमारे राजदूत मौके पर गए हैं। हम आगे की जानकारी का इंतजार कर रहे हैं।



कुवैत के मंगाफ क्षेत्र स्थित छह मंजिला इमारत में आग लगने के बाद मौके पर आग बुझाने में लगीं फायर ब्रिगेड की गाड़ियां। ● एजेंसी

भारतीय राजदूत आदर्श स्वैका ने दुर्घटनास्थल मंगाफ का दौरा किया और अस्पताल भी गए जहां अग्निकांड में घायल भारतीय कर्मचारियों का उपचार चल रहा है। 'कुवैत टाइम्स' की खबर के अनुसार, कुवैत के पहले उप प्रधानमंत्री, गृह मंत्री शेख फहद अल-यूसुफ अल-सबाह ने पुलिस को मंगाफ इमारत के मालिक, इमारत के चौकीदार और श्रमिकों के लिए जिम्मेदार कंपनी के मालिक को जांच पूरी होने तक गिरफ्तार करने का आदेश दिया है। मंत्री ने कहा कि जो कुछ हुआ वह कंपनी और भवन मालिकों के लालच का परिणाम है। 'अरब टाइम्स' के मुताबिक, कुवैत नगर पालिका के महानिदेशक इंजीनियर सऊद अल-दब्बौस ने कई प्रमुख अधिकारियों को निलंबित कर दिया है।

### केंद्रीय मंत्री कीर्ति वर्धन कुवैत रवाना

**नई दिल्ली।** विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह भीषण आग में झुलसे भारतीयों की सहायता की निगरानी करने और मारे गए लोगों के शवों को शीघ्र स्वदेश लाने के लिए तत्काल कुवैत के लिए रवाना हो रहे हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देशानुसार, विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह तत्काल कुवैत के लिए रवाना हो रहे हैं।

## हरदोई में बालू से भरा ट्रक झोपड़ी पर पलटा, 4 बच्चों समेत 8 की मौत

संवाददाता, मल्लावां/हरदोई

**अमृत विचार** : बुधवार तड़के बिल्हौर-कटरा हाईवे पर मल्लावां कोतवाली के मोहिउद्दीनपुर चुंगी नंबर-2 के पास सड़क किनारे झोपड़ी में रह रहे एक परिवार पर बालू से लदा ओवरलोड ट्रक पलट गया। हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में दो पुरुष, दो महिला और चार बच्चे शामिल हैं। जेसीबी, पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से शवों को बाहर निकाला गया। हादसे की खबर सुनते ही डीएम मंगला प्रसाद सिंह और एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी मौके पर पहुंचे। डीएम ने बताया कि ड्राइवर अवधेश पुलिस की गिरफ्त में है।

पुलिस के अनुसार मंगलवार रात दो बजे के लगभग बिल्हौर-कटरा हाईवे पर मोहिउद्दीनपुर चुंगी नंबर-2 निवासी अवधेश (45) पुत्र रामपाल, उसकी पत्नी सुधा (42), बेटी सुनैना (12), कोमल (7) व चार वर्षीय बुद्धू अपने डेरे (झोपड़ी) के बाहर चारपाई पर सोए हुए थे। जबकि पास में दूसरी चारपाई पर अवधेश की बेटी हीरो (25) उसका पति बिलग्राम कोतवाली क्षेत्र के कासुपेट निवासी करन (26) उसकी पुत्री बिट्टो (6) और 2 वर्षीय बेटा बिहारी सो रहे थे। इसी बीच बालू से ओवरलोड ट्रक चुंगी नंबर-2 स्पीड ब्रेकर के पास पहुंचते ही सो रहे लोगों के ऊपर पलट गया, सभी लोग बालू के नीचे दब गए। शोर सुनकर आसपास के लोग वहां पहुंचे और किसी तरह बिट्टो को खींचकर बाहर निकाला, लेकिन बाकी लोग दबे रहे। सूचना पर एसएचओ मल्लावां निर्भय सिंह पुलिस टीम के साथ पहुंचे और जेसीबी व क्रेन की मदद से बालू हटवा कर ट्रक के नीचे दबे आठ लोगों को बाहर निकलवाया और एम्बुलेंस-108 से सीएचसी मल्लावां भेजा, लेकिन रास्ते में ही सभी की मौत हो चुकी थी। बिट्टो गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती है। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर ड्राइवर अवधेश को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मौके पर पहुंचीं राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने मृतकों के परिजनों को अधिक से अधिक राजकीय सहयोग दिलाने का आश्वासन दिया।



बिल्हौर-कटरा हाईवे पर झोपड़ी पर पलटा ट्रक। ● अमृत विचार

- सड़क किनारे झोपड़ी में सो रहा था परिवार, जेसीबी की मदद से शवों को बाहर निकाला
- बिल्हौर-कटरा हाईवे पर मल्लावां कोतवाली के मोहिउद्दीनपुर चुंगी नंबर 2 के पास हुआ हादसा

### मुख्यमंत्री ने लिया संज्ञान

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं।

## निर्धारित समय में मिलेगा नया बिजली कनेक्शन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- नगर निगम क्षेत्र में 3 दिन, नपा में 7 व ग्रामीण क्षेत्र में 15 दिन तय

**अमृत विचार** : प्रदेश के लोगों को अब निर्धारित समय में नया बिजली कनेक्शन मिलेगा। नगर निगम क्षेत्र में 3 दिन, नगर पालिका क्षेत्र में 7 दिन और ग्रामीण क्षेत्र में 15 दिन की समय सीमा तय की गई है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने विद्युत उपभोक्ता अधिकार नियम 2020 के तहत आदेश जारी किए हैं।

कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि कनेक्शन के लिए जहां बिजली लाइन बनाने की आवश्यकता नहीं है, वहां तय अवधि में कनेक्शन दे दिया जाए। वितरण लाइन के विस्तार या नया ट्रांसफार्मर लगाने के मामलों में 90 दिन के भीतर नया कनेक्शन दिया जाए।

### 29,820 मेगावाट पहुंची बिजली की मांग

**लखनऊ।** प्रदेश में बुधवार को फिर बिजली मांग का पिछला रिकार्ड टूट गया। अधिकतम मांग बढ़कर 29,820 मेगावाट पर पहुंच गई। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने यह मांग पूरी कर नया रिकार्ड बनाया। बिजली आपूर्ति के मामले में प्रदेश अन्य राज्यों की तुलना में नंबर वन पर पहुंच गया है।

## दीवार गिरने से भाई-बहन समेत तीन की मौत

**बहराइच।** बुधवार तड़के रामगांव थाना क्षेत्र के भगवानपुर माफी गांव में छत पर सो रहे पांच लोगों पर पड़ोसी मोहम्मद हुसैन के मकान की जर्जर दीवार गिर गई, जिसके मलबे के नीचे दबकर रहीश के पुत्र गुफरान (5), पुत्री मिसबा (3) और भांजे इमरान (10) की मौत हो गई।

गंभीर रूप से घायल रहीश (35) व उनकी पत्नी शरीफुन निशा (30) जिला अस्पताल में भर्ती हैं। पुलिस के अनुसार, जिस मकान की दीवार गिरी, वह काफी पुराना व जर्जर है। मकान मालिक अपने परिवार सहित दूसरे गांव में रहता है।

## रायबरेली सीट छोड़ें या वायनाड

मलप्पुरम (केरल), एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि वह इस दुविधा में हैं कि उन्हें वायनाड और रायबरेली लोकसभा सीट में से कौन सी छोड़नी चाहिए। गांधी ने 2024 के आम चुनाव में इन दोनों सीट पर जीत दर्ज की है।

उन्होंने कहा कि वह जो भी निर्णय लेंगे, दोनों निर्वाचन क्षेत्र के लोग उससे खुश होंगे। उन्होंने लोकसभा में दूसरे कार्यकाल के लिए उन्हें चुनने के लिए वायनाड के लोगों को धन्यवाद दिया। कांग्रेस नेता ने यहां एक जनसभा में कहा कि मैं आपसे जल्द ही मिलने की उम्मीद करता हूं। लगातार दूसरी बार वायनाड लोकसभा सीट से जीत हासिल करने के बाद यह उनकी राज्य में पहली यात्रा है। गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उन्हें भगवान से कोई निर्देश नहीं मिलता कि क्या करना है, जैसा कि प्रधानमंत्री अपने बारे में दावा करते हैं। दुर्भाग्यवश, मेरे पास यह सुविधा नहीं है क्योंकि मैं एक इंसान हूं।

**दुविधा में राहुल**



- कांग्रेस नेता ने कहा-मेरे फैसले से दोनों क्षेत्रों के लोग खुश होंगे

### अखिलेश ने करहल विस सीट से दिया इस्तीफा

**लखनऊ।** सांसद बनने के बाद सपा प्रमुख अखिलेश यादव और अवधेश प्रसाद ने बुधवार को विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर विधायक पद से इस्तीफा दे दिया। सांसद बने सपा के अन्य सात विधायक भी इस्तीफा देने की तैयारी में हैं। कन्नौज सीट से सांसद बने अखिलेश यादव ने करहल विधानसभा सीट से तो वहीं फैजाबाद सीट से सांसद अवधेश प्रसाद ने मिल्कीपुर विधानसभा सीट के इस्तीफा दिया।



## मोदी वाराणसी से जारी करेंगे किसान निधि की 17वीं किस्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 18 को काशी में आभार यात्रा पर आ रहे हैं प्रधानमंत्री

**अमृत विचार** : पीएम किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त का इंतजार कर रहे करोड़ों किसानों के लिए अच्छी खबर है। आभार यात्रा पर आ रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 18 जून को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी से देश के करोड़ों किसानों को पीएम किसान की 17वीं किस्त देने वाले हैं। केंद्र में लगातार तीसरी बार सरकार बनने के बाद नरेंद्र मोदी आने वाले मंगलवार को पहली बार वाराणसी आएंगे। एक दिवसीय दौरे के दौरान मोदी वाराणसी में किसान सम्मेलन को संबोधित करेंगे। इस दौरान वह किसानों को सम्मानित करेंगे और किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी करेंगे। जिससे काशी के लगभग 267,665 किसान लाभान्वित होंगे।

### मोदी जी-7 सम्मेलन में भाग लेने इटली जाएंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व के सात शक्तिशाली देशों के समूह जी-7 की बैठक में शामिल होने के लिए गुरुवार की रात इटली जाएंगे। विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने बुधवार को यहां एक ब्रीफिंग में कहा कि तीसरे कार्यकाल में मोदी की यह पहली विदेश यात्रा होगी।

## मां ने चार वर्ष के इकलौते बेटे को फावड़े से काटकर जला दिया

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

- बेटे को लेकर पिता डॉक्टर के पास गया लेकिन नहीं बचा पाया
- पिता की तहरीर पर पुलिस ने हत्यारोपी मां को किया गिरफ्तार

**अमृत विचार** : हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के गांव जलालपुर हसना में मां ने चार वर्षीय इकलौते बेटे को फावड़े से काटकर आग के हवाले कर दिया। खेत से लौटे पिता ने किसी तरह बेटे को आग से निकाला और चिकित्सक के पास ले गया, लेकिन चिकित्सक ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पिता की तहरीर पर मामला दर्ज कर हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

एसपी ग्रामीण राम अर्ज ने बताया कि गांव जलालपुर हसना निवासी कपिल कुमार की पत्नी आदेश ने बुधवार की सुबह अपने बेटे हर्ष उर्फ कल्लू को फावड़े से काटकर मौत के घाट उतार दिया। उसने शव को जलाने का प्रयास किया। महिला ने अपने बच्चे की हत्या क्यों की, अभी पता नहीं चल सका है। पूछताछ में महिला ने कोई कारण नहीं बताया है। मायके वाले महिला को मानसिक रूप से कमजोर बता रहे हैं जबकि पति इससे इनकार कर रहा है। पुलिस कई बिन्दुओं पर जांच कर रही है।

### बेटे के शव को छूते ही पति को मारने दौड़ी

बच्चे के पिता कपिल ने बताया कि वह खेत से लौटा तो पता चला कि मेरी पत्नी ने बेटे को मार डाला है। आग में बेटे का शव रखा हुआ था। शव हटाने लगा तो पत्नी मुझे मारने के लिए दौड़ी। इस दौरान वह कह रही थी कि सबको मार दूंगी। सुबह ऐसी कोई बात नहीं थी। मैं नाश्ता करके खेत गया था। सब ठीक था, परिवार में कोई विवाद भी नहीं था।

> सूचना मिली थी कि हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र में मां ने बच्चे की हत्या कर शव जलाया है। पुलिस मौके पर पहुंची। पिता की तहरीर पर बच्चे की मां के खिलाफ केस दर्ज कर जांच की जा रही है। आरोपी मां को गिरफ्तार कर लिया गया है। – **राम अर्ज**, एसपी ग्रामीण।

## संसद सत्र 24 जून से शुरू, 3 जुलाई को समाप्त

**नई दिल्ली।** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने बुधवार को कहा कि 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से शुरू होगा और तीन जुलाई को समाप्त होगा। सत्र के पहले तीन दिनों में नवनिर्वाचित सदस्य शपथ लेंगे और लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव करेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 27 जून को लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी और अगले पांच वर्ष के लिए नई सरकार के कामकाज का खाका प्रस्तुत कर सकती हैं। रीजीजू ने सभी राजनीतिक दलों से संसद के आगामी सत्र में रचनात्मक बहस की अपील की और कहा कि देश सदन में अच्छी चर्चा देखना चाहता है।

## सरकारी स्कूलों को मिलेंगे 5,856 शिक्षक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार** : बेसिक शिक्षा परिषद की ओर संचालित प्राथमिक विद्यालयों को जल्द ही 5,856 शिक्षक मिल जाएंगे। इसके लिए परिषद सचिव सुरेन्द्र कुमार तिवारी ने 51 जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों से निर्धारित प्रारूप पर नियुक्त शिक्षक अभ्यर्थियों का ब्योरा मांगा है। सभी शिक्षकों को ऑनलाइन विद्यालय आवंटित किए जाएंगे।

बता दें कि 12,460 शिक्षक भर्ती के सापेक्ष 5,856 शिक्षकों को विद्यालय में तैनाती दी जाएगी। ये वह शिक्षक हैं जिनका मामला न्यायालय में लंबे समय से अटका हुआ था। अब इनके पक्ष में निर्णय आने के बाद तैनाती के लिए सचिव ने तैयारी शुरू कर दी है। अधिकारियों ने बताया कि शिक्षकों को उन विद्यालयों में तैनाती दी जाएगी। जहां पर पहले से शिक्षकों कमी है। इस संबंध में विद्यालयों की सूचना भी बेसिक शिक्षा अधिकारियों की ओर से मांगी गई है।



- 12,460 शिक्षक भर्ती में नियुक्त शिक्षकों को ऑनलाइन मिलेंगे विद्यालय

> चयनित शिक्षक अभ्यर्थी जिनको नियुक्ति पत्र दिया गया है। उनको विद्यालय आवंटन की कार्यवाही राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के माध्यम से ऑनलाइन की जाएगी। अर्ह अभ्यर्थियों की सूचना निर्धारित प्रारूप पर मांगी गई है। इसके लिए 15 जून तक का समय दिया गया है।
> –**सुरेन्द्र कुमार तिवारी**, सचिव, बेसिक शिक्षा परिषद

### इन 51 जिलों में तैनात होंगे शिक्षक

फिरोजाबाद, मैनपुरी, अलीगढ़, एटा, कासगंज, हाथरस, मथुरा, बदायूं, पीलीभीत, फतेहपुर, प्रतापगढ़, कौशाम्बी, वाराणसी, चंदौली, जौनपुर, मीरजापुर, सोनभद्र, भदोही, हरदोई, सीतापुर, रायबरेली, उन्नाव, देवरिया, कुशीनगर, महराजगंज, बस्ती, सिद्धार्थनगर, ललितपुर, जालौन, चित्रकूट, बांदा, महोबा, हमीरपुर, अयोध्या, बाराबंकी, सुलतानपुर, अमेठी, अम्बेडकरनगर, गोण्डा, बलरामपुर, बहराइच, श्रावस्ती, रामपुर, बिजनौर, अमरोहा, कानपुरदेहात, औरैया, फर्रुखाबाद, कन्नौज, बलिया, शामली।



# इंग्लैंड के अरमानों पर बारिश का पहरा

**इंग्लैंड vs ओमान**
**रात 12 :30 बजे**

नॉर्थ साउंड, एजेंसी



अपनी पहली जीत दर्ज करने के लिए बेताब इंग्लैंड के अरमानों पर ओमान के खिलाफ यहां होने वाले टी20 विश्व कप के मैच में बारिश पानी फेर सकती है। पूर्व चैंपियन इंग्लैंड को सुपर 8 में जगह बनाने के लिए ग्रुप बी के अपने बाकी बचे दोनों मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। उसका दो मैच में केवल एक अंक है जो उसे स्कॉटलैंड के खिलाफ बारिश के कारण मैच नहीं हो पाने के कारण मिला था।

जोस बटलर की अगुवाई वाली टीम के लिए खबर अच्छी नहीं है क्योंकि मौसम विभाग ने ओमान के खिलाफ मैच के दिन बारिश की संभावना व्यक्त की है। इंग्लैंड को ओमान के बाद अपना आखिरी लीग मैच इसी मैदान पर नामीबिया के खिलाफ खेलना है। इन दोनों मैच में जीत के बावजूद भी इंग्लैंड को ऑस्ट्रेलिया और स्कॉटलैंड के बीच होने वाले मैच में अनुकूल परिणाम के लिए दुआ करनी होगी। ऑस्ट्रेलिया लगातार तीन मैच में जीत से सुपर 8 में अपनी जगह पक्की कर चुका है। स्कॉटलैंड तीन मैच में पांच अंक लेकर दूसरे स्थान पर है और अगर वह अपने अंतिम मैच में ऑस्ट्रेलिया को हरा देता है तो उसके सात अंक हो जाएंगे और वह सुपर 8 में जगह बना देगा। इसलिए इंग्लैंड इस मैच में ऑस्ट्रेलिया की जीत की दुआ करेगा। जहां तक ओमान का सवाल है तो उसने अभी तक अपने तीनों मैच गंवाए हैं और वह अगले दौर में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो चुका है। यह मैच भारतीय समयानुसार शुक्रवार रात 12.30 बजे से होगा।

# उम्मीदें जिंदा रखने के लिए भिड़ेंगे बांग्लादेश और नीदरलैंड

किंग्सटाउन, एजेंसी

**मैच : रात 8 :00 बजे**



बांग्लादेश और न्यूजीलैंड टी-20 विश्व कप के सुपर आठ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को पंख लगाने के लिए गुरुवार को यहां एक दूसरे का सामना करेंगे। दक्षिण अफ्रीका ग्रुप डी से शीर्ष पर रहकर पहले ही अगले दौर में जगह बना चुका है।

बांग्लादेश इस ग्रुप में अभी दूसरे स्थान पर है। उसके और नीदरलैंड के समान दो दो अंक हैं। बांग्लादेश की टीम हालांकि बेहतर नेट रन रेट के आधार पर दूसरे स्थान पर है। नेपाल और श्रीलंका के एक-एक अंक हैं लेकिन उनके पास भी ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहकर सुपर 8 में जगह बनाने का मौका है। बांग्लादेश ने अपने पहले मैच में श्रीलंका को दो विकेट से हराया था लेकिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उसके बल्लेबाज अपेक्षाकृत छोटा लक्ष्य हासिल करने में नाकाम रहे थे और उसे चार रन से हार का सामना करना पड़ा था। नीदरलैंड की टीम भी पिछले मैच में दक्षिण अफ्रीका से हार गई थी और वह भी वापसी करने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगी। यह मैच भारतीय समयानुसार रात 8 बजे से खेला जाएगा।



# करो या मरो मैच में न्यूजीलैंड का सामना वेस्टइंडीज से

टरूबा, एजेंसी


**मैच : सुबह 6 :00 बजे**

न्यूजीलैंड को अगर टी-20 विश्व कप में अपनी उम्मीदें जीवंत रखनी हैं तो उसे मेजबान वेस्टइंडीज के खिलाफ यहां होने वाले करो या मरो मैच में बेहतर प्रदर्शन करके हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी।

अफगानिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में न्यूजीलैंड के बल्लेबाज नहीं चल पाए थे और उसकी पूरी टीम 15.2 ओवर में 75 रन पर आउट हो गई जिससे उसे 84 रन से हार का सामना करना पड़ा। इससे उसका नेट रन रेट भी गड़बड़ा गया और वह ग्रुप सी में सबसे निचले स्थान पर है। केन विलियमसन की अगुवाई वाली टीम को अब उस प्रदर्शन को भूलकर वेस्टइंडीज के खिलाफ अच्छा खेल दिखाना होगा। वहीं, वेस्टइंडीज के साथ ऐसी कोई दिक्कत नहीं है और लगातार तीसरी जीत से वह सुपर 8 में अपनी जगह पक्की कर लेगा। पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ वेस्टइंडीज को आसान जीत नहीं मिली लेकिन पिछले मैच में युगांडा को उसने 39 रन पर आउट करके 134 रन की बड़ी जीत दर्ज की थी। यह मुकाबाला भारतीय समयानुसार सुबह 6 बजे से शुरू होगा।

## खेल डायरी

### पूर्व फुटबॉलर और कोच टी के चथुन्नी का निधन



**कोच्चि।** पूर्व भारतीय फुटबॉलर और कोच टी के चथुन्नी का बुधवार को यहां निधन हो गया। वह 79 वर्ष के थे तथा पिछले कुछ समय से कैंसर से पीड़ित थे। चथुन्नी को रक्षापंक्ति में कुशल खिलाड़ी माना जाता था। उन्होंने संतोष ट्रॉफी में केरल और गोवा का प्रतिनिधित्व किया। खेल से संन्यास लेने के बाद वह कोच बन गए और अगले 40 वर्ष तक भारतीय फुटबॉल में अपनी अमिट छाप छोड़ी। चथुन्नी कई टीमों के कोच रहे जिनमें मोहन बागान, डेंपो गोवा और एफसी कोचीन भी शामिल हैं। वह 1979 में केरल की संतोष ट्रॉफी टीम के कोच भी रहे। केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन और राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता वी डी सतीसन ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया।

### 2027 तक मुंबई सिटी एफसी में बने रहेंगे वालपुइया



**मुंबई।** वालपुइया के नाम से पहचाने जाने वाले हमिंगथनमाविया राल्ते ने मुंबई सिटी एफसी के साथ अपना अनुबंध 2027 सत्र तक बढ़ा दिया है। क्लब ने बुधवार को मिजोरम के इस खिलाड़ी को टीम का अहम सदस्य करार दिया। वह इस टीम से ऐतिहासिक रहे 2020-21 सत्र में जुड़े थे। मुंबई सिटी एफसी ने इस साल आईएसएल शील्ड और खिताब जीता था। वालपुइया को मुंबई सिटी एफसी ने 2022-23 सत्र में राउंडग्लास पंजाब को उधार दिया था। उनके अहम योगदान से राउंडग्लास पंजाब आई-लीग से आईएसएल में प्रमोट होने में सफल रहा। मुंबई सिटी एफसी के लिए 23 मैच खेल चुके इस खिलाड़ी ने कहा क्लब ने एक व्यक्ति और एक खिलाड़ी दोनों के रूप में मेरे विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। टीम के सहयोगी सदस्यों, साथी खिलाड़ियों और सभी कोच ने मेरे खेल को बेहतर बनाने में लगातार मदद की है और मेरी क्षमताओं पर अटूट भरोसा दिखाया है।

### साथ आए वर्ल्ड एथलेटिक्स और टाटा कम्युनिकेशंस

**नई दिल्ली।** वर्ल्ड एथलेटिक्स ने बुधवार को टाटा कम्युनिकेशंस के साथ पांच साल का वैश्विक प्रसारण सेवा समझौता किया जिससे भारतीय दूरसंचार कंपनी अगले साल से तोक्यो विश्व चैंपियनशिप सहित एथलेटिक्स की अन्य प्रमुख प्रतियोगिताओं की कवरेज में भागीदार बन जाएगी। वर्ल्ड एथलेटिक्स ने एक बयान में कहा कि टाटा कम्युनिकेशंस नवाचार और दर्शकों की भागीदारी को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के उद्देश्य से एथलेटिक्स की वैश्विक संचालन के लिए एक प्रमुख रणनीतिक आपूर्तिकर्ता होगा। वर्ष 2025 में मार्च में नानजिंग में विश्व एथलेटिक्स इंडोर चैंपियनशिप, मई में ग्वांग्झू में विश्व एथलेटिक्स रिले और सितंबर में सेन डिएगो में विश्व एथलेटिक्स रोड रनिंग चैंपियनशिप जैसे टूर्नामेंट शामिल हैं। द्विवार्षिक विश्व चैंपियनशिप अगले साल 13 से 21 सितंबर तक आयोजित की जाएगी। वर्ल्ड एथलेटिक्स सीरीज के टूर्नामेंटों के मेजबान प्रसारक के रूप में टाटा कम्युनिकेशंस कवरेज तैयार करने और महाद्वीपों में अनुकूलित, विश्व स्तरीय लाइव सामग्री वितरित करने की महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### स्पेन का प्रतिनिधित्व करेंगे नडाल और अलकराज



**मैड्रिड।** राफेल नडाल और कार्लोस अलकराज पेरिस ओलंपिक में स्पेन के लिए युगल मुकाबले खेलेंगे। यह जानकारी स्पेन की टेनिस महासंघ ने बुधवार को दी। अलकराज ने रविवार को फ्रेंच ओपन जीता था जो इस 21 साल के खिलाड़ी का तीसरा ग्रैंड स्लैम खिताब है। इस खेल के सबसे बड़े दिग्गजों में शामिल 38 साल के नडाल के पास पहले से ही 22 ग्रैंड स्लैम खिताब के साथ एकल (2008) और युगल (2016 में मार्क लोपेज के साथ) में ओलंपिक स्वर्ण पदक हैं।

# अमेरिका ने भारत को दिया 111 रन का लक्ष्य

## अर्शदीप ने की शानदार गेंदबाजी झटके 4 विकेट, नीतिश ने बनाए सर्वाधिक 27 रन



अरोन जोन्स विकेट लेने के बाद हार्दिक पांड्या के साथ जश्न मनाते भारतीय टीम के खिलाड़ी। ● एजेंसी

**स्कोर बोर्ड**

**अमेरिका** 110/8 (20 ओवर)

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| शायन जहांगीर पगबाधा अर्शदीप | 0 | 0 | 0/0 |
| स्टीवन टेलर बोल्ड अक्षर | 24 | 30 | 0/2 |
| एंड्रीज गॉज कैच हार्दिक बो अर्शदीप | 2 | 5 | 0/0 |
| अरोन जोन्स कैच सिराज बो हार्दिक | 11 | 22 | 0/1 |
| नीतिश कुमार कैच सिराज बो अर्शदीप | 27 | 23 | 2/1 |
| कॉरी एंडरसन कैच पंत बो हार्दिक | 14 | 12 | 1/1 |
| हरमीत सिंह कैच पंत बो अर्शदीप | 10 | 10 | 0/1 |
| शैडली वैन नाबाद | 11 | 10 | 1/0 |
| जसदीप सिंह रनआउट (पंत/सिराज) | 2 | 7 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** अर्शदीप सिंह 4-0-9-4, मोहम्मद सिराज 4-0-25-0, जसप्रीत बुमराह 4-0-25-0, हार्दिक पांड्या 4-0-14-2, शिवम दुबे 1-0-11-0, अक्षर पटेल 3-0-24-1

न्यूयॉर्क, एजेंसी

नितीश कुमार (27) और स्टीवन टेलर (24) की पारियों के दम पर अमेरिका ने बुधवार को टी-20 विश्वकप के 25वें मुकाबले में भारत को जीत के लिए 111 रनों का लक्ष्य दिया है।आज यहां नैसो काउंटी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी अमेरिका की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले ही ओर में तीन रन पर अपने दो विकेट गवां दिये। शयन जहांगीर (शून्य), ऐंड्रियस गौस (2) अर्शदीप सिंह का शिकार बने। उसके बाद स्टीवन टेलर और कप्तान ऐरन जोंस ने पारी को संभालने का प्रयास किया। आठवें ओवर में हार्दिक पांड्या ने ऐरन जोंस (11) को आउट कर भारत को तीसरी सफलता दिलाई। नितिश कुमार ने 23 गेंदों में एक चौका और एक छक्का लगाते हुए सर्वाधिक 27 रनों की पारी खेली। उन्हें अर्शदीप सिंह ने मोहम्मद सिराज के हाथों कैच आउट कराया।

कोरी एंडरसन (15), हरमीत सिंह (10) और जसदीप (2) रन बनाकर आउट हुये। शैडली वान शाल्कविक (11) रन बनाकर नाबाद रहे। अमेरिका ने निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 110 रन का स्कोर खड़ा किया।

भारत की ओर से अर्शदीप सिंह ने नौ रन देकर चार विकेट लिये। हार्दिक पांड्या ने 14 रन देकर दो बल्लेबाजों को आउट किया। अक्षर पटेल को एक विकेट मिला।

**टी-20 विश्वकप अंक तालिका**

| ग्रुप ए | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट | रद |
|---|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 2 | 2 | 0 | 4 | 1.455 | 0 |
| अमेरिका | 2 | 2 | 0 | 4 | 0.626 | 0 |
| पाकिस्तान | 3 | 1 | 2 | 2 | 0.191 | 0 |
| कनाडा | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.493 | 0 |
| आयरलैंड | 2 | 0 | 2 | 0 | -1.712 | 0 |
| **ग्रुप बी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| ऑस्ट्रेलिया (क्वा) | 3 | 3 | 0 | 6 | 3.580 | 0 |
| स्कॉटलैंड | 3 | 2 | 0 | 5 | 2.164 | 1 |
| नामीबिया (बा) | 2 | 1 | 1 | 2 | -0.309 | 0 |
| इंग्लैंड | 1 | 0 | 1 | 1 | -1.800 | 1 |
| ओमान (बा) | 3 | 0 | 3 | 0 | -1.613 | 0 |
| **ग्रुप सी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| अफगानिस्तान | 2 | 2 | 0 | 4 | 5.225 | 0 |
| वेस्टइंडीज | 2 | 2 | 0 | 4 | 3.574 | 0 |
| युगांडा | 3 | 1 | 2 | 2 | -4.217 | 0 |
| पापुआ न्यू गिनी | 2 | 0 | 2 | 0 | -0.434 | 0 |
| न्यूजीलैंड | 1 | 0 | 1 | 0 | -4.200 | 0 |
| **ग्रुप डी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| द. अफ्रीका (क्वा) | 3 | 3 | 0 | 6 | 0.603 | 0 |
| बांग्लादेश | 2 | 1 | 1 | 2 | 0.075 | 0 |
| नीदरलैंड | 2 | 1 | 1 | 2 | 0.024 | 0 |
| नेपाल | 2 | 0 | 1 | 1 | -0.539 | 1 |
| श्रीलंका | 3 | 0 | 2 | 1 | -0.777 | 1 |



# नामीबिया को हराकर ऑस्ट्रेलिया सुपर आठ में

नॉर्थ साउंड, एजेंसी

एडम जम्पा 12 रन पर चार विकेट के कहर के बाद डेविड वार्नर (20) और ट्रेविस हेड (34) की तूफानी पारियों के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने टी-20 विश्वकप के 24वें मुकाबले में महज 34 गेंदों में लक्ष्य हासिल सकते हुए नामीबिया को रिकार्ड नौ विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ने सुपर आठ में प्रवेश कर लिया है। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और उसे सही साबित करते हुए उसके गेंदबाजों ने नामीबिया की पूरी टीम को 17 ओवर में महज 72 रन पर समेट दिया।

नामीबिया की ओर से कप्तान एरार्ड इरास्मस ने सर्वाधिक 34 रन बनाए। माइकल वैन लिंगेन 10 रन बनाकर आउट हुए। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों के कहर के आगे नामीबिया का कोई भी बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सका। ऑस्ट्रेलिया की ओर से ऐडम जम्पा ने चार विकेट लिये। जॉश हेजलवुड और मार्कस स्टॉयनिस को दो-दो विकेट मिले। पैट कमिंस और नेथन एलिस ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। 73 रनों के छोटे लक्ष्य के जवाब में ऑस्ट्रेलिया की डेविड वॉर्नर और ट्रैविस हेड की सलामी जोड़ी ने तूफानी अंदाज में शुरुआत की। इसी दौरान दूसरे ओवर की चौथी गेंद पर डेविड वीजा ने वॉर्नर को रुबेन ट्रंपलमन के हाथों कैच आउट करा दिया। वॉर्नर ने आठ गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए 20 रन बनाए। वहीं ट्रैविस हेड ने 17 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के लगाते हुए नाबाद 34 रनों की पारी खेली। कप्तान मिचेल मार्श नौ गेंदों में 18 रन बनाकर नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलिया ने 5.4 ओवर में एक विकेट पर 74 रन बनाकर नौ विकेट से मुकाबला जीत लिया।



जीत के बाद प्रतिद्वंद्वी टीम को सराहते कप्तान मार्श और ट्रैविस हेड। ● एजेंसी



मैच रद होने के बाद दर्शकों का अभिवादन करती नेपाल की टीम। ● एजेंसी

# बारिश के कारण श्रीलंका और नेपाल का मुकाबला हुआ रद

लॉडरहिल, एजेंसी

श्रीलंका और नेपाल के बीच होने वाला टी-20 विश्वकप का 23वां मैच बारिश के कारण रद कर दिया गया। बारिश के कारण मैच का टॉस भी नहीं हो सका।

अंपायरों ने भारी बारिश को देखते हुए मैच रद करने का निर्णय लेते हुए दोनों टीमों के बीच एक-एक अंक बांट दिए। रद हुए मैच के कारण श्रीलंका पर टूर्नामेंट से बाहर होने का खतरा मंडराने लगा है। श्रीलंका ग्रुप डी में तीन मैचों में दो हार एक रद के साथ अंक तालिका में एक अंक साथ सबसे निचले पायदान पर है। बारिश के कारण मैच रद होने से श्रीलंका सुपर-8 में प्रवेश मुश्किल हो गया। उसे अगले दौर में प्रवेश के लिए दूसरे देशों की टीम के मुकाबलों पर निर्भर रहना होगा।

# दूसरे दौर में पहुंचे एचएस प्रणय

सिडनी, एजेंसी

**ऑस्ट्रेलियन ओपन**



भारत के स्टार शटलर एचएस प्रणय ने बुधवार को पुरुष एकल मुकाबले में ब्राजील के यगोर कोएलो को हराकर ऑस्ट्रेलियन ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया। विश्व बैडमिंटन रैंकिंग में 10वें स्थान पर काबिज प्रणय ने बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 प्रतियोगिता में अपने राउंड ऑफ 32 मैच में दुनिया के 49वें नंबर के खिलाड़ी ब्राजील के यगोर कोएलो को 47 मिनट तक चले मुकाबले में सीधे सेट में 21-10, 23-21 से हराया।

इस जीत के साथ भारत के शीर्ष शटलर प्रणय राउंड ऑफ 16 में दुनिया के 53वें नंबर के खिलाड़ी इजरायल के मिशा जिल्बरमैन से भिड़ेंगे। जिल्बरमैन ने इससे पहले भारत के अभिषेक येलिगर को 21-9, 21-15 से हराया था। इस बीच किरण जॉर्ज ने शुरुआती दौर में कनाडा की शियाओडोंग शेंग को 21-17, 21-10 से हराया और अगले मैच में उनका मुकाबला जापान की सातवीं वरीयता प्राप्त केंटा निशिमोटो से होगा। मिथुन मंजूनाथ को इंडोनेशिया के अल्वी फरहान से 21-17, 21-17 से हार का स्वाद चखना पड़ा है। महिला एकल में आठवीं वरीयता प्राप्त आकर्षि कश्यप ने पहले दौर में यूक्रेन की पोलिना बुहरोवा को सीधे सेटों में 21-14, 21-11 से हराया।

आकर्षि का दूसरे दौर में ऑस्ट्रेलिया की काई क्यू तेओह से मुकाबला होगा। वहीं हमवतन केयूरा मोपाती को 21-10, 21-18 से हराने वाली मालविका बंसोड़ इंडोनेशिया की सातवीं वरीयता प्राप्त एस्टर ट्राई वार्डोयो से मुकाबला होगा। अनुपमा उपाध्याय ने भी मलेशिया की वोंग लिंग चोंग को 47 मिनट में चले मुकाबले में 21-14, 23-21 से हराया। राउंड ऑफ 16 में उनका मुकाबला इंडोनेशिया की छठी वरीयता प्राप्त पुत्री कुसुमा वर्दानी से होगा।

# रोनाल्डो के दो गोल से पुर्तगाल ने आयरलैंड को हराया



**लिस्बन।** स्टार स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के दो गोल की मदद से पुर्तगाल ने यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप के अभ्यास मैच में आयरलैंड को 3-0 से पराजित करके अपनी तैयारी का सबूत पेश किया। पुर्तगाल की तरफ से जोआओ फेलिक्स ने पहला गोल किया। इसके बाद 39 वर्षीय रोनाल्डो ने दूसरे हाफ में दो गोल दागे। यूरोपीय चैंपियनशिप के अपने पहले मुकाबले में पुर्तगाल का सामना अगले मंगलवार को लीपजिग में चेक गणराज्य से होगा। इसके बाद वह ग्रुप एफ में तुर्की और जॉर्जिया से भी खेलेगा। रोनाल्डो पिछले सप्ताह फिनलैंड और क्रोएशिया के खिलाफ मैत्री मैचों में नहीं खेले थे। आयरलैंड के खिलाफ रोनाल्डो के पास 22वें मिनट में फ्री किक पर गोल करने का मौका था लेकिन वह चूक गए। इसके बाद उन्होंने 50वें और 60वें मिनट में गोल किए।

### द. कोरिया से हारा चीन लेकिन विश्व कप की उम्मीदें कायम

**सियोल।** चीन ने दक्षिण कोरिया से 0-1 हारने के बावजूद 2026 में होने वाले फीफा विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रवेश करने की अपनी उम्मीद जीवंत राखी। चीन विश्व कप क्वालीफाइंग के तीसरे दौर में प्रवेश करने में सफल रहा क्योंकि थाईलैंड एक अन्य मैच में सिंगापुर को 3-1 से ही हरा पाया। थाईलैंड को आगे बढ़ने के लिए इस मैच में 3-0 से जीत की जरूरत थी। दक्षिण कोरिया एशियाई क्वालीफाइंग के ग्रुप सी में शीर्ष पर रहा और इस तरह से उसने लगातार 11वीं बार विश्व कप में जगह बनाने की तरफ मजबूती से कदम बढ़ाए।

# कतर के विवादास्पद गोल की जांच हो : एआईएफएफ

नई दिल्ली, एजेंसी

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने मैच आयुक्त को शिकायत करके दोहा में विश्व कप क्वालीफाइंग के अपने महत्वपूर्ण मुकाबले में कतर को विवादास्पद गोल देने की जांच की मांग की है। एआईएफएफ के सूत्रों ने बताया कि उन्होंने गोल की गहन जांच की मांग है।

मंगलवार को जस्सिम बिन हमाद स्टेडियम में करो या मरो के मुकाबले में भारत की 1-2 की हार के दौरान रैफरी किम वू सुंग ने गोल को स्वीकृति दी थी जबकि इससे पहले ही गेंद खेल के मैदान से बाहर जा चुकी थी। इस गोल पर काफी विवाद हुआ क्योंकि इसने 2026 के टूर्नामेंट के लिए भारत को पहली बार फीफा विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में प्रवेश से वंचित कर दिया। मैच के 73वें मिनट में अब्दुल्लाह अलाहरक की फ्री किक पर यूसेफ आयमेन ने हेडर लगाने का प्रयास किया जिसे भारतीय कप्तान और गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू ने रोक दिया। गुरप्रीत हालांकि मैदान पर गिर गए और इस दौरान गेंद खेल के मैदान से बाहर चली गई। हाशमी हुसैन किक मारकर गेंद को दोबारा खेल के मैदान में ले आए और आयमेन ने गोल कर दिया। गेंद के खेल के मैदान से बाहर जाने के कारण खेल रोका जाना चाहिए था।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

**आज का मौसम**

पूरे दिन तेज धूप रहेगी। मौसम में उमस की संभावना।

44.7° अधिकतम तापमान | 34.4° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05 : 16 | सूर्यास्त 06 :57

## प्रदेश में पर्यटन का केंद्र बनेगा रानीपुर टाइगर रिजर्व

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** प्रदेश सरकार की रानीपुर टाइगर रिजर्व को ईको टूरिज्म के केंद्र में विकसित करने की मंशा है। यहां वन विभाग ने पर्यटक सुविधाओं को बढ़ाने की कार्ययोजना पर अमल करना शुरू कर दिया है। शुरुआती दौर में 38 लाख रुपये से लग्जरी टेंट एरिया, लॉन व पार्किंग बनाई जाएगी। इस संबंध में उप निदेशक रानीपुर टाइगर रिजर्व ने आदेश जारी कर दिए हैं।

गौरतलब है कि मानिकपुर से लगभग 15 किमी की दूरी पर स्थित 230 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला यह टाइगर रिजर्व पहले रानीपुर वन्य जीव अभयारण्य (कैमूर प्रभाग) के रूप में जाना जाता था। इसे केंद्र सरकार ने रानीपुर टाइगर रिजर्व का दर्जा दिया। यह प्रदेश का चौथा तथा देश का 53वां टाइगर रिजर्व है। इसकी दूरी मध्य प्रदेश के पन्ना टाइगर रिजर्व से मात्र 150 किमी है। टाइगर रिजर्व बनने के बाद से यहां बाघ के अतिरिक्त तेंदुआ, भालू, सांभर, हिरण, चिंकारा आदि दुर्लभ जंतुओं की संख्या में वृद्धि हुई है। प्रदेश सरकार ने इस क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाओं को पहचाना है।

रानीपुर टाइगर रिजर्व के विकास के तहत केंद्र सरकार कुछ मदों में 60 प्रतिशत व राज्य सरकार 40 प्रतिशत धनराशि देगी। अन्य मदों में केंद्र व राज्य सरकार 50-50 प्रतिशत धनराशि प्रदान करेंगी।



रानीपुर टाइगर रिजर्व की छटा।



अमृत विचार

- उप निदेशक रानीपुर टाइगर रिजर्व ने जारी किए आदेश

**38 लाख रुपये से वन विभाग कराएगा विकास**

**भूपेंद्र यादव ने किया था ट्वीट**

तत्कालीन केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने 31 अक्टूबर 22 को इस संबंध में ट्वीट किया था। बताया था कि रानीपुर टाइगर रिज़र्व देश का 53वां बाघ रिज़र्व बन गया है।

**बढ़ रही हैं आशाएं**

टाइगर रिजर्व के विकास को लेकर जिले में लोगों की आशाएं बढ़ी हैं। रानीपुर में स्थित 36 वर्ग किमी क्षेत्र में फैले 230 .32 वर्ग किमी. कोर क्षेत्र और 299 .05 वर्ग किमी. बफर क्षेत्र वाले टाइगर रिज़र्व में मूल रूप से बाघों के संरक्षण की बात है पर यहां दुर्लभ जंतु भी हैं। करीब 300 वर्ग किमी. का क्षेत्रफल इसमें और जोड़ा गया है।

**लग्जरी टेंट एरिया से निहारेंगे प्राकृतिक छटा**

योजना के मुताबिक, रानीपुर टाइगर रिजर्व में विशेष रूप से लग्जरी टेंट एरिया विकसित करना है। इससे यहां सुरक्षित स्थिति में पर्यटक प्राकृतिक छटा निहारेंगे और दुर्लभ जीव जंतुओं को भी देख सकेंगे। जंगल में सुविधाओं को भी मुहैया कराने की योजना है। इन कामों को पूरा करने के लिए आवेदन मांगे गए हैं जिसके जरिए कंपनी काम करेगी।

### एक नजर

**सड़क दुर्घटना में मां की मौत, बेटा घायल**

**चित्रकूट।** सड़क दुर्घटना में बाइकसवार महिला की मौत हो गई। उसका बेटा भी घायल हो गया। घटना रैपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम भौंरी के पास हुई। जानकारी के मुताबिक, बुधवार की सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग पर तेज रफ्तार वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। इससे भौरी निवासी शांति देवी (75) पत्नी शिवाकांत और उसका पुत्र धर्मेंद्र घायल हो गए। अस्पताल ले जाते समय शांति की मौत हो गई। धर्मेंद्र के पैर व कमर में गंभीर चोटें आईं, जिसे जिला अस्पताल से प्रयागराज रिफर किया गया है।

## ज्यादातर घरों के बड़े बेटे होते हैं बालश्रम करने वाले बच्चे

संवाददाता, मऊ (चित्रकूट)

- छोटी उम्र में उठाते हैं घर खर्च का बोझ

**अमृत विचार।** बाल श्रम निषेध दिवस पर बुधवार को युवाओं ने गोष्ठी कर इस मुद्दे पर विचार रखे। इनका कहना था कि ज्यादातर घरों के बड़े बेटे घरखर्च चलाने के लिए मजदूरी करने लगते हैं।

पत्रकार अभिनव राज त्रिपाठी ने कहा कि साल 2011 की जनगणना के मुताबिक, देश में पांच से 14 आयु वर्ग के एक करोड़ से भी ज्यादा बच्चे बाल श्रम की दलदल में धकेले गए हैं। इनकी संख्या बढ़ती जा रही है। बताया कि देश में बाल मजदूरों की सबसे बड़ी संख्या उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में हैं। यहां देश के बाल मजदूरों की कुल संख्या का लगभग 55 प्रतिशत है। इस सूची में उत्तर प्रदेश और बिहार सबसे ऊपर हैं। गोष्ठी में बताया गया कि कोई भी व्यक्ति अगर 14 साल से छोटे बच्चे से काम कराता है तो उसके खिलाफ बाल श्रम के विरुद्ध महत्वपूर्ण कानूनों में भारतीय दंड संहिता 1860, बंधुआ श्रम प्रणाली (उन्मूलन) अधिनियम 1976, बाल श्रम (निषेध और विनियमन) अधिनियम 1986, किशोर न्याय (देखभाल और संरक्षण) अधिनियम 2000 के तहत कार्रवाई हो सकती है। ऐसे में जरूरी है कि बच्चों ने श्रम न कराया जाए।

गोष्ठी में वरिष्ठ पत्रकार प्रफुल्ल चंद्र त्रिपाठी, पत्रकार पवन रस्तोगी, जावेंद्र पाण्डेय, विकास द्विवेदी, विपुल पांडेय, अखिल भारतीय सोशलिस्ट पार्टी के यूथ बिग्रेड जिलाध्यक्ष श्रेयांश बाजपेई, राजा शुक्ला, प्रकाश शुक्ला, हर्षित त्रिपाठी, डिस्टिक उर्फ प्रकाश निषाद आदि मौजूद रहे।

## साहब! भीषण गर्मी में भी नहीं मिल पा रहा पीने का पानी

### बरद्वारा के बाशिंदों ने डीएम से लगाई समस्या के समाधान की गुहार

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** चिलचिलाती गर्मी, उमस के बीच बरद्वारा गांव के लोग पेयजल की भारी किल्लत का सामना कर रहे हैं। लगातार आवाज उठाने के बाद भी जब किसी ने नहीं सुना तो बुधवार को गांव के बाशिंदे जिलाधिकारी की चौखट पर जा पहुंचे। गुहार लगाई कि पेयजल की समस्या का समाधान किया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि डीएम अभिषेक आनंद ने उनकी समस्या का जल्द निस्तारण करने का भरोसा दिया है।

गांववालों ने बताया कि वे लगभग तीन साल से पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। गांव में लगभग आधा दर्जन हैंडपंप खराब हैं। इसकी सूचना प्रधान और अधिकारियों को दी गई पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। गांव के सुयश प्रताप सिंह, कुलदीप सिंह, बालकृष्ण विश्वकर्मा, अनुराग, अमर सिंह आदि का यह भी कहना था कि जल जीवन मिशन के तहत गांव में कार्यदायी संस्था ने जल उपलब्ध कराना तो दूर, नलों में टोंटी तक नहीं लगाई है।

खोदे गए रास्तों को भी नहीं ठीक कराया गया है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से इस संबंध में कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश देकर पेयजलापूर्ति व्यवस्था दुरुस्त कराने और सड़कों को ठीक कराने की गुहार की है।



पाइपलाइन डालने के लिए खोदी गई सड़क का हाल। अमृत विचार



गांव में खराब पड़े हैंडपंप।

## दबंग पर लगाया धमकी देने का आरोप

**चित्रकूट।** पहाड़ी थानांतर्गत ममसी बुजुर्ग निवासी साधना देवी पत्नी श्रीकेश सिंह ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर गांव के एक व्यक्ति पर उसे घर छोड़कर गांव से बाहर जाने की धमकी देने का आरोप लगाया है। उसका आरोप है कि यह उसके ससुर, पति और बेटी की हत्या कर चुका है। अब वह उसे धमकी दे रहा है। वह उसे घर का निर्माण भी नहीं कराने दे रहा।

## इस्मालिक आतंकवाद का पुतला फूंका

**चित्रकूट।** विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के तत्वाधान में बुधवार को युवाओं ने ट्रैफिक चौराहे में जम्मू-कश्मीर में हिंदू तीर्थयात्रियों की हत्या के विरुद्ध इस्लामिक आतंकवाद का पुतला दहन किया। दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष विहिप राजेंद्र त्रिवेदी, नीरज केशरवानी, सिद्धार्थ, अंकित, प्रणव, शिवेंद्र, विमल, सोनू मोदी, मृदुल, जितेंद्र, धर्मेंद्र, आलोक पांडेय आदि मौजूद रहे।

## सब्जी विक्रेता का बेटा बना सहायक सांख्यिकी अधिकारी

संवाददाता, मऊ (चित्रकूट)

- घर पर लगा बधाई देने वालों का तांता

**अमृत विचार।** एक सब्जी बेचने वाले के बेटे का यूपी पीसीएस में चयन हुआ है। वह सहायक सांख्यिकी अधिकारी बना है। युवक के घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा है।

बरगढ़ कस्बा निवासी आनंद केशरवानी सब्जी बेचकर परिवार का पेट पालते हैं। उनके बेटे प्रमोद का उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से जारी सूची में नाम देखकर परिजनों की खुशी का पारावार नहीं रहा। प्रमोद सहायक सांख्यिकी अधिकारी पद पर चयन हुआ है। प्रमोद के पिता के साथ उसके बड़े भाई विनोद भी सब्जी के ही कारोबारी हैं। छोटे भाई अरविंद की परचून की दुकान है। प्रमोद ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों के अलावा भाइयों प्रकाश चंद्र केशरवानी, विनोद व अरविंद को दी है। प्रमोद की प्रारंभिक शिक्षा नारायण दास अग्रवाल मेमोरियल स्कूल व आदर्श बाल विद्यालय से हुई। हाईस्कूल 2005 में राजकीय इंटर कालेज से उत्तीर्ण किया। आगे की शिक्षा प्रयागराज में की।



प्रमोद केशरवानी।

### भाभी के साथ मारपीट में देवर पर रिपोर्ट दर्ज

**कुरारा।** थाना क्षेत्र के कोतुपुर भौली गांव में भाभी के साथ गाली गलौज व मारपीट करने पर पीड़िता ने देवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। थाना क्षेत्र के कोतुपुर भौली गांव निवासी गीता पत्नी संतराम निषाद ने थाने में दी तहरीर में बताया कि मंगलवार को रात्रि साढे 8 बजे उसका देवर राम प्रकाश पुत्र बाबूराम आकर आकर गाली गलौज करने लगा। विरोध किया तो मारपीट करने लगा। लोगों के आने पर जान से मारने की धमकी देता हुआ भाग निकला। पीड़ित भाभी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मारपीट धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर किया है।

### सार-संक्षेप



राजस्व संबंधी कार्यों की समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

**मुख्यमंत्री करेंगे प्रगति की समीक्षा, राजस्व कार्यों में लाएं तेजी**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद सभी उप जिलाधिकारियों को स्वामित्व योजना, खसरा-खतौनी संबंधी कामों को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। डीएम ने बताया कि जल्द ही मुख्यमंत्री राजस्व कार्यो की समीक्षा करेंगे। ऐसे में सभी कामों में तेजी लाएं अधिक से अधिक कोर्ट में बैठें व मुकदमों का निस्तारण कराएं। बैठक में डीएम ने निर्देशित किया कि खरीफ और रबी फसली खतौनी में कम है इसे जल्द से जल्द ऑनलाइन कराएं। अंश निर्धारण में भी सुधार करें। इसके अलावा डीएम ने नक्शा संशोधन, धारा 116 के अंतर्गत लंबित वाद आदि की प्रगति की समीक्षा की। उप जिलाधिकारी मोहम्मद जसीम को निर्देशित किया कि न्यायालय में प्रतिदिन सुनवाई करें। सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि तीन से पांच वर्ष से लंबित मामलों को जल्द से जल्द समाप्त कराएं। धारा 80 के अंतर्गत जनता को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। आय, जाति, निवास संबंधी प्रमाणपत्रों को एक हफ्ते के अंदर बनाया जाए। इस अवसर पर एडीएम उमेश चंद्र निगम, एसडीएम कर्वी सौरभ यादव, मानिकपुर पंकज वर्मा, मऊ राकेश कुमार पाठक आदि मौजूद रहे।

## लगातार कम होता जा रहा है जिले में बसपा का जनाधार

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- ज्यादा मत पाने के बाद भी तीसरे नंबर पर टिके मयंक

**अमृत विचार।** इस बार के लोकसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी ने काफी सुर्खियां बटोरीं। इसकी वजह इस पार्टी का प्रत्याशी रहा। बसपा के प्रत्याशी को लेकर अन्य पार्टियों में बहुत ज्यादा उत्सुकता नजर आई और इसकी वजह यह रही कि ब्राह्मण समुदाय और खासतौर पर इस समुदाय के ज्यादातर युवाओं ने भाजपा के खिलाफ सोशल मीडिया पर खुलकर मुहिम सी छेड़ दी। इस समर्थन का असर यह रहा कि पिछले 20 सालों यानी चार लोकसभा चुनावों में इस बार के चुनाव में बसपा प्रत्याशी को सबसे ज्यादा वोट हासिल हुए। हालांकि वह तीसरे नंबर पर ही अटक गए।

भाजपा प्रत्याशी की घोषणा होने के बाद से ही ब्राह्मण समुदाय के एक बड़े वर्ग ने अपना असंतोष जाहिर करना शुरू कर दिया था। भाजपा के कई नेता अब दबी जुबान यह स्वीकार करते हैं कि इस असंतोष को पार्टी के दोएक नेताओं ने जहां खुलकर हवा दी तो वहीं कई नेता ऐसे भी रहे जो दिखावे में तो पार्टी प्रत्याशी के साथ रहे पर जड़ें खोदने में भी लगे रहे। भाजपा के बाद सपा का प्रत्याशी भी जब पटेल समुदाय से आया तो यह तय माना जाने लगा था कि बसपा इस बार ब्राह्मण प्रत्याशी पर दांव लगाएगी। खुद बसपा जिलाध्यक्ष शिवबाबू ने भी इस बात को माना था और फिर पार्टी ने नरैनी विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे पुरुषोत्तम नरेश द्विवेदी के बेटे मयंक द्विवेदी को बांदा-चित्रकूट लोकसभा सीट से प्रत्याशी घोषित कर दिया। मयंक के मैदान में आने से चुनाव तो रोचक हुआ पर वह पार्टी नेतृत्व की उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे। पार्टी समर्थकों को इस बात की मायूसी भी हाथ लगी कि मयंक तीसरे नंबर पर रहे। हालांकि उनको पिछले चुनावों की अपेक्षा ज्यादा वोट मिले। 2009 में पार्टी ने भाजपा छोड़कर आए भैरों प्रसाद मिश्रा को टिकट दिया था और उनको सपा प्रत्याशी आरके सिंह पटेल ने हराया था। भैरों को तब 2,06,355 वोट मिले थे। समय का फेर देखिए कि इसके अगले चुनाव में पार्टियां चाहे बदल गई हों पर प्रत्याशियों के नाम वही थे। भाजपा से भैरों प्रसाद मिश्र ने बसपा के आरके सिंह पटेल को शिकस्त दी। तब बसपा प्रत्याशी को 226278 मत मिले। अगले चुनाव यानी 2019 में गठबंधन की वजह से बसपा ने प्रत्याशी नहीं उतारा और गठबंधन से श्यामाचरण गुप्त मैदान में रहे। इस बार के चुनाव में बसपा प्रत्याशी चर्चा में तो जरूर रहा पर उसका प्रदर्शन आशानुरूप नहीं रह सका। पार्टी के प्रत्याशी मयंक द्विवेदी तीसरे स्थान पर रहे। उनके और उनके समर्थकों के लिए यह बात ही संतोषप्रद हो सकती है कि इस बार उनको पिछले बीस साल के चार या फिर कहा जाए कि तीन चुनावों में सबसे ज्यादा यानी 2,45,745 वोट प्राप्त हुए। हालांकि इस चुनाव से यह भी संकेत मिला कि जिले में बसपा का जनाधार और छीजता जा रहा है।

**दो बार रही रनर अप**

पिछले चार चुनावों का बीएसपी का रिकार्ड देखा जाए तो यह पार्टी के लोगों के लिए बहुत निराशाजनक नहीं कहा जाएगा। यह भी रोचक है कि जहां इस बार बसपा प्रत्याशी ने पिछले चुनावों की अपेक्षा ज्यादा वोट पाए तो वहीं इस बार को छोड़ दिया जाए तो दो चुनाव यानी 2009 और 2014 में पार्टी दूसरे नंबर पर रही। और एक बार 2019 के चुनाव में गठबंधन में होने की वजह से उसने अपना उम्मीदवार मैदान में नहीं उतारा।

**परंपरागत वोट पार्टी से छिटका**

जिले में चुनाव की समीक्षा करने वाले जानकार इस बात से इंकार नहीं करते कि इस बार के चुनाव में ब्राह्मण समुदाय के एक बड़े वर्ग ने बसपा प्रत्याशी का समर्थन किया। पर यह पार्टी के लिए संतोष की बात नहीं होनी चाहिए। पार्टी का कोर वोट यानी अनुसूचित जाति और पिछड़े वर्ग की कई जातियों का मत इससे छिटकता जा रहा है, यह चुनाव परिणाम यह साबित भी करता है। राजनीति के जानकार यह कहते हैं कि भाजपा ने इस वर्ग के लिए तमाम कल्याणकारी योजनाएं चलाकर इस वर्ग को लाभार्थी वर्ग के रूप में विकसित कर लिया है।

**आयोजन** | राजकीय संप्रेषण गृह में बाल श्रम निषेध दिवस पर बताए गए कानून

## प्रतिष्ठानों में काम करते चार किशोर चिह्नित

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** राजकीय संप्रेषण गृह (किशोर) में बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस का आयोजन किया गया। इसमें बाल श्रम संबंधी कानूनों की जानकारी दी गई। उधर बाल किशोर श्रम उन्मूलन टास्क फोर्स ने प्रतिष्ठानों, होटलों आदि में छापेमारी की और चार बच्चों को चिह्नित किया। इनको पढ़ाई लिखाई करने की हिदायत दी गई। इन प्रतिष्ठानों के मालिकों पर कानूनी कार्रवाई की गई।

राजकीय संप्रेषण गृह में हुए कार्यक्रम में सहायक अधीक्षक वीर सिंह ने आवासित संवासियों को बाल श्रम की हानियों से अवगत कराया। परामर्शदाता दीपक शर्मा ने कानून बताए। संचालन करते हुए योगाचार्य संजय कुमार ने संवासियों को अनुशासन में रहने तथा अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। सामाजिक कार्यकर्ता अर्जुन यादव ने भी बाल श्रम निषेध दिवस के बारे में बताया। इस मौके पर सह परिवीक्षा अधिकारी अंजना पोडवाल, सदस्य किशोर न्याय बोर्ड लवलेश यादव, लवकुश कुमार, अशोक कुमार, राहुल, अक्षय कुमार आदि मौजूद रहे। उधर, जिलाधिकारी द्वारा गठित बाल किशोर श्रम उन्मूलन टास्क फोर्स ने होटल, ढाबा, कारखानों आदि में छापेमारी कर चार बच्चों को चिह्नित किया, जिनकी आयु 18 वर्ष से कम थी। इनको पढ़ाई करने की हिदायत देकर छोड़ा गया। इन प्रतिष्ठानों के मालिकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। टीम में बाल संरक्षण अधिकारी डा. सौरभ सिंह बाल संरक्षण अधिकारी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी राजेश द्विवेदी, बाल कल्याण समिति के राजेश दुबे, कांस्टेबल सुशील कुमार व त्रिभुवन सिंह शामिल रहे।





बाल श्रम अभियान के तहत पड़ताल करते अधिकारी। अमृत विचार

## नगर पंचायत मऊ के विकास पर चर्चा

**चित्रकूट।** डीएम अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में बीते दिनों हुई बैठक में पं. दीनदयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023 -24 के लिए चयनित नगर पंचायत मऊ की कार्ययोजना पर चर्चा हुई। अधिशासी अधिकारी बालकृष्ण गौतम ने बताया कि विभिन्न वार्डों की सड़क और नाली को बनाया जाना है। डीएम ने बारात घर, पार्क, लाइट आदि पर फोकस करने के निर्देश दिए। उन्होंने एसडीएम राकेश कुमार को निर्देशित किया कि पार्क के लिए जमीन चिह्नित करें। ईओ से निर्देश दिए कि जल्द से जल्द एस्टीमेट बनाकर शासन को भेजें। एडीएम उमेश चंद्र निगम आदि अधिकारी मौजूद रहे।


**कार्यालय सहायक विकास अधिकारी (पं०), चित्रकूटधाम कर्वी (चित्रकूट)**

पत्रांक– 364/पं0–7/पं0स0 /चयन/विज्ञप्ति/2024–25 दिनांक– 11/6/2024

**विज्ञप्ति**

निदेशक पंचायतीराज उत्तर–प्रदेश के पत्र संख्या 06/855/2022–6/2023/2022–23 लखनऊ दिनांक 07.06.2024 के क्रम में विकासखण्ड चित्रकूटधाम कर्वी की निम्नांकित ग्राम पंचायतों के लिये पंचायत सहायक / एकाउण्टेन्ट कम डाटा इन्ट्री आपरेटर के रिक्त पदों पर तैनाती किये जाने हेतु दिनांक 12.06.2024 से दिनांक 14.06.2024 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। अभ्यार्थी जिनकी आयु 18 से 40 वर्ष के मध्य हो. जो न्यूनतम इण्टर पास हो एवं उसी ग्राम पंचायत के निवासी होना आवश्यक है।

| क्र. सं. | ग्राम पंचायत | पदों का आरक्षण |
|---|---|---|
| 1 | शीतलपुर तरौहा | पिछड़ा वर्ग |
| 2 | तराव | अनारक्षित |
| 3 | चिल्लामाफी | अनारक्षित |
| 4 | छपरामाफी | अनारक्षित |
| 5 | छिपनीबाहरखेडा | स्त्रियां |
| 6 | दुबारी | अनारक्षित |
| 7 | दुगवों | अनारक्षित |
| 8 | मछरिहा | अनारक्षित |
| 9 | सकरौली | पिछड़ा वर्ग की स्त्रियां |
| 10 | सपहा | पिछड़ा वर्ग |
| 11 | सेमरियाचरनदासी | पिछड़ा वर्ग |
| 12 | टिटिहरा | स्त्रियां |
| 13 | रेहुटा | अनारक्षित |
| 14 | शिवरामपुर | स्त्रियां |
| 15 | दहिनी | पिछड़ा वर्ग |
| 16 | गोबरियाबुजुर्ग | पिछडा वर्ग |

आवेदन की प्रकिया– ग्राम पंचायतवार व वर्गवार अवशेष एवं आवेदन पत्र का प्रारूप पंचायतीराज की वेबसाइट www-panchayatirajup-nic.in पर उपलब्ध है। निर्धारित आवेदन के प्रारूप पर समस्त सूचनायें अभ्यार्थी दिनांक 30.06.2024 तक अपने आवेदन पत्र, जिला पंचायतराज अधिकारी कार्यालय, विकासखण्ड कार्यालय एवं ग्राम पंचायत कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से अथवा रजिस्टर्ड डाक से जमा कर सकते हैं। समस्त चयन प्रक्रिया शासनादेश संख्या–42/2021/1235/33–3–2021–989, दिनांक– 25.07. 2021 के दिये गये प्राविधानों के अनुरूप संचालित होगी।

**सहायक विकास अधिकारी (पं0)**
चित्रकूटधाम कर्वी

# ठंडा पानी न मिलने पर परीक्षार्थियों ने किया विरोध प्रदर्शन, नारेबाजी

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- प्राचार्य को ज्ञापन सौंपकर वाटर कूलर लगाने की मांग
- छात्र-छात्राओं को प्यास बुझाने के लिए भटकना पड़ता है

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी के बीच पंडित जेएन महाविद्यालय में चल रहीं सेमेस्टर परीक्षाओं के दौरान ठंडा पानी न मिलने पर नाराज छात्र-छात्राओं ने प्राचार्य कक्ष के बाहर विरोध-प्रदर्शन किया। आक्रोशित छात्रों ने प्राचार्य को ज्ञापन सौंपकर महाविद्यालय परिसर में तत्काल वाटर कूलर लगाए जाने की मांग की। चेतावनी दी कि वाटर कूलर न लगाया गया तो उग्र प्रदर्शन किया जाएगा।

छात्र नेता शैलेंद्र वर्मा के नेतृत्व में जेएन कॉलेज के प्राचार्य को दिए गए ज्ञापन में कहा है कि वर्तमान समय में प्रचंड गर्मी के बीच परीक्षाएं चल रही हैं और परीक्षा दे रहे छात्रों के लिए महाविद्यालय में शुद्ध शीतल पेयजल की कोई भी व्यवस्था नही है, जिससे छात्र-छात्राओं को अपनी प्यास बुझाने के लिए इधर, उधर भटकने के साथ ही गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन के माध्यम से छात्र नेताओं ने प्राचार्य से मांग की है कि महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं की जरूरत को ध्यान में रखते हुए ठंडा पानी के लिए वाटर कूलर की व्यवस्था शीघ्र की जाए, अन्यथा की स्थिति में आक्रोशित छात्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि छात्र-छात्राओं द्वारा दी जाने वाली शुल्क कॉलेज प्रशासन व कुल सचिव की जेब भरने के लिए नहीं होती, बल्कि महाविद्यालय में छात्र हित में व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए होती हैं। प्राचार्य को ज्ञापन देने में छात्र नेता साजिद डॉलर, योगेंद्र पाल, शिवा शुक्ला, सचिन वर्मा, दिव्यांशु त्रिपाठी, मुस्कान, कोमल, लक्ष्मी, काजल, प्रिया व स्नेहा सहित अनेक छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।


प्राचार्य को ज्ञापन सौंपते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

## दो लोगों ने फांसी लगा कर की खुदकुशी

**बांदा।** तिंदवारी थाना क्षेत्र के अमलीकौर गांव के मजरा बगदरा डेरा निवासी भेली (32) पुत्र बचनी ने मंगलवार की शाम कमरे के अंदर धंनी मे रस्सी से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। कुछ देर बाद मां मूर्ति देवी ने उसका शव फंदे पर लटकता देखा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पड़ोसी अंबिका प्रसाद ने बताया कि वह गांजा और शराब का आदी था। वह मजदूरी करता था। कुछ दिनो से उसका मानसिक संतुलन ठीक नहीं था। इसी के चलते उसने फांसी लगा कर खुदकुशी कर लिया। उधर, मर्का थाना क्षेत्र के मटेहना गांव निवासी सोनू (28) पुत्र शारदा प्रसाद तीन माह से कमासिन के बांसी रोड में किराए के मकान में रहकर ई-रिक्शा चलाता था। मंगलवार की दोपहर कमरे के अंदर रस्सी से पंखा की हुक पर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव फंदे पर लटकता देखा। चचेरे भाई दीपक ने बताया कि वह ई रिक्शा चलाता था।

# पालिका करवाएगी डेढ़ करोड़ के विकास कार्य

कार्यालय संवाददाता,बांदा

- नाले-नालियां और सड़कों का बिछाया जाएगा जाल
- गरीबों व मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए बनेगा मैरिज हाल

**अमृत विचार।** गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों की दिक्कतों को देखते हुए नगर पालिका परिषद ने अब शहर में एक मैरिज हाल बनाने का फैसला लिया है। शहर के चिल्ला रोड में बनने वाले मैरिज हाल की बुकिंग के लिए महज 51 सौ रुपए की धनराशि अदा करनी होगी। इसके अलावा पालिका शहर में सड़कों और नाले-नालियों के दुरुस्तीकरण का काम भी तेज करने जा रही है। करीब डेढ़ करोड़ की लागत से शहर में विभिन्न विकास कार्यों को पूरा कराया जाएगा।

नगर पालिका अध्यक्ष मालती गुप्ता बासू ने सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी और अधिशासी अधिकारी नीलम चौधरी की संस्तुति के बाद सभासदों की कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया। चेयरमैन के प्रतिनिधि अंकित बासू ने बताया कि शहरी क्षेत्र में घरों में पर्याप्त जगह न होने के कारण लोगों को मैरिज हालों का सहारा लेना पड़ता है, लेकिन महंगाई के दौर में गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों पर मैरिज हाल की महंगी बुकिंग एक अतिरिक्त भार बन जाती है। ऐसे में गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को राहत दिलाने के लिए नगर पालिका शहर के चिल्ला रोड में बारातियों व घरातियों के ठहरने की व्यवस्था और वैवाहिक जरूरतों के अनुसार एक मैरिज हाल बनाने जा रही है। बताया कि मैरिज हाल की बुकिंग के लिए महज 51 सौ रुपए अदा करने होंगे।

प्रतिनिधि ने बताया कि इसके अलावा आवास विकास में स्थित सिंचाई विभाग की नहरिया को नाले का रूप देते हुए उसका सुदृढ़ीकरण कराया जाएगा, जबकि शहर के बिजलीखेड़ा, गायत्रीनगर, स्वराज कालोनी आदि मोहल्लों में नाला और क्योटरा, स्वराज कालोनी, गायत्री नगर, झील का पुरवा, मढियानाका, शांति नगर, इंदिरा नगर समेत कई मोहल्लों में सीसी सड़कें प्रस्तावित की गई हैं जिनका काम शीघ्र ही शुरू होगा और जनता को इनका लाभ मिल सकेगा। जबकि शहर के आवास विकास मोहल्ले में 35 लाख की लागत से एक अत्याधुनिक पार्क का निर्माण कराया जाएगा। जिसमें बुजुर्गों, महिलाओं के सुबह शाम टहलने के साथ ही बच्चों के मनोरंजन की सभी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

चेयरमैन प्रतिनिधि श्री बासू ने बताया कि शहर के विकास के लिए करीब डेढ़ करोड़ की कार्ययोजना को अंतिम रूप दे दिया गया। जल्द ही काम शुरू कराया जाएगा। बैठक में सभासद राममिलन तिवारी, राकेश गुप्ता दद्दू, राम प्रसाद सोनी, योगेंद्र कुमार योगी समेत नगर पालिका के तमाम सभासद मौजूद रहे।


कार्ययोजना को अंतिम रूप देते चेयरमैन प्रतिनिधि। अमृत विचार

**51 सौ रुपए में होगी मैरिज हाल की बुकिंग**

# बिजली संकट पर विधायक ने अफसरों के कसे पेच

## भीषण गर्मी के बीच हो रही बिजली की अघोषित कटौती से हलकान है शहर के लोग, कार्रवाई की चेतावनी

कार्यालय संवाददाता,बांदा

- बैठक में सदर विधायक ने अफसरों को लगाई फटकार
- तीन दिन के अंदर व्यवस्था सुधारने के दिए निर्देश

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी के बीच हो रही अंधाधुंध बिजली कटौती इन दिनों कोढ़ में खाज की तरह साबित हो रही है। जहां एक ओर आसमान से आग बरस रही है, वहीं बिजली कटौती से लोगों का घरों में रहना भी दूभर हो रहा है। हालांकि जनता की शिकायतों पर दक्षिणांचल विद्युत निगम के प्रबंध निदेशक ने दो दिनों तक यहां रुक कर व्यवस्था को परखा था और मातहतों को बिजली समस्या दूर करने की सख्त हिदायत दी थी। लेकिन उनके जाते ही बिजली व्यवस्था फिर से पुराने ढर्रे पर उतर आई और लोगों को महज 10 से 12 घंटे ही बिजली उपलब्ध हो पा रही है। ऐसे में सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी का पारा चढ़ गया है और उन्होंने अफसरों की बैठक करके उन्हें व्यवस्था सुधारने की सख्त हिदायत दी। कहा है कि तीन दिनों के अंदर शहर की विद्युत आपूर्ति दुरुस्त हो जानी चाहिए, अन्यथा की स्थिति में विभागीय अफसरों को कड़ी कार्रवाई से गुजरना होगा।

जनसरोकार व जनसमस्याओं के प्रति हमेशा संवेदनशील रहने वाले सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने अब विद्युत विभाग के अफसरों के खिलाफ मोर्चा संभाल लिया है। उन्होंने शहर में हो रही अंधाधुंध बिजली कटौती पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए अभियंताओं को जमकर फटकार लगाई। कहा कि जनता के प्रति रवैया सुधारने के साथ ही तीन दिन के अंदर शहर की विद्युत आपूर्ति दुरुस्त हो जानी चाहिए। मंगलवार की शाम सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने अपने कैंप कार्यालय में विद्युत विभाग के अफसरों की एक बैठक बुलाई। जिसमें मुख्य अभियंता आरिफ अहमद, अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंता प्रकाशदेव पांडेय समेत नगरीय क्षेत्र के सभी उप खंड अधिकारी और अवर अभियंता शामिल रहे। सदर विधायक ने आरडीएसएस योजना के तहत काम कर रही ल्यूमिनो इंडस्ट्रीज के अधिकारियों को खूब फटकारा और कार्यशैली में सुधार लाने के साथ ही मानक व गुणवत्ता के अनुरूप काम करने की सख्त हिदायत दी। कहा कि किसी भी प्रकार की हीलाहवाली बर्दास्त नहीं की जाएगी। कहा कि आम जनता की शिकायतों को सुनने के साथ उनका समुचित निस्तारण कराना जाना चाहिए, ताकि आम जनता में सरकार की छवि धूमिल न हो। लेकिन विद्युत विभाग के अफसर जनता तो दूर जनप्रतिनिधियों के फोन भी नहीं उठाते। विधायक ने अफसरों को उपभोक्ताओं के फोन उठाकर उन्हें संतोषजनक जवाब देने की नसीहत दी।


विद्युत अभियंताओं की बैठक लेते सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी। अमृत विचार

**शहर को जल्द मिलेंगे दो विद्युत सबस्टेशन**

- सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने बताया कि शहर की विद्युत आपूर्ति को दुरुस्त करने के लिए वह शासन स्तर पर प्रयासरत हैं। उनके प्रयास से शहर के जहीर क्लब और नवाब टैंक अतर्रा रोड में दो विद्युत सब स्टेशन प्रस्तावित हैं। जिनकी वित्तीय व प्रशासनिक स्वीकृति जल्द ही शासन से मिल जाएगी। उन्होंने मुख्य अभियंता को नवीन मोहल्लों में विद्युतीकरण के लिए बिजलेस प्लान के तहत भेजे गए प्रस्ताव शीघ्र स्वीकृत कराने और विद्युतीकरण का काम तेजी से पूरे कराने की हिदायत दी। कहा कि बिजली-पानी लोगों की मूलभूत सुविधाओं में शामिल है। ऐसे में यह सुविधाएं लोगों तक पहुंचाना शासन-प्रशासन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है और इसे हर हाल में पूरा करना होगा।

## परिजनों को बेहोश कर महिला प्रेमी के साथ गई

**नरैनी।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में बताया है कि उसकी बहू ने रात में गांव के दो युवकों के अलग-अलग मोबाइल नम्बरो से बात की और आधी रात के बाद गांव के एक ई-रिक्शा में कथित युवकों के साथ बैठकर चली गई। सुबह जब सोकर उठने पर देखा कि घर के कई ताले खुले पड़े थे। युवती की सास को जगाया तो वह बेहोशी की हालत में थी। पीड़ित ने बताया कि इसकी जानकारी तब हुई, जब उन्होंने गांव के ई-रिक्शा चालक से पूरी जानकारी की। ई-रिक्शा चालक ने बताया है कि उसने तीनो को अतर्रा रेलवे स्टेशन में उतारा है, जहाँ से तीनों ट्रेन में बैठकर कही चले गए हैं। पीड़ित ने बताया कि बहू ने घर के सभी लोगो को खाने में बेहोशी की दवा खिला दी थी, जिससे घर के सभी सदस्य रात भर बेहोश पड़े रहे। पीड़ित ने दो लाख रुपए नगद सहित घर में रखा सोने चांदी का जेवर ले जाने का आरोप लगाया है। कोतवाली प्रभारी सुरेश सैनी ने बताया कि तहरीर मिली गई है।

## सार-संक्षेप

### विधवा पेंशन लाभार्थी आधार लिंक कराएं

**बांदा।** जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि विधवा पेंशन के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में लाभार्थी महिलाओं को आधार बेस्ड प्रणाली के अंतर्गत लाभार्थी के आधार कार्ड से जुड़े खाता संख्या में डीबीटी पोर्टल के माध्यम से पेंशन भेजी जाएगी। जिन लाभार्थियों के बैंक खातों में आधार लिंक (केवाईसी) अपडेट नहीं है वह सभी लाभार्थी संबंधित बैंक शाखा जाकर अपने बैंक खाते में आधार लिंक अपडेट करा लें। वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम तिमाही की किस्त जनपद के समस्त लाभार्थियों को प्राप्त हो सके।

### युवक ने जहरीला पदार्थ खाया

**बांदा।** देहात कोतवाली क्षेत्र के निजामत पुरवा निवासी शरीफ (18) पुत्र छोटेलाल ने बुधवार की सुबह घरेलू किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर घरवालो को जानकारी हुई। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत चिंताजनक बताई गई है।

### ई रिक्शा पलटा, चालक हुआ घायल

**अतर्रा।** सवारियों को छोड़कर वापस लौट रहा ई रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया जिससे चालक गंभीर रूप से घायल हुआ है। कस्बे के डाकखाने के पास बजरंग नगर निवासी वीरु 18 पुत्र प्रह्लाद अपने ई रिक्शा में सवारियां लेकर हस्तम गांव गया था। सवारियों को छोड़ने के बाद वह वापस लौट रहा था। अतर्रा के बाहर बांदा रोड पर रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे वीरु गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया जहां उसका उपचार चल रहा है।

### करंट लगने से किसान की मौत

**बांदा।** देहात कोतवाली क्षेत्र के बड़ेहा गांव निवासी दिनेश सिंह (52) पुत्र टिर्रा सिंह बुधवार की सुबह पानी भरने के समर्सिबल चालू कर रहा था। तभी करंट की चपेट में आकर वह झुलस गया। घरवालो ने बिजली आपूर्ति बंद कर उसे करंट से अलग किया। गंभीर हालत में परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर आ रहे थे तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिजनो ने बताया कि दिनेश किसानी करता था। उसके हिस्से में 11 बीघा जमीन है। समर्सिबल चालू करते समय करंट लगने से मौत हो गई।

# ब्लैक स्पाट बनता जा रहा पीजी कॉलेज

संवाददाता, अतर्रा

**अमृत विचार।** पीजी कालेज ब्लैक स्पाट बनता जा रहा है। महाविद्यालय के पास दुर्घटनाओं में इजाफा हो रहा है। बेतरतीब ढ़ंग से सड़क पर खड़े हो रहे ई-रिक्शा बहुत कुछ जिम्मेदार हैं। जबकि प्रशासन छोटी घटनाओं से सबक न लेकर वह किसी बड़ी अनहोनी के इंतजार में है।

अतर्रा महाविद्यालय नेशनल हाईवे पर स्थित है। झांसी-मिर्जापुर एनएच पर वाहनों की आवाजाही पूरे समय बनी रहती है। कालेज में आने जाने वाले छात्र, अभिभावक व कर्मचारी अपनी बाइकें व अन्य वाहन खड़े कर देते हैं, जिससे रोड़ पर जगह की संकीर्णता बढ़ जाती है। सबसे बड़ी समस्या तब उत्पन्न होती है जब ई रिक्शा का जमावड़ा कालेज के बाहर लग जाता है और चालक बेतरतीब ढ़ंग से रिक्शा खड़ा करके नेशनल हाईवे को पूरी तरह से अवरूद्ध कर देते हैं। जिससे दुर्घटनाएं घटित होती हैं। समाजसेवी मंजुल मयंक द्विवेदी, अभिषेक गुप्ता, गोविंद उपाध्याय ने बताया कि ई रिक्शा चालक सड़क पर जहां तहां खड़े हो जाते हैं जिससे घटनाएं घटित होती है।पुलिस प्रशासन को चाहिए कि कालेज टाइम में यहां पर पुलिस पिकेट लगाए व ई रिक्शा चालकों पर नकेल कसे ताकि दुर्घटनाओं को रोका जा सके।


पीजी कॉलेज के बाहर वाहनों की धमाचौकड़ी। अमृत विचार

# बाल श्रम खत्म करने में गरीबी बड़ी समस्या

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- मनीपुर गांव में आयोजित हुआ जागरूकता कार्यक्रम
- बच्चों के शिक्षित होने पर ही देश का विकास संभवः जितेंद्र

**अमृत विचार।** स्वयंसेवी संस्था साथी यूपी के तत्वावधान में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस जागरूकता कार्यक्रम में ग्रामीणों को कानूनों और अधिकारों की जानकारी दी गई। संस्था जिला समन्वयक ने कहा कि बाल श्रम खत्म करने में सबसे बड़ी बाधा गरीबी है। सभी को जागरूक होना बहुत जरूरी है। जागरूकता से ही बाल श्रम को समाप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों समेत संस्था पदाधिकारियों व ग्राम प्रधान ने बाल श्रम रोकने की शपथ ली।

सदर तहसील क्षेत्र के मनीपुर गांव में बुधवार को स्वयंसेवी संस्था साथी यूपी ने अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस मनाते हुए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। संस्था जिला समन्यक जितेंद्र ने कहा कि पूरे विश्व में 12 जून को अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस मनाया जाता है।

बताया कि वर्ष 2016 में एक ऐसे कानून में सरकार ने संशोधन कर दिया कि बाल श्रम प्रथा पर बड़ी चोट हुई। इसमें प्रावधान किया गया कि 14 साल के नीचे का कोई बच्चा किसी भी कार्य में नियोजित नहीं होगा। पारिवारिक व्यवसाय में भी बच्चे को नहीं लगाया जा सकता। किसी कारखाने में 14 साल से नीचे का बच्चा कार्य नहीं कर सकता है। ऐसा करते पाए जाने पर संबंधित फर्म, दुकान मालिक पर 20 हजार रुपये जुर्माना और जेल जाना तय है। कहा कि बाल श्रम रोकने में गरीबी सबसे बड़ी समस्या है। बच्चे शिक्षा का विकल्प छोड़कर मजबूरी में मजदूरी करना चुनते हैं। फील्ड आफीसर ज्ञानदीप व रेखा ने कहा कि बच्चों को देश का भविष्य कहा जाता है। किसी भी देश के बच्चे अगर शिक्षित और स्वस्थ्य होंगे तो वह देश उन्नति और प्रगति करेगा। जेएसएफ राजेश और जन साथी आरती प्रजापति ने कहा कि आंकड़ों के अनुसार भारत में 2 करोड़ और अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार तो लगभग 5 करोड़ बच्चे बाल श्रमिक हैं।

जागरुकता कार्यक्रम में बच्चों ने भागीदारी करते हुए गीत तथा चित्रकला के माध्यम से अपने विचार व्यक्त किए। समापन पर सभी ने बाल श्रम रोकने की शपथ ली। इस मौके पर ग्राम प्रधान मीरा वर्मा, पंचायत सहायक अमित, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गरिमा देवी, सहायिका अरुणा सिंह, महिला एवं बाल कल्याण विभाग से राकेश यादव, रिसोर्स सेंटर फैसिलिटेटर गौतम, जन साथी फैसिलिटेटर राजेश, इंद्रजीत आदि उपस्थित रहे।


विश्व बालश्रम दिवस मनाते स्वयंसेवी संस्था के लोग। अमृत विचार

# पौधरोपण से पहले कराएं गड्ढा खोदाई का कार्य

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- जिले में इस वर्ष 65 लाख पौधे रोपने का लक्ष्य

**अमृत विचार।** जिला पौधरोपण समिति की बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों समेत नगर पालिका व नगर पंचायत अधिशासी अधिकारियों और संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर पौधरोपण कार्य की समीक्षा की। कहा कि पौधरोपण के लिए भूमि का चयन करते हुए गड्ढा खोदाई का कार्य समय से पूरा कर लिया जाए।

कलेक्ट्रेट स्थित महर्षि वामदेव सभागार में सीडीओ वेद प्रकाश मौर्य की अध्यक्षता में बुधवार को जिला पौधरोपण समिति की बैठक हुई। सीडीओ ने कहा कि खंड विकास अधिकारी ग्राम प्रधानों व ग्राम पंचायत अधिकारियों के साथ पौधरोपण को लेकर बैठक करें। बड़े ग्रामीण मार्गों के किनारे गौशालाओं तथा विद्यालयों एवं नदियों तालाबों के किनारे वृक्षारोपण के लिए स्थान चिह्नित किए जाएं। बताया कि लगभग 65 लाख पौधरोपण का लक्ष्य इस वर्ष रखा गया है। इसमें 25.51 लाख पौधरोपण वन विभाग करेगा जबकि 39.27 लाख पौधे जनपद के अन्य विभागों द्वारा लगाए जाएंगे। ग्राम पंचायत नोडल इकाई के रूप में कार्य करेगी। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पौधरोपण के लिए 17 पौधशाला हैं। इनमें से 66 लाख से अधिक पौध को तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास विभाग एवं पंचायत राज विभाग सहित अन्य विभागों की वृक्षारोपण में महत्वपूर्ण भूमिका है। बैठक में एडीएम राजेश कुमार, एडीएम (न्यायिक) अभिताभ यादव, पीडीडीआरडीए, डीसी मनरेगा, जिला विकास अधिकारी, खंड विकास अधिकारी आदि रहे।

## युवक को मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज।** ग्राम बिलंदपुर निवासी मुख्तियार खान ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 12 जून की सुबह लगभग 10 बजे गांव के मोहसिन, सुफियान, आसिफ व शमीम रंजिश को लेकर उसके दरवाजे पर आए और गालीगलौज की। मना करने पर उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया।

## करंट से युवक झुलसा

**सौरिख।** करंट से युवक झुलस गया। उसे सीएचसी से तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। गढ़िया गांव का प्रांजुल पुत्र विष्णुकांत बुधवार दोपहर 12 बजे गांव में लगे ट्रांसफार्मर के फेस सही कर रहा था। तभी बिजली आ जाने से वह करंट की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गया। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सौरिख भर्ती कराया जहां से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

**समाधान** डीएम के निरीक्षण में मिली थीं खामियां, बैठक कर निजी अल्ट्रासाउंड संचालकों का बनाया था रोस्टर

# निजी अल्ट्रासाउंड संचालक देंगे जिला अस्पताल में सेवाएं

कार्यालय संवाददाता,बांदा

- डीएम ने रोस्टर के अनुसार सेवाएं देने की दी हिदायत
- दूर होगी चिकित्सकों और रेडियोलॉजिस्टों की कमी

**अमृत विचार।** जिला अस्पताल में चिकित्सकों और रेडियोलाजिस्टों की कमी को पूरा करने के लिए जिलाधिकारी ने निजी अल्ट्रासाउंड केंद्र संचालकों का रोस्टर तैयार करवाया है और उन्हें रोस्टर के अनुसार जिला अस्पताल में अपनी सेवाएं उपलब्ध कराने की हिदायत दी है। डीएम ने पिछले दिनों अल्ट्रासाउंड केंद्रों के संचालकों के साथ बैठक कर आमजन की समस्याओं को दूर करने का हवाला दिया था। कहा था कि सभी चिकित्सकों और रेडियोलाजिस्टों ने जनहित में जिला अस्पताल में अपनी सेवाएं देने की सहमति दे दी है।

शुक्रवार को जिला अस्पताल का निरीक्षण करने के बाद शनिवार को जिलाधिकारी दुर्गाशक्ति नागपाल की अध्यक्षता में पंजीकृत अल्ट्रासाउंड केंद्र संचालकों की बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी चिकित्सकों और निजी अल्ट्रासाउंड केंद्र संचालकों के समक्ष जिला अस्पताल में चिकित्सकों और रेडियोलाजिस्टों की कमी का हवाला देते हुए उनसे सहयोग की अपेक्षा की थी । जिस पर सभी निजी अल्ट्रासाउंड केंद्र संचालकों ने सहमति जताते हुए अपनी स्वेच्छा से जिला पुरुष एवं महिला चिकित्सालय में अपनी सेवाएं देने की बात कही। मुख्य चिकित्साधिकारी डा.एके श्रीवास्तव के निर्देशन में चिकित्सकों और रेडियोलाजिस्टों के जिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड से संबंधित सेवाएं देने के लिए रोस्टर तैयार किया गया।

जिलाधिकारी और मुख्य चिकित्साधिकारी ने अल्ट्रासाउंड संचालकों को रोस्टर के मुताबिक सेवाएं उपलब्ध कराने की हिदायत दी है। रोस्टर के मुताबिक डा.अतुल सक्सेना 13 से 15 जून, डा.अखिलेश 17 से 19 जून, डा. हर्ष भार्गव 24 से 26 जून, डा.रफीक 27 से 29 जून तक जिला अस्पताल में अपनी सेवाएं देंगे। जबकि एक जुलाई से 3 जुलाई तक डा.एसके सिंह, 4 से 6 जुलाई तक डा.केपी तिवारी, 8 से 10 जुलाई तक डा.प्रमोद पांडेय, 11 से 13 जुलाई तक डा.शाहनवाज पुरुष अस्पताल में अपनी सेवाएं देंगे। इसी प्रकार 20 से 22 जुलाई तक डा.प्रज्ञा प्रकाश, 24 से 26 जुलाई तक डा.संगीता सिंह और 27 से 29 जुलाई तक डा.नीतू जिला महिला अस्पताल में मरीजों को अल्ट्रासाउंड की सेवाएं उपलब्ध कराएंगी।

हाल ही में जिलाधिकारी दुर्गाशक्ति नागपाल के निरीक्षण के दौरान संज्ञान में आने पर उन्होंने इसे गंभीरता से लिया और मरीजों की सुविधा को देखते हुए निजी चिकित्सकों से सहयोग की अपेक्षा की है। निजी चिकित्सकों और रेडियोलॉजिस्टों के माध्यम से जिला अस्पताल में आने वाले गरीब मरीजों को बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

**चिकित्सकों के अभाव में धूल फांक रहीं मशीनें**

- पंजीकृत अल्ट्रासाउंड केंद्र संचालकों की बैठक में यह तथ्य सामने आया कि जिला पुरुष एवं महिला चिकित्सालय में तीन अल्ट्रासाउंड मशीनें उपलब्ध हैं, लेकिन तीन मशीनों के संचालन के लिए अभी तक केवल एक चिकित्सक ही मौजूद है। ऐसे में दोनों अस्पतालों की दो अल्ट्रासाउंड मशीनें चिकित्सकों के अभाव में धूल फांक रही हैं। जिलाधिकारी दुर्गाशक्ति नागपाल ने बताया है कि जिला अस्पताल की दो अल्ट्रासाउंड मशीनों के संचालन के लिए चिकित्सकों की नियुक्त को शासन स्तर पर पत्राचार किया गया है। नियमित चिकित्सक की नियुक्ति प्रक्रियाधीन है और शीघ्र ही चिकित्सकों की तैनाती की जाएगी। नियमित चिकित्सकों की तैनाती होने तक निजी चिकित्सक जिला अस्पताल में अपना सहयोग देंगे और लोगों को अल्ट्रासाउंड की बेहतर सुविधा प्राप्त हो सकेगी। यह भी स्पष्ट किया गया है कि चिकित्सकों इसके एवज में कोई शुल्क देय नहीं होगा।

# दो दिन तक पड़ेगी भीषण गर्मी, लू के लगेंगे थपेड़े

## मौसम विभाग ने दी चेतावनी, प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** जिले में बढ़ती गर्मी, गर्म हवाओं और लू से बचाव के लिए बुधवार को जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने बताया कि भारत मौसम विज्ञान विभाग मौसम केंद्र द्वारा 14 जून तक जनपद में लू चलने की चेतावनी जारी की गई है। मौसम संबंधी पूर्वानुमान को देखते हुये जनसाधारण को जागरुकता एवं बचाव के प्रति सजग किया जा रहा है, जिससे लोगों को लू और गर्म हवाओं से होने वाली शारीरिक हानि से बचाया जा सके।

डीएम ने एडवाइजरी जारी करते हुए बताया कि लू प्रकोप एवं गर्म हवा लू से जनहानि भी हो सकती है। इसके असर को कम करने के लिए और लू से होने वाली मौत की रोकथाम के लिए सावधानी बरतते हुए कड़ी धूप में बाहर न निकलें, खासकर दोपहर बारह बजे से तीन बजे तक बाहर जाने से परहेज करें। गर्मी के चलतें जितनी बार हो सके पानी पियें, प्यास न लगे तो भी पानी पीते रहे और हल्के रंग के ढीले ढीले सूती कपड़े पहनें। अति आवश्यक कार्य होने पर बाहर जाते


जिलाधिकारी मृदुल चौधरी।

समय धूप से बचने के लिए गमछा, टोपी, छाता, धूप का चश्मा, जूते और चप्पल का इस्तेमाल आवश्य करें। सफर करते समय अपने साथ पीने के लिए पानी रखें। बताया कि घर में बना पेय पदार्थ जैसे कि लस्सी, नमक चीनी का घोल, नींबू पानी छाछ, आम का पना आदि का सेवन करें। लू के चपेट में आने पर बिल्कुल लापरवाही न करें, शरीर को बर्फ या ठंडा पानी सें लागातार पोंछे। शरीर पर भीगा हुआ कपड़ा बिल्कुल न लपेटे क्योंकि इसे शरीर का तापमान बढ़ेगा और हालत पहले से गंभीर हो जायेगी। जानवरों को छांव में रखें और उन्हें खूब पानी पीने को दें। उन्होंने कहा कि अपने घर को ठंडा रखें, पर्दे शटर आदि का इस्तेमाल करे। रात में खिड़कियाँ खुली रखें। ठंडे पानी से बार बार मुंह धोए और हो सके तो कई बार नहाने का प्रयास करे। उन्होंने बताया कि धूप में खड़े वाहनों में बच्चों एवं पालतू जानवरों को न छोड़ें। खाना बनाते समय कमरे के दरवाजे, खिड़की खुलें रखें जिससे हवा का आना जाना बना रहे। उच्च प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ का सेवन करने से बचे और गर्मी के इस मौसम में बासी भोजन न करें। घर के अंदर धूप और गर्म हवाएं आने पर खिड़की को रिफ्लेक्टर जैसे एल्युमीनियम पन्नी, गत्ते इत्यादि से ढक कर रखें।

### रोजी-रोटी के लिए तपन सह रहे लोग

भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों से जहा लोग बचाव करके घरों से नहीं निकल रहे वहीं दो जून की रोटी के लिए श्रमिक पहाड़ों पर तेज धूप के बीच सारा दिन खनन कार्य में जुटे हैं, वहीं दूसरी तरफ बैल्डिंग कारागर भी बच्चों की परवरिश और रोजी रोटी की जुगाड़ के लिए वेल्डिंग मशीन से निकलती आग और गर्मी के बीच काम करने को मजबूर है। वहीं बस, ट्रक की बाड़ी भी बैल्डिंग मशीन चलाकर जोड़ते हैं, जिससे एक तरफ आसमान से बरस रही आग और दूसरी तरफ वेल्डिंग मशीन से निकल रही आग के बीच काम कर रहे हैं।

# पारा 45 पार, सड़कों पर सन्नाटा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी और लू के चलते एक बार फिर जिला तप उठा। तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच जाने से लोग फिर घरों में रहने को मजबूर हो गए, जिससे बाजार और सड़कों पर चलहपहल ठप हो गई। भीषण गर्मी और आसमान से बरस रही आग के चलते खेतों और तालाबों की जमीन में दरारे पड़ गई हैं। गर्मी में बिजली कटौती भी लोगों के लिए मुसीबत बन गई है, दिन में चार से पांच घंटे बिजली कटौती होने से जहां इलेक्ट्रानिक कारोबार प्रभावित हो रहा है, वहीं पंखे कूलर न चलने से लोगों का गर्मी से बुरा हाल है।

मालूम हो कि एक सप्ताह तक आसमान में बादल छाए रहने और ठंडी हवाएं चलने से लोगों ने गर्मी से राहत की सांस ली, लेकिन बुधवार को सुबह से ही तेज धूप निकलने और नौ बजे से गर्म हवाओं के चलने से लोगों का बुरा हाल रहा। धूप और लू के थपेड़ों से बचने के लिए लोग घरों में कैद हो गए, जिसके चलते बाजार में सन्नाटा छाया रहा। ग्रामीण


सड़क पर पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

अंचलों से आने वाले ग्राहक भी तेज धूप के चलते घरों से नहीं निकले, जिससे दुकानदार भीषण गर्मी और गर्म हवाओं के बीच दुकानों में बैठकर ग्राहकों का इंतजार करते रहे, लेकिन धूप के कारण सारा दिन बाजार में लोग नजर नहीं आए और दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा।

बुंदेलखंड पठारी क्षेत्र होने के कारण जिले में तापमान अधिक होने के कारण गर्मी भी अधिक पड़ती है, लेकिन इस साल की गर्मी ने अब तक के सारे रिकार्ड तोड़ दिए हैं। यह पहला ऐसा मौका है जब एक माह से लगातार गर्मी पूरे शबाब पर है। जून माह के दो सप्ताह बीतने को हैं, लेकिन गर्मी कम होने का नाम नहीं ले रही और न ही इस साल एक बार भी बारिश हुई है। जिससे गर्मी अपना पूरा असर दिखा रही है। भीषण गर्मी और गर्म हवाओं के चलते व्यापार पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। रात में आठ बजे तक गर्म हवाएं कम होने के बाद ही लोग घरों से निकलते हैं।

# कोर्ट मैरिज के 20 दिन बाद पत्नी को छोड़कर फरार

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- शिकायती पत्र देने के दो माह बाद भी कार्रवाई नहीं, कोतवाली में किया हंगामा

**अमृत विचार।** एक दूसरे के प्यार में पागल प्रेमी प्रेमिका ने पारिवारिक और सामाजिक बंधनों की परवाह किए बिना माता पिता के खिलाफ जाकर कोर्ट मैरिज कर ली। पति-पत्नी का प्यार ज्यादा दिन परवान नहीं चल सका। नतीजन शादी के बीस दिन बाद ही पति अपने पत्नी को छोड़कर भाग गया। अब पत्नी पति की तलाश करने के लिए कोतवाली के चक्कर काट रही है, लेकिन पुलिस भी कोई रूचि नहीं दिखा रही। दो माह बाद बुधवार को विवाहिता ने कोतवाली में जमकर होहल्ला मचाया, जिससे मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने मामला बिगड़ता देख समझा बुझाकर वापस लौटा दिया।


विवाहिता आरती।

शहर कोतवाली के ग्राम मझलवारा निवासी आरती पुत्री जयचंद्र ने प्रेम प्रसंग के चलते कोतवाली चरखारी के ग्राम नौसारा निवासी सूरज पुत्र कमलापत के साथ 14 फरवरी 2024 को वेलैंनटाइनडे के दिन दोनो ने परिवार वालों की मर्जी के खिलाफ जाकर एक दूसरे से कोर्ट मैरिज कर ली थी, इसके बाद भी दोनो महोबा में किराए में कमरा लेकर साथ साथ रहने लगे। विवाह के एक माह बाद पति का प्रेम करने का भूत उतर गया और वह पत्नी से अस्पताल दिखाने की बात कहकर भाग गया। देर शाम तक पति के घर वापस न लौटने पर पत्नी कई दिन तक पति की तलाश करती रही और उसके आने की उम्मीद में किसी से कुछ नहीं बताया। उधर मकान मालिक द्वारा महिला से मकान का किराया मांगे जाने पर वह परेशान हो गई। एक तरफ खानपान का इंतजाम न होने और पति के छोड़कर भाग जाने व मकान मालिक द्वारा किराए के लिए दबाव बनाए जाने से परेशान होकर कोतवाली में जाकर पति के खिलाफ पत्नी को छोड़कर भाग जाने की तहरीर दे दी।

# चेकिंग के दौरान कई होटलों में विद्युत लोड अधिक मिला, दी गई चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** जिले में भीषण गर्मी को देखते हुए जिलाधिकारी के निर्देश पर विद्युत विभाग और अग्निशमन अधिकारी ने जिले में स्थापित बैंक्वेट हाल का सुरक्षा की दृष्टि से फायर आडिट और विद्युत लोड चेक किया गया, जिससे ओवर लोड के चलते किसी भी तरह की घटना न घट सके। इतना ही नहीं मैरिज हाल, रेस्टोरेंट, होटल, रिसेप्शन हाल में लगे एसी और विद्युत लोड का संयुक्त रुप से चेकिंग की गई। कई होटलों में बिजली स्वीकृत लोड से अधिक पाया गया। बिजली विभाग ने उन्हें चेतावनी जारी की है। जिले के अधिकारियों की संयुक्त चेकिंग से होटल संचालक और मैरेज हाल संचालकों में हड़कंप मच गया।


बैंक्वेट हाल का निरीक्षण करते अधिकारी। अमृत विचार

- बिजली विभाग व एफएसओ का संयुक्त निरीक्षण

गौरतलब है कि जिले में दिन प्रतिदिन गर्मी शबाब पर पहुंची जा रही है। भीषण गर्मी के चलते होटलों, मैरिज हाल, रिसेप्शन हाल और रेस्टेरेंटों में दिन भर एसी चलाने के साथ बिजली की अधिक खपत की जा रही है, जिसके चलते बढ़ते ओवर लोड के कारण अग्निकांड की घटनाएं न घट सके इसलिए बैक्वेट हाल में लगे ट्रांसफार्मर, एसी और ओरवलोड की चेकिंग की गई। क्षमता से अधिक लोड पाए जाने पर होटल मालिकों और मैरिज हाउस मालिकों को नोटिस जारी कर लोड बढ़ाने के निर्देश दिए गए। जिला अग्निशमन अधिकारी देवेश तिवारी ने होटलों, रेस्टोरेंटों में लगे अग्निशमन यंत्रों की चेकिंग कर जायजा लिया। कुछ स्थानों पर अग्निशमन यंत्र चालू हालत में न पाए जाने पर तत्काल अग्निशमन यंत्रों बदले गए।

# पॉलिटेक्निक छात्र-छात्राओं को प्लेसमेंट के साथ दी विदाई

संवाददाता, कुलपहाड़ महोबा

**अमृत विचार।** राजकीय पॉलिटेक्निक कुलपहाड़ में कार्यक्रम निदेशक डॉ. पारसनाथ यादव की अध्यक्षता में तकनीकी फेस्टिवल का आयोजन किया गया। फेस्टिवल में तकनीकी प्रोजेक्ट प्रतियोगिताएं संपन्न हई साथ ही तकनीकी माडल एवं नवाचारों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसे उपस्थित लोगों द्वारा खूब सराहा गया। इस मौके पर संस्थान के अंतिम सेमेस्टर के छात्र छात्राओं को प्लेसमेंट द्वारा आफर लेटर्स वितरित किए गे। कालेज से तकनीकीं पढ़ाई पूर्ण करने वाले सीनियर्स विद्यार्थियों को जूनियर छात्रोंने विदाई पार्टी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विभिन्न तकनीकी गतिविधियां एवं प्रतियोगिताएं प्रोजेक्ट प्रजेंटेशन तकनीकी मॉडल एवं नवाचारों की प्रदर्शनी के बाद संस्थान के अंतिम वर्ष में सिविल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर, साइंस


प्रदर्शनी देखते अतिथि।



प्लेसमेंट के बाद ऑफर लेटर लेतीं छात्राएं। अमृत विचार

- तकनीकी फेस्टिवल कार्यक्रम के तहत लगाई गई मॉडल प्रदर्शनी

एंड इंजीनियरिंग एवं इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के विद्यार्थियों को प्लेसमेंट ऑफर लेटर्स वितरण किया गया। समस्त शिक्षकगण एवं प्रबंधक के साथ साथ कुलपहाड़ क्रिश्चियन स्कूल प्रधानाचार्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के बाद राजकीय पॉलीटेक्निक के अंतिम वर्ष के छात्रों का विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र छात्राओं ने इस कार्यक्रम को बड़ी उत्सुकता के साथ अपने सीनियर्स की विदाई कर भोजन की भी व्यवस्था की गई थी।

तकनीकी फेस्टेवल मुख्य अतिथि कुलपहाड़ चेयरमैन वैभव अरजरिया ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रौद्योगिकी शैक्षिक अवसरों के खजाने के रूप में कार्य करती है। यह आलोचनात्मक सोच, समस्या-समाधान और डिजिटल साक्षरता जैसे महत्वपूर्ण कौशल को बढ़ावा देता है।

उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों के जरिए छात्रों को उनके तकनीकी ज्ञान एवं कौशल को प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त हुआ है। प्रौद्योगिकी कौशल हासिल करना आपको नियोक्ताओं के लिए अधिक आकर्षक बनाता है और आपको कुछ नौकरी पदों को प्राप्त करने या बनाए रखने में मदद कर सकता है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में हरिसिंह वर्मा सहित तमाम कालेज का स्टाप और छात्र मौजूद रहे। अंत में कालेज के प्रिंसिपल दिनेश यादव ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामन की गई।

# रेलवे स्टेशन में मिले बिना टिकट, जुर्माना वसूला

**महोबा।** उत्तर मध्य रेल प्रबंधक झांसी के निर्देश पर रेलवे स्टेशन में अभियान चलकर बिना टिकट यात्रा करने वालों और बगैर प्लेटफार्म टिकट के स्टेशन प्लेटफार्म में घूमने वालों, अधिक लगेज और गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ अभियान चलाया गया। रेल सुरक्षा बल और जीआरपी ने अधिकारियों के साथ चेकिंग कर एक सैकड़ा बिना टिकट के यात्रियों को पकड़ा। साथ ही हजारों रुपये का जुर्माना वसूला गया।

रेलवे स्टेशन में अधिकारियों द्वारा की जा रही चेकिंग के चलते बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्री ट्रेन की टॉयलेट व इधर उधर छिपते नजर आए, जिससे लोगों में अफरा तफरी का माहौल निर्मित हो गया। महोबा स्टेशन पर चेकिंग दौरान एमएल मीना, आशीष बाबू, रामकेश मीना, कुलदीप पाण्डेय, नागेन्द्र और अरुण सचान सहित तमाम सीटीआई मौजूद रहे। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमन वर्मा ने बताया कि जांच टीम द्वारा चकिंग अभियान समय समय पर चलाया जा रहा है। इसलिए यात्रियों से अनुरोध है कि वह बिना टिकट के यात्रा न करें और न ही प्लेटफार्म टिकट लिए बिना रेलवे स्टेशन परिसर के अंदर प्रवश करें। साथ ही निर्धारित सीमा से अधिक सामान साथ लेकर न चलें, बल्कि उसे बुक कराएं।

# हिंदू संगठनों ने फूंका आतंकवाद का पुतला

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** जम्मू कश्मीर में आतंकी हमले में मारे गए दस श्रद्धालुओं की मौत से आक्रोशित होकर हिंदू संगठनों ने शहर के आल्हा चौक पर प्रदर्शन कर आतंकवाद का पुतला फूंका। प्रदर्शनकारियों ने पुतला दहन दौरान आतंकवाद और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। प्रदर्शन दौरान जिसको चाहिए अफजल खान उसको भेजो पाकिस्तान जैसे नारे लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शकारियों में विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने तहसील पहुंचकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा।

मालूम हो कि 9 जून को जम्मू कश्मीर के वैष्णों देवी से शिवखोड़ी



आतंकवाद के खिलाफ प्रदर्शन करते हिंदू संगठन के लोग। अमृत विचार

जाते समय हिन्दू श्रद्धालुओं की बस पर पाकिस्तान से संबन्धित आतंकवादियों द्वारा हमला बोल दिया गया, जिस पर दस निर्दोष श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद से पूरे देश में आतंकवाद के विरोध में नाराजगी चल रही है और जगह जगह धरना प्रदर्शन कर विरोध जताया जा रहा है। बुधवार को शहर में भी हिन्दू संगठनों ने बजरंग दल के जिला संयोजक विपिन भदौरिया के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने आतंकवाद के विरोध में जमकर प्रदर्शन करते हुए सरकार से कार्रवाई से मांग की है, जिससे आतंकवाद का सफाया हो

- तहसील पहुंचकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा

सके। ज्ञापन में बताया कि जम्मू कश्मीर में अक्सर आतंकवादियों द्वारा घटनाओं को अंजाम दिया जाता है, जिसके पीछे पाकिस्तान का हाथ रहता है। इस मौके पर बजरंग दल के प्रांत सहसंयोजक अवधेश शर्मा ने कहा कि देश की नई सरकार की शपथ के समय इस प्रकार का दुस्साहसिक कृत करके आतंकवादियों ने देश के सम्प्रभुता को चुनौती दी है। इस मौके पर विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष मनोज शिवहरे, बजरंग दल के सहसंयोजक अनमोल द्विवेदी, पवन तिवारी, अजय कुमार, सुमित त्रिपाठी सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रक्तदान के लिए किया जा रहा है जागरूक


रक्तदान के लिए शपथ लेते समाजसेवी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- जिला अस्पताल में सीएमएस ने की बैठक

**अमृत विचार।** जिले में 14 जून को विश्व रक्त दिवस को होने वाले कार्यक्रम को लेकर समाजसेवियों सहित अन्य नागरिकों द्वारा लोगों को रक्तदान करने के प्रति जागरूक किया जा रहा है। साथ ही रक्तदान करने के प्रति शपथ भी दिलाई गई। रक्तदान महाअभियान को बेहतर बनाए जाने को लेकर सीएमएस डॉ. पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक में रक्त दिवस कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। साथ ही ज्यादा से ज्दाया ब्लड डोनेट कराने की बात कही गई।

विश्व रक्त दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समाजसेवियों द्वारा लोगों को रक्तदान करने के लिए प्ररित किया जा रहा है। इस मौके पर समाजसेवियों ने लोगों को जागरुक करते हुए प्रत्येक स्वास्थ्य शरीर वाले व्यक्ति को साल में दो बार रक्तदान करना चाहिए, इससे अपने शरीर को लाभ पहुंचता है। साथ ही आपके रक्तदान से बहुतो कि जान बचाई जा सकती है। सावधानी से किया जाने वाला रक्तदान सुरक्षित होता है और किसी जरूरतमंद को आपकी तरफ से दिया जा सकने वाला सबसे अच्छा उपहार हो सकता है। बैठक में सीएमएस ने कहा कि रक्त दिवस में ज्यादा से ज्यादा लोगों को रक्तदान करने के लिए प्ररित करना चाहिए, जिससे किसी मरीज को रक्त की होने वाली कमी को दूर किरते हुए उसे नया जीवन मिल सके। कहा कि रक्तदान करने से हृदय संबंधी स्वास्थ्य में सुधार हो सकता है और जोखिम कम हो सकता है। यह रक्त की चिपचिपाहट को कम करता है और बेहतर रक्त प्रवाह को बढ़ावा देता है। जब रक्त प्रवाह बेहतर होता है, तो यह रक्त के थक्कों को बनने से रोकता है। यह दिल के दौरे और स्ट्रोक के खतरे को कम करता है। अंत में सभी लोगों ने रक्तदान महादान की शपथ लेते हुए ज्यादा से ज्यादा लोगों को प्रेरित करते हुए रक्तदान करने के लिए जागरुक किया जाएगा। इस मौके पर डॉ. राजेश भट्ट, दाऊ तिवारी, सुमित तिवारी, अमित शर्मा, राहुल जी अग्रवाल, अमित सोनी, मनीष जायदका, तारा पाटकर आदि रहे।

**शासनादेश आया** 31 मार्च, 2023 तक बकाया भुगतान पर योजना का लाभ, ब्याज व अधिभार में भी छूट

# निजी नलकूपों को दी जाएगी नि :शुल्क बिजली

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** शासन के निर्देश पर उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन (विद्युत विभाग) द्वारा एक अप्रैल से कृषकों के निजी नलकूपों को निःशुल्क विद्युत दिए जाने का निर्णय लिया गया है। संयोजन का लाभ 1 अप्रैल 2023 से उन्हीं उपभोक्ताओं को दिया जाएगा जिनके द्वारा कनेक्शन के सापेक्ष 31 मार्च तक के बकाये का पूर्ण भुगतान कर दिया गया हो। ब्याज अथवा विलंब अधिभार की गणना 31 मार्च 2023 तक के बकाये पर की जाएगी। 31 मार्च तक के कुल मूल बकाया की 30 प्रतिशत की धनराशि पंजीकरण के रूप में जमा करनी होगी। यह धनराशि जमा करने के उपरांत ही उपभोक्ता को इस योजना के अंतर्गत


जानकारी देते एसई आरएस गौतम।

पंजीकृत किया जाएगा।

अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण मंडल आरएस गौतम ने बताया कि पंजीकरण उपरांत उपभोक्ताओं को विकल्प दिए गए हैं। बताया कि उपभोक्ता समस्त बकाए की एकमुश्त राशि निश्चित समय पर जमा करता है तो ब्याज एवं विलंब अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। उपभोक्ता समस्त बकाया राशि का भुगतान तीन



किश्तों में अदा करता है तो उसे ब्याज एवं विलंब अधिभार में 90 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। यदि उपभोक्ता छह माह की किश्त का विकल्प चुनता है तो उसे 80 प्रतिशत की छूट मिलेगी। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं को 30 जून तक ही योजना का लाभ दिया जाएगा।

अधीक्षण अभियंता ने बताया कि निजी नलकूप किसानों को मुफ्त विद्युत आपूर्ति योजना टैरिफ कैटेगरी एलएमवी-5 के लिए लागू है। योजना का लाभ पाने के लिए उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के पोर्टल द्वारा भी आवेदन कर सकते हैं। साथ ही इस विभागीय वेबसाइट पर छूट संबन्धी सभी सूचनाएं आनलाइन प्रदर्शित होगी। इसके अलावा उपभोक्ता किसी भी विभागीय खंड, उपखंड कार्यालय, विभागीय कैस काउंटर व जनसेवा केंद्र में जाकर भी छूट संबन्धी सूचना प्राप्त करने के साथ साथ एक मुश्त व किश्तों में जमा करने केविकल्प का चयन भी कर सकता है। उन्होंने बताया कि किश्तों का विकल्प चुनने वाले उपभोक्ताओं को बकाया राशि की किश्तों को निर्धारित तिथि तक जमा करनी होगी और न जमा करने पर उक्त उपभोक्ताओं को डिफाल्टर घोषित कर कार्रवाई की जाएगी।

# ग्राहक बन आई महिला ने पार की चांदी की पायल

संवाददाता, पनवाड़ी-महोबा

**अमृत विचार।** ग्राहक बनकर आई महिला ने दिनदहाड़े सराफा दुकान से चांदी के आभूषण पर हाथ साफ कर दिया। शक होने पर आसपास के दुकानदारों की मदद से महिला को सर्राफ ने आरोपित को रंगे हाथों दबोच लिया। पकड़ी गई महिला की शिनाख्त पर एक जोड़ी चांदी की पायल जब्त की गई हैं। पीड़ित दुकानदार की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपित के साथी ठप्पेबाजों की तलाश शुरू कर दी है।

- दुकानदारों की मदद से महिला को सर्राफ ने दबोचा

महिला दुकानदार मीना सोनी पत्नी स्व अजयकांत सोनी ने बताया कि उसकी चौबे मार्केट में आभूषणों की दुकान स्थित है। मंगलवार दोपहर तकरीबन तीन बजे ग्राहक बनकर आई महिला को चांदी पायल पसंद करा रही थी। इस दौरान महिला ने उसे अन्य काम में उलझाकर ठप्पेबाजी करते हुए चांदी की पायल पार कर दी। वारदात के बाद जब उसने पायल की तौल का मिलान किया आरोपित महिला दुकान से भाग खड़ी हुई। इसके बाद आस पास के दुकानदारों की मदद से आरोपित महिला को रंगे हाथों पकड़कर पुलिस के हवाले किया गया। कस्बा के व्यस्ततम बाजार में दिन दहाड़े घटी इस वारदात से सर्राफा दुकानदारों में गुस्सा देखा जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार पांडे ने बताया कि आरोपित महिला से एक जोड़ी चांदी की पायल जब्त की गई है।

# चिलचिलाती धूप और उमस भरी गर्मी से जिंदगी बेहाल

## भीषण गर्मी को देखते हुए डॉक्टर विशेष सावधानी बरतने की दे रहे सलाह

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** चिलचिलाती धूप और उमस भरी गर्मी ने पिछले कई दिनों से लोगों को बेहाल कर रखा है। धूप और गर्म हवाओं के साथ उमस से लोग परेशान हैं। इस उमस भरी गर्मी से बच्चों बुजुर्गों सहित युवाओं का भी बुरा हाल है।

धूप में घर से बाहर निकलने वाले लोग कपड़े से मुंह ढककर और छाता लेकर निकल रहे हैं। गर्मी से बचने के लिए चौक चौराहे पर लोग नींबू का शिकंजी, शर्बत, खीरा आदि ठंडे पेय पदार्थ ले रहे हैं। गर्मी इतनी है कि पंखा, कूलर व वातानुकूलित उपकरण भी फेल हो जा रहे हैं। भीषण गर्मी का असर बाजार, सड़क से लेकर कार्यालय तक में हावी है। सुबह से ही आसमान से आग बरसने शुरू हो जाती है। जैसे-जैसे दिन चढ़ता जा रहा है गर्मी का प्रकोप भी उसी अंदाज में बढ़ता जाता है। सबसे दिक्कत बच्चों और वृद्ध लोगों को हो रही है।

लोगों का कहना है कि मानसून की उम्मीद में एक-एक दिन जैसे तैसे कट रहा है। बारिश के नहीं होने से फसलें भी प्रभावित हो रही हैं। किसान सब्जी व गन्ने की खेत में पंपसेट से पानी लगा रहे हैं जिससे फसल को झुलसने से बचाया जा सके। इस भीषण गर्मी में बिजली भी लोगों की परीक्षा ले रही है। बिजली का बार-बार कट होना आग में घी का काम कर रहा है। कई जगहों पर लो वोल्टेज से भी परेशानी बढ़ गई है। ऐसी स्थिति में लोगों की दिनचर्या ही बदल गई है। लोगों का कहना है कि प्रकृति के आगे तो सभी मजबूर हैं लेकिन सरकार बिजली आपूर्ति को बहुत हद तक नियंत्रित कर गर्मी से राहत दे सकती है।



चिलचिलाती धूप में छतरी लेकर जातीं महिलाएं। अमृत विचार

### गर्मी से अस्पताल में बढ़े मरीज

उमस वाली गर्मी लोगों को सहन नहीं हो पा रही है। ऐसी स्थिति में लोगों को कई तरह की बीमारियां भी होने लगी हैं। अस्पताल में सर्द गर्म होने के सबसे ज्यादा मरीज आ रहे हैं। इसके अलावा बुखार के मरीज भी अस्पताल में देखने को मिल रहे हैं। अचानक से इस मौसम परिवर्तन के चलते डायरिया, उल्टी दस्त व अन्य बीमारियों के मरीज भी अस्पताल पहुंच रहे हैं।

### नीबू पानी और बेल का शर्बत खूब पिएं

गर्मी के दिनों में चिकित्सक विशेष एहतियात बरतने की सलाह दे रहे हैं। जिला अस्पताल के चिकित्सक डॉ.आरएस प्रजापति के मुताबिक गर्मी के मौसम में बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की सलाह दे रहे हैं। इस मौसम में शरीर में पानी की कमी न होने दें। खान-पान संबंधी आदतों पर विशेष ध्यान रखे। बच्चों को सीधी धूप से बचा कर रखें। बासी खाना व अधिक समय तक फ्रिज में रखे वस्तुओं का सेवन बिल्कुल नहीं करे। पानी भरपूर मात्रा में लें। धूप में घर से निकलते समय भरपूर पानी पीकर निकलें। ठंडे पेय पदार्थ जैसे नींबू का शिकंजी, बेल का जूस आदि पेय पदार्थ का प्रयोग ज्यादा से ज्यादा करें।



टैंकर से पानी भरते इमिलिया के लोग।

# नलकूप में बिजली का कनेक्शन नहीं

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** विद्युत विभाग की उदासीनता से कस्बे के इमिलिया थोक वार्ड दो में जल संस्थान द्वारा तैयार नलकूप में कनेक्शन नहीं हो सका है। ऐसे में लोग भीषण गर्मी में एक-एक बूंद पानी को तरस रहे हैं। पिछले दो दिनों से नगर पंचायत टैंकरों से आपूर्ति कराकर लोगों की प्यास बुझा रहा है।

कस्बे के इमिलिया थोक निवासी छोटी, छंगा, विजय कुमार, श्रीराम, मुकेश, अनिल कुमार, बाबू कुटार, कमलेश कुमार आदि ने बताया कि नगर पंचायत की धनराशि से जल संस्थान ने नया नलकूप बनाकर तैयार करा दिया है। इसमें विद्युत कनेक्शन होना है। विद्युत विभाग ने एक पखवाड़ा पूर्व कनेक्शन के लिए विद्युत पोल, तार ट्रांसफार्मर आदि पहुंचा दिया था, लेकिन कनेक्शन अभी तक नहीं किया है। इससे जलापूर्ति नहीं हो रही है। पिछले दो दिनों से नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे समस्या को देखकर टैंकरों से जलापूर्ति करा रहे हैं। इससे कुछ राहत है। अवर अभियंता अनिल कुमार ने बताया कि दो दिन के अंदर कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

# 90 नलकूपों में सिर्फ 9 ही इस्तेमाल हो रहे

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**18** नलकूपों का जलस्तर नीचे गिरने से ठप

● तालाब भी सूखे पड़े, पशुओं के सामने पानी की समस्या

**अमृत विचार।** बढ़ते तापमान के बीच जनमानस की पेयजल समस्या का समाधान तो काफी हद तक किया जा चुका है। पशुओं व पक्षियों की पेयजल समस्या का समाधान फिलहाल क्षेत्र में काफी गंभीर होती जा रहा है। क्षेत्र में 90 नलकूपों में मात्र नौ ही संचालित हो रहे है।

विकासखंड क्षेत्र में छोटे-मोटे नाले और नदियां सूख रही हैं। वहीं करोड़ों रुपये खर्च कर खोदे गए अधिकांश तालाबों का पानी समाप्त हो चुका है। नहरें क्षेत्र में न के बराबर हैं। वहीं 90 नलकूपों में मात्र नौ ही पशु पेयजल के लिए इस्तेमाल किए जा रहे हैं। 18 ऐसे नलकूप हैं, जिनका जल स्तर भी कई मीटर नीचे जाने से ठप पड़े हैं। हालत यह है कि यहां मात्र 15 ऑपरेटर इन नलकूपों की देखरेख के लिए हैं। अवर अभियंता सप्ताह में एक दिन आते हैं। आवश्यकता पड़ने पर किसानों को ढूंढे नहीं मिलते। शासन प्रशासन के लाख प्रयासों के बावजूद भी अधिकांश सूखे तालाबों को भरा ही नहीं जा सका है।

अरतरा के प्रधान माहेश्वरी दीन ने बताया कि नलकूप विभाग बेहद लापरवाह है। इस क्षेत्र में 20 के आसपास सरकारी नलकूप है। इनमें 102, 47 और 37 नंबर नलकूप ही विभाग संचालित कर पा रहा है। सिसोलर के पूर्व प्रधान विजय शंकर प्रजापति ने बताया कि उनके क्षेत्र में एक भी सरकारी नलकूप नहीं है। अलबत्ता छानी पंप कैनाल की एक नहर सिसोलर भटुरी के बीच में है। एक महीने से सूखी पड़ी है। पशु पेयजल संकट गहराता जा रहा है। मौदहा बांध कॉलोनी के नलकूप उपखंड में मंगलवार दोपहर मात्र चार नलकूप आपरेटर मिले। पता चला कि दो जेई सप्ताह में एक बार सोमवार को आते हैं। 90 में से 15 ऑपरेटर हैं। चार में दो मिस्त्री ही हैं। इनमें चार ऑपरेटर कार्यालय में सींच प्रेक्षक, जिलेदार आदि की जिम्मेदारी संभाले हैं। यहां तैनात नलकूप विभाग के जेई शिव किशोर सिंह अपने स्टाफ के बारे में ही नहीं जानते। वह यह भी नहीं बता पा रहे हैं कि उनके नलकूप कितने हैं। बोले, ऑपरेटर की भारी कमी है। नलकूप ऑपरेटर बाबूलाल ने बताया कि 18 नलकूप ऐसे हैं, जो जलस्तर नीचे जाने से ठप हैं। कुछ चालू करने पर हंटिंग कर रहे हैं। इनमें अरतरा, तेंदुही, भूलसी व बमरौली आदि हैं।

# चंदवारी डांडा में खेतों पर हो रहा मौरंग का खनन

**राठ (हमीरपुर)।** किसान के खेत से मौरंग माफियाओं द्वारा अवैध खनन किए जाने को लेकर पीड़ित किसान ने खनिज अधिकारी हमीरपुर को लिखित शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

■ किसानों ने खनिज अधिकारी को दिया प्रार्थना पत्र

सरीला तहसील के चंदवारी डांडा गांव निवास किसान रामदीन ने बताया कि उसके खेत चंदवारी नदी से लगे हुए हैं। बताया कि वहीं पर खंड संख्या 2 देवरी जो जिला झांसी में है। जिसका संचालन हमीरपुर जिले से होता है। आरोप लगाते हुए बताया कि खंड संचालक राघवेंद्र सिंह अपने आतंक के बल पर किसानों के खेतों से अवैध मौरंग का खनन कर रहा है। जब किसान खेतों से खनन रोकते हैं तो जान से मारने की धमकी देते हुए फर्जी केस में फंसाने की धमकी दे रहे हैं। बताया कि मौरंग माफिया द्वारा अवैध खनन करने से सरकार को करोड़ों रूपए राजस्व का चूना लगाया जा रहा है। इसके अलावा एनजीटी के नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। किसानों ने बताया कि उपजिलाधिकारी को शिकयत करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। पीड़ित किसानों ने खेतों से हो रहे अवैध खनन को रोकने की गुहार लगाई है।

# छापे के बहाने वसूली का आरोप

संवाददाता, मुस्करा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** स्वास्थ्य विभाग के डिप्टी डीटीओ टैक्सी कार में उप्र सरकार का बोर्ड लगाकर और प्राइवेट युवकों के साथ कस्बा सहित क्षेत्र में संचालित निजी अस्पतालों से छापेमारी के नाम पर वसूली करते घूम रहे हैं। जिससे निजी अस्पताल के डॉक्टरों में खलबली मची है। कुछ लोगों ने वीडियो बनाया है।

कस्बा के निजी अस्पताल के तीन बीएएमएस डॉक्टरों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि बुधवार को दोपहर अचानक एक अधिकारी उप्र सरकार का बोर्ड लगी प्राइवेट टैक्सी में तीन से चार लोगों के साथ अस्पताल आ धमके और एलेन केयर कंपनी की दवाओं को चलाने का दबाव बनाया। उनके साथ आए प्राइवेट व्यक्ति ने निजी अस्पताल में कमियां निकालकर पैसों की वसूली की। मौके पर पहुंचे इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के एक पत्रकार ने जब पूछा कि किस बात के डॉक्टरों से पैसे लिए जा रहे हैं तो कैमरे के डर से वह अपना नाम तक बताना भूल गया और गाड़ी में बैठकर भाग खड़े हुए। डॉक्टरों ने बताया कि अधिकारी के साथ चल रहा व्यक्ति ही वसूली का ही काम करता है। साथ ही निजी अस्पताल में अपनी दवाइयां चलाने की धमकी देता है। डॉक्टर ने प्राइवेट कंपनी की दवाइयां दिखाईं और बताया कि इन दवाओं को मरीजों के लिए देने का दबाव बनाया गया है।



कस्बे के एक निजी अस्पताल में जांच करते अधिकारी। अमृत विचार

# तहसील में 10 का स्टांप 20 रुपये में

**राठ।** कस्बे के तहसील परिसर में स्थित स्टांप वेंडरों द्वारा 10 का स्टांप 20 में बेच कर लूट मचाए हुए हैं। सरीला कस्बे के रहने वाले कृष्ण कुमार द्विवेदी ने एसडीएम से इस मामले की शिकायत कर लूट खसोट बंद कराने की मांग की है।

सरीला निवासी कृष्ण कुमार द्विवेदी ने बताया कि तहसील में स्टांप वेंडरों द्वारा खुलेआम 10 रुपये का स्टांप 20 रुपये में बेचा जा रहा है, जिससे गरीबों, मजदूरों को आर्थिक शोषण हो रहा है। बुधवार को वह स्टांप खरीदने पहुंचे तो एक स्टांप वेंडर ने उन्हें 10 का स्टांप 20 रुपये में दिया। उन्होंने इस मामले की शिकायत एसडीएम विपिन कुमार शिवहरे से की। एसडीएम ने तत्काल सभी वेंडरों को बुलाकर फटकार लगाते हुए चेतावनी दी।

# डग्गामार वाहनों पर कार्रवाई की मांग

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

● रोडवेज बसों की आय कम होने से कर्मचारी परेशान

**अमृत विचार।** उप्र राज्य सड़क परिवहन निगम हमीरपुर डिपो से राष्ट्रीयकृत मार्गों पर एवं बस स्टैंड से अवैध संचालित डग्गामार वाहनों द्वारा यात्रियों को भरने को लेकर उप्र रोडवेज कर्मचारी संघ ने प्रमुख सचिव परिवहन सहित अन्य आला अधिकारियों को ज्ञापन भेजकर अवैध डग्गामार वाहनों पर अंकुश लगाए जाने की मांग की है।

उप्र राज्य सड़क परिवहन निगम के जिलाध्यक्ष शिवशरण सिंह व महामंत्री वंश गोपाल ने बताया कि वर्तमान में डग्गामार वाहनों द्वारा हमीरपुर डिपो के सामने से अनाधिकृत वाहनों जैसे बोलेरो, कैंपर, मारुति वैन, इको, ऑटो एवं बड़ी बसों से सवारियां बैठाई जा रही हैं। जिससे राजस्व को भारी हानि उठानी पड़ रही है तथा इन्हें चालकों एवं परिचालकों द्वारा मना/हटाने के लिए कहा जाता है। डग्गामार वाहन वाले रोडवेज चालकों परिचालकों के साथ अभद्रता करते हैं। कभी-कभी मारपीट करने को उतावले हो जाते हैं।

यह स्थिति हमीरपुर से राठ, बांदा, महोबा, उरई एवं कानपुर आदि सभी मार्गों पर संचालित हैं। इनके विरुद्ध लम्बे समय से कोई भी प्रभावी कार्यवाही न होने के कारण हौसला इतना बढ़ गया है कि निगम बसों से सवारियां जबरन उतारकर अपने निजी वाहनों में बैठा लेते हैं। जिससे डिपो की आय में लगातार गिरावट आ रही है एवं सरकारी राजस्व को भारी हानि उठानी पड़ रही है। जिससे मार्ग पर कम आय / डीजल औसत कम आने से सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा चालकों परिचालकों के वेतन से अंधाधुंध रिकवरी की जा रही है। वर्तमान में परिवहन निगम में 80 प्रतिशत संविदा कर्मचारी कार्यरत है। ऐसी स्थिति में उनका जीवन यापन करना बहुत कठिन हो रहा है। साथ ही सरकार के राजस्व की चोरी भी हो रही है। मुख्यमंत्री के अवैध डग्गामार वाहनों पर अंकुश लगाने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। संघ के अध्यक्ष व महामंत्री ने प्रमुख सचिव परिवहन, परिवहन आयुक्त, प्रबंध निदेशक, सम्भागीय परिवहन अधिकारी को ज्ञापन भेजकर इन डग्गामार वाहनों पर कार्रवाई की मांग उठाई है।



बुधवार को रोडवेज डिपो में प्रदर्शन करते कर्मचारी। अमृत विचार

# हनुमान मंदिर के रास्ते पर भरा कीचड़ व पानी

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** विकास खंड क्षेत्र के डामर गांव में दुर्गा मंदिर से बजरंगबली मंदिर को जाने वाला रास्ता कीचड़ भरा है। जल भराव को लेकर ग्रामीणों ने सहायक खंड विकास अधिकारी (पंचायत) को ज्ञापन देकर सफाई करवाने की मांग की।

विकासखंड क्षेत्र के डामर गांव स्थित दुर्गा मंदिर से लेकर बजरंगबली मंदिर तक रास्ते में जगह-जगह कीचड़ युक्त पानी भरा है। सड़क कीचड़ से लबालब होने से आने जाने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसमें सबसे ज्यादा दिक्कत छोटे बच्चों व बूढ़े बुजुर्गों को होती है। वहीं कई बार तो लोग कीचड़ में गिरकर चुटहिल हो जाते हैं। गांव निवासी राघवेंद्र सिंह आदि ने एडीओ पंचायत को दिए ज्ञापन में बताया कि मन्दिर जाने वाले रास्ते में कीचड़ व जलभराव होने से भक्तों व ग्रामीणों को आवागमन करने में बहुत ही परेशानी का सामना करना पड़ता है। एडीओ पंचायत धर्मेंद्र पाल ने बताया कि सफाई कर्मियों को शीघ्र ही गांव भेजकर सफाई कराई जाएगी।



सीसी रोड पर बहता कीचड़ युक्त पानी।

# हार्वेस्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**कुरारा (हमीरपुर)।** मनकी मार्ग में खरौंज मोड़ के पास हार्वेस्टर की चपेट में आए बाइक सवार 32 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई।

कस्बा के वार्ड नंबर चार निवासी सुनील कुमार (32) पुत्र रामाधीन बुधवार की दोपहर बाइक से करीब एक बजे कुरारा मनकी मार्ग से होकर कस्बे में आ रहा था। तभी खरौंज मोड़ के पास एक अनियंत्रित हार्वेस्टर की चपेट में आने से बाइक सवार सुनील कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे राहगीर एंबुलेंस से स्थानीय सीएचसी लेकर आए। जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत नाजुक देख चिकित्सकों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

# धनुष यज्ञ देखने उमड़ी भीड़

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

● चिल्ली गांव में चल रहे श्री विष्णु महायज्ञ में रामलीला का आयोजन

● पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि गुलाब सिंह ने किया शुभारंभ

**अमृत विचार।** क्षेत्र के चिल्ली गांव में चल रहे श्री विष्णु महायज्ञ के चौथे दिन रात में रामलीला का आयोजन हुआ। कानपुर से आए रामलीला के कलाकारों ने धनुष यज्ञ का मंचन किया। इसके पहले पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवकी रानी राजपूत के प्रतिनिधि गुलाब सिंह लोधी बिहूनी ने प्रभु राम-लक्ष्मण की आरती कर रामलीला का शुभारंभ कराया।

गौरतलब है कि बीते 9 जून को चिल्ली गांव में ग्रामीणों के सहयोग से श्री विष्णु महायज्ञ का आयोजन शुरू हुआ था। मंगलवार की रात कानपुर से आए कलाकारों ने धनुष यज्ञ का मंचन किया। रामलीला की शुरुआत पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवकी रानी के प्रतिनिधि गुलाब सिंह लोधी ने भगवान राम लक्ष्मण की आरती उतार कर की। इसके बाद रामलीला के कलाकारों ने मंचन किया। सारी रात रामलीला का मंचन देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान जिला पंचायत प्रतिनिधि ने यज्ञ कमेटी को अपनी ओर से 1100 रुपये की धनराशि भेंट की। इस मौके पर कमेटी के अध्यक्ष ब्रजेश कुमार राजपूत, हनुमंत पहलवान, स्वतंत्र तिवारी, कृपाल सैनी, पूर्व प्रधान कमलापत राजपूत, डा.कमलापत समेत अनेक लोग रहे।



रामलीला में राम-लक्ष्मण की आरती उतारते गुलाब सिंह लोधी। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### एक हफ्ते से लापता वृद्धा का जंगल में मिला कंकाल

**कुरारा (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के बेरी गांव में एक सप्ताह पूर्व हुई गुमशुदा 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला का जंगल में शव मिला है। मृतका के पुत्र ने लू लगने से मौत होने की शंका जताई है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना क्षेत्र के बेरी गांव निवासी राम आसरे पुत्र रामनाथ ने थाने में दी तहरीर में बताया कि बीते करीब एक सप्ताह पूर्व मेरी मां राजरानी (80) पत्नी रामनाथ गुम हो गई थी और थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। काफी तलाश के बाद बुधवार को जंगल में उसका शव मिला है। बताया कि शव का कंकाल बचा है। जंगली जानवर खा गए होंगे। जिसमें मां के कपड़ों व चूड़ियों से उसे आशंका है कि यह उसी की मां ही हैं। कहा उसकी मां की मौत लू लगने से हुई होगी। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची थाना पुलिस, डॉग स्क्वायड टीम ने जांच पड़ताल की।

### घर में काम कर रही महिला को युवक ने पीटा

**राठ (हमीरपुर)।** जलालपुर थाने के भेड़ी डांडा गांव में एक युवक ने एक महिला के साथ गाली गलौज करते हुए उसे जमकर मारापीटा। महिला ने थाने में लिखित तहरीर देकर आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। भेड़ी डांडा गांव निवासी सोमवती पत्नी रामदास ने बताया कि वह अपने घर में काम कर रही थी। उसी दौरान गांव का अजय पुत्र कल्लू उसके पास आया और उसके साथ गाली गलौज करने लगा। बताया कि जब उसने गाली गलौज करने का विरोध किया तो आरोपी अजय ने उसके साथ मारपीट कर दी तथा उसे जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पानी पीने के विवाद में चाचा ने भतीजे को पीटा

**राठ (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के गल्हिया गांव में एक युवक ने घर के बाहर लगे नल से पानी पीने को लेकर हुए विवाद के चलते अपने नाबालिग भतीजे को जमकर पीटा। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। गल्हिया गांव निवासी योगेंद्र पुत्र मनमोहन ने बताया कि वह अपने घर के बाहर लगे नल में पानी पी रहा था। तभी उसका चाचा नरेश पुत्र मोतीलाल उसके पास आया और पानी पीने को लेकर हुए विवाद के चलते उसे गाली देने लगा। बताया कि जब उसने गाली गलौज करने का विरोध किया तो उसके चाचा नरेश ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट से उसे चोटें आईं हैं। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकादमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।



तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते बजरंग दल के कार्यकर्ता। अमृत विचार

### श्रद्धालुओं की मौत पर बजरंग दल ने सौंपा ज्ञापन

**राठ।** जम्मू कश्मीर में वैष्णो देवी कटरा से शिवखोड़ी में चार दिन पहले श्रद्धालुओं से भरी बस पर क्रूर पाकिस्तान पोषित इस्लामिक जेहादी आतंकवादियों का कायराना हमला किए जाने को लेकर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। हमले के दौरान दस श्रद्धालुओं की मौत पर दुख जताया। ज्ञापन के माध्यम से बजरंग दल के पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति से इस प्रकार की गतिविधियों पर पूर्ण नियंत्रण पाने के लिए कठोर कदम उठाने की मांग की है। ज्ञापन देने के दौरान बजरंग दल के जिला संयोजक सचिन शर्मा, जिला सहमंत्री अजय हिंगवासिया, दीपेंद्र सिंह नगर सहमंत्री, सुनील सिंह तोमर आदि कार्यकर्ता रहे।

लापरवाही | विभाग की अनदेखी से अराजकतत्वों का अड्डा बन गई बंद पड़ी मंडी

# 13 साल में ही पौथिया मंडी खंडहर में तब्दील

संवाददाता, पौथिया (हमीरपुर)

● बुंदेलखंड विशेष पैकेज से बनाई गई थी मंडी

**अमृत विचार।** करोड़ों रुपये खर्च कर बुंदेलखंड विशेष पैकेज से बनाई गई मंडी बेकार होती जा रही हैं। वर्षों से बंद पड़ी मंडी में चारों ओर झाड़ झंखाड़ उगा है। लेकिन इनकी देखरेख करने वाला कोई नहीं है।

केंद्र सरकार ने बुंदेलखंड को विशेष पैकेज जारी किया था। तब क़रीब तेरह वर्ष पूर्व हमीरपुर सहित कई जिलों के गांवों में करोड़ों रुपये खर्च कर मंडियों का निर्माण कराया गया था। तब पौथिया गांव के बाहर सहुरापुर रोड पर मंडी का निर्माण हुआ था। जिसमें कांटा, बड़े बड़े हाल सहित बाउंड्री वॉल व अन्य उपकरण लगाए गए थे। मंडी में एक गार्ड की ड्यूटी लगाई गई है, लेकिन वह भी अक्सर नदारत रहता है। शासन की उदासीनता के चलते मंडी जंगल का रूप ले चुकी है। बड़े-बड़े विलायती बबूल के पेड़ झील झाखर खड़े हैं। साफ सफाई नहीं कराई जा रही है। यहां मनचले पिकनिक मनाते हैं। अराजकता को बढ़ावा मिल रहा हैं।

ग्रामीण लाखन सिंह, विनोद सचान, रामसिंह, राम बिहारी सिंह, रामबहादुर सिंह, राम-लखन सिंह आदि ने मंडी की साफ-सफाई कराई जाने की मांग की है। वहीं किसानों ने बताया कि पौथिया सहकारी समिति गेहूं खरीद केन्द्र को सहुरापुर मंडी में शिफ्ट करने की मांग जिलाधिकारी राहुल पांडेय से की है।



सहुरापुर रोड स्थित मंडी के मुख्य गेट पर खड़े कंटीले पेड़।

# सर्विलांस टीम ने 156 मोबाइल किए बरामद

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में मोबाइल गुमशुदगी में सर्विलांस टीम द्वारा अथक प्रयास कर जनपद, गैर जनपद एवं अन्य राज्यों से 156 मोबाइल बरामद किए गए है। जिसकी कीमत लगभग 30 लाख 05 हजार 200 रुपये बताई जा रही है। बरामद मोबाइल उनके स्वामियों को सुपुर्द किए गए। जिससे उनके चेहरे खिल उठे।

पुलिस अधीक्षक डॉ.दीक्षा शर्मा ने प्रेसवार्ता के दौरान जानकारी देते हुए बताया कि जनपद के विभिन्न थानों में भिन्न-भिन्न तिथियों में प्रार्थना पत्र बावत मोबाइल गुम होने/खो जाने सम्बन्ध में प्राप्त हुए थे। जिस पर सर्विलांस सेल को गुमशुदा / खोए हुए मोबाइल को अतिशीघ्र बरामद करने के लिए निर्देशित किया गया। इसी क्रम में तत्परता से कार्यवाही करते हुए सर्विलांस सेल टीम प्रभारी सचिन शर्मा ने अपनी टीम के साथ अथक प्रयास कर 156 व्यक्तियों के पूर्व में खोए/ गुमशुदा मोबाइल को बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि सदर कोतवाली क्षेत्र के 19, ललपुरा के 05, कुरारा के 17, सुमेरपुर के 42, मौदहा के 21, जलालपुर के 07, बिवांर के 11, राठ के 20, मुस्करा के 02, मझगवां के 03, जरिया थाने के 09 मोबाइल बरामद किए गए है।

# वृद्धाश्रम में अव्यवस्थाएं मिलने पर प्रबंधक को लगाई फटकार

## एडीजे व विशेष न्यायाधीश ने नरैनी रोड पर संचालित वृद्धाश्रम किया औचक निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- कूलरों में पानी नहीं, हर तरफ गंदगी का साम्राज्य
- कूलर में कर्मचारी नहीं बुजुर्ग ही भरते हैं पानी





बैठक को संबोधित करते विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव। बुजुर्गों को फल वितिरत करते चिकित्सक दंपति। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अपर जिला जज और विशेष न्यायाधीश (ईसी एक्ट) ने संयुक्त रूप से वृद्धाश्रम का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाएं परखीं। वृद्धाश्रम में अव्यवस्थाओं की भरमार पर न्यायिक अधिकारियों का पारा चढ़ गया। वृद्धाश्रम प्रबंधक को जमकर फटकार लगाई। प्रबंधक को तत्काल सफाई के साथ सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने के निर्देश दिए।

जिला जज व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष डा.बब्बू सारंग के निर्देश पर मंगलवार को सेल्टर होम मानीटरिंग कमेटी अध्यक्ष व विशेष न्यायाधीश (ईसी एक्ट) छोटेलाल यादव और एडीजे व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्रीपाल सिंह ने संयुक्त रूप से नरैनी रोड पर संचालित वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया। वृद्धाश्रम कार्यालय में लगी महापुरुषों की तस्वीरें अस्त-व्यस्त लगी मिलीं। भूतल में बुजुर्गों के लिए लगाए कूलरों में पानी गायब मिला। हाल में गर्म हवा के साथ ही बुजुर्गों को सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। हाल में गंदगी और चारों ओर मक्खियों की भरमार मिली। स्नानागार व टॉयलेट भी गंदे मिले। बुजुर्गों ने बताया कि कूलरों में वह खुद ही पानी भरते हैं। कर्मचारियों द्वारा पानी नहीं भरा जाता। वृद्धाश्रम में अव्यवस्थाओं की भरमार मिलने पर न्यायिक अधिकारियों का पारा चढ़ गया।

वृद्धाश्रम प्रबंधक श्याम किशोर त्रिवेदी को जमकर फटकार लगाते हुए तत्काल भूतल की सफाई कराते हुए सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। महिला बुजुर्गों ने बताया कि उन्हें लगभग एक वर्ष से वृद्धावस्था पेंशन का लाभ नहीं मिल रहा। हैं। इस पर प्रबंधक को समाज कल्याण विभाग से संपर्क स्थापित कर लाभार्थियों को पेंशन दिलाने की कार्रवाई तेज कराने के निर्देश दिए। सदर तहसील सभागार में आयोजित जागरूकता शिविर में अपर जिला जज ने दैवीय आपदा पीड़ितों को मिलने वाली विधिक सहायता व कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। एडीजे श्रीपाल सिंह ने दैवीय आपदा से पीड़ित व्यक्तियों को निशुल्क विधिक सहायता व विधिक सेवाओं की जानकारी दी। नायब तहसीलदार धनंजय सिंह व कानूनगो छंगूराम ने उपस्थित लोगों को केंद्र व प्रदेश द्वारा दैवीय आपदा से पीड़ित व्यक्तियों को कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। इस मौके पर राशिद अहमद, बुशरा खानम, कुसुम यादव, शोभित निगम आदि उपस्थित रहे।

### चिकित्सक दंपति ने वृद्धाश्रम में बांटे फल व कपड़े

**बांदा।** शहर के रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में एनेस्थीसिया विभाग में कार्यरत चिकित्सक डा.प्रिया दीक्षित और उनके पति यूरोलाजिस्ट डा.सोमेश त्रिपाठी ने बुधवार को मां की पुण्यतिथि पर नरैनी रोड स्थित वृद्धाश्रम जाकर बुजुर्गों को फल, मिठाई के साथ कपड़े वितरित किए। महिला चिकित्सक ने बताया कि तीन वर्ष पहले उनकी मां लीलावती दीक्षित का स्वर्गवास हो गया था। उनकी तीसरी पुण्यतिथि पर उन्होंने अपने पति के साथ मिल कर वृद्धाआश्रम में वृद्धों को फल मिठाई व कपड़े वितरित किए। चिकित्सक दंपति ने कुशलक्षेम पूछकर बुजुर्गों को अपनेपन का अहसास दिलाया। इस मौके पर वृद्धाश्रम प्रबंधक श्याम किशोर त्रिवेदी, अभिलाष त्रिपाठी, रोशनी शुक्ला के साथ परिवार के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# पुलिया से टकराया ट्रक, लगी आग

**मौदहा।** बढ़ते तापमान के चलते बुधवार को कानपुर सागर राष्ट्रीय राजमार्ग के मवइया गांव के पास कबरई से लखनऊ जा रहे गिट्टी से भरे ट्रक में आग लगने से वह धू धू कर जलने लगा। सूचना पर मौके पर पहुंचे अग्नि शमन के जवानों ने काबू पाया। लेकिन आग बुझाने से पहले यह जल चुका था। उधर चकदहा गांव में एक शटरिंग की दुकान में आग से सामान व दुकान जल गई।

मौदहा अग्निशमन केंद्र के प्रभारी चंद्रभान ने बताया कि दिन में सूचना मिली कि कबरई से लखनऊ की ओर गिट्टी से भरा ट्रक मवइया गांव के निकट पुलिया से टकराया है। इससे ट्रक में आग लग गई। उधर चकदहा गांव के राम अवतार के शटरिंग की दुकान में आग लगने से इसका भारी नुकसान हुआ है।

# आतंकवाद का पुतला फूंक जताया आक्रोश

कार्यालय संवाददाता, बांदा



पुतला फूंकते हिंदू संगठन के कार्यकर्ता। अमृत विचार

- विहिप और बजरंगदल कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

**अमृत विचार।** जम्मू-कश्मीर के रियासी में नौ जून को एक बस पर आतंकी हमला हुआ था। इस घटना को लेकर देशवासियों में आक्रोश है। आज बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने आतंकवाद का पुतला फूंककर विरोध प्रदर्शन किया। आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान मुर्दाबाद और आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे लगाए।

बुधवार को बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि यह घटना संपूर्ण देशवासियों को स्तब्ध करने वाली है। इस क्रूरतम दुष्कृत्य से पूरा देश आहत है और आक्रोश में है। जम्मू कश्मीर लंबे समय से पाकिस्तान पोषित आतंकवाद का दंश झेल रहा है। धारा 370 हटने के बाद भी लगता है कि उग्रवादियों का मनोबल अभी कम नहीं हुआ है। लक्षित हत्या की घटनाएं बढ़ीं हैं। इन सब के पीछे स्पष्ट रूप से पाकिस्तान का हाथ है। बजरंग दल के पदाधिकारियों ने कहा कि देश में नई सरकार के शपथ के समय इस प्रकार का दुस्साहसिक कृत्य करके आतंकवादियों ने देश की संप्रभुता को चुनौती दी है। बजरंग दल इस कायराना कृत्य की तीव्र निंदा करते हुए इस प्रकार की गतिविधियों पर पूर्ण नियंत्रण पाने के लिए निर्णायक और कठोर कदम उठाने की मांग करता है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष चंद्रमोहन बेदी,रामराज गुप्ता ,शिवविलाश शर्मा ,सुनील धुरिया नगर अध्यक्ष,सुमित कुमार सोनी, राजेन्द्र गुप्ता आदि रहे।

# विज्ञान के मेधावियों को मिलेगी 80 हजार की छात्रवृत्ति

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय की इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के अंतर्गत इंटरमीडिएट उत्तीर्ण विज्ञान वर्ग के मेधावियों को उच्च शिक्षा के लिए इंस्पायर छात्रवृत्ति दी जाएगी। इस धनराशि से विद्यार्थियों को भविष्य में इंजीनियरिंग, मेडिकल, डिग्री एवं पीजी आदि कोर्स करने में मदद मिलेगी। आवेदन के लिए पोर्टल चालू कर दिया गया है।जिले में विज्ञान वर्ग से इंटरमीडियट उत्तीर्ण मेधावी छात्र-छात्रों के लिए शासन ने इंस्पायर अवार्ड मानक योजना शुरू की है। जनपद में ऐसे करीब 25 मेधावी छात्र हैं। योजना में चयनित विद्यार्थियों को पांच वर्ष तक योजना के तहत 80 हजार रुपये की स्कॉलरशिप प्रतिवर्ष दी जाएगी। आवेदन के बाद चयनित विद्यार्थियों को प्रतिवर्ष 60 हजार रुपये विज्ञान विषय में डिग्री और मास्टर डिग्री के लिए मिलेंगे और शेष 20 हजार रुपये मान्यता प्राप्त रिसर्च सेंटर में समर रिसर्च प्रोजेक्ट के लिए मिलते हैं। यह छात्रवृत्ति फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोकेमिस्ट्री, मैथ्स, जूलॉजी, बायोलॉजी, स्टेटिस्टिक्स, जियोलॉजी, एस्ट्रोनॉमी, इलेक्ट्रानिक्स, बॉटनी, एंथ्रोपोलॉजी, जियोफिजिक्स, साइंस, माइक्रोबायोलॉजी, एटमोस्फियरिक साइंस, ओशनिक साइंस, एस्ट्रोफिजिक्स, इकोलॉजी, मरीन बायोलॉजी, जेनेटिक्स, बायोफिजिक्स के विद्यार्थियों को मिलेगी।

> इंस्पायर स्कॉलरशिप के लिए आयु 17 से 22 वर्ष होनी चाहिए। इंटरमीडिएट पास करने के एक वर्ष के अंदर आवेदक को विज्ञान के कोर्स बीएससी, एमएससी, एमएस कोर्स, इंजीनियरिंग, मेडिकल आदि में प्रवेश जरूरी है। चयन होने के बाद पांच वर्ष तक इंस्पायर स्कॉलरशिप मिलेगी। योजना का पोर्टल भी ओपन हो चुका है।
>
> – पवन कुमार श्रीवास्तव, डीआईओएस

# पेशवर अपराधियों पर करें कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- पुलिस कर्मियों की समयाएं सुनीं, निस्तारण के निर्देश

**अमृत विचार।** अपराध समीक्षा बैठक व पुलिस कर्मियों के सम्मेलन में उनकी समस्याओं से पुलिस अधीक्षक ने संज्ञान में लिया। एसपी ने पुलिस कर्मयों के सम्मेलन में उठी समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित को आदेशित किया। कहा कि उनका समयबद्ध निस्तारण वरीयता के आधार पर किया जाये। वही अपराधों की समीक्षा करते हुए कहा कि नये माफियाओं तथा पेशेवर अपराधियों का चिह्नांकन कर उनके विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई की जाये।

पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता की अध्यक्षता में मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी का आयोजन पुलिस लाइन के सभाकक्ष में किया गया। समीक्षा बैठक में एसपी ने कहा कि पूर्व में पंजीकृत गैंग के सभी सदस्यों के विरूद्ध सफल अभियोजन व अन्य विधिक कार्यवाही की जाये। माफियाओं एवं संगठित अपराधियों द्वारा अवैध रूप से अर्जित संपत्ति को गैंगस्टर अधिनियम के अन्तर्गत जब्तीकरण की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में घटित अपराधों के सम्बन्ध में मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी के माध्यम से कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, यातायात प्रबधंन आदि के सम्बन्ध में समीक्षा की गई। लोकसभा निर्वाचन को निर्वाद व सकुशल सम्पन्न कराने पर अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा की गई कार्यवाही की प्रशंसा की गयी। आह्वान किया गया कि नियमित विवेचना, अपराध नियंत्रण, अभियोजन, जनसुनवाई, बीट पुलिसिंग प्रणाली, आपरेशन कन्विक्शन, आपरेशन त्रिनेत्र, मिशन शक्ति तथा शासन व मुख्यालय स्तर से चलाये जा रहे अभियानों पर और अधिक ध्यान दिया जाये। लम्बित छूटे मामलों को संज्ञान लेकर त्वरित निस्तारण कराया जाये । एसपी ने कहा कि महिला एवं बच्चो से सम्बन्धी अपराधों को अत्यधिक गम्भीरता से लेते हुए संलिप्त अभियुक्तों के विरूद्ध त्वरित वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। न्यायालय में प्रभारी पैरवी करते हुए अभियुक्तों को कठोरतम सजा दिलायी जायें। महिला सुरक्षा के लिए महिला बीट/महिला हेल्प डेस्क आदि के कार्यों की समीक्षा कर पुलिस बीट प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाया जाये।

# हादसे को दावत दे रहा जला ट्रक

**सुमेरपुर।** 19 दिन पूर्व बस स्टाप में जलकर खाक हुए ट्रक को प्रशासन बस स्टाप में हाईवे पर खड़ा कराकर दुर्घटनाओं को दावत दे रहे हैं। यहां किसी भी वक्त बड़ा हादसा हो सकता है। पिछले 23 मई की रात एक ट्रक कबरई से गिट्टी लादकर कानपुर जा रहा था। बस स्टैंड में यह अनियंत्रित होकर विद्युत पोल तोड़ता हुआ दुकानों के सामने पलट गया था। 24 मई को करीब 11 बजे ट्रक को सीधा करते समय आग लग गई थी। इसमें ट्रक जलकर खाक हो गया था। इसके बाद जले हुए ट्रक को सीधा कराकर बस स्टॉप में हाईवे के ऊपर खड़ा कर दिया गया था। तब से यह ट्रक बस स्टॉप में हाईवे पर ही खड़ा होकर हादसे को न्योता दे रहा है।

# गर्मी और लू से बच्ची सहित तीन की मौत

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)



मौदहा सीएचसी में एक बेड पर तीन मरीजों को चढ़ती बोतलें। अमृत विचार

- 16 बेड वाले सीएचसी में 40 मरीजों को भर्ती कर किया जा रहा इलाज

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी व लू से अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। वहीं इस बीमारी से लोगों की मौत भी हो रही है। मंगलवार को एक बच्ची सहित तीन लोगों की मौत हुई है।

कस्बा स्थित उच्चीकृत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे कई विशेषज्ञ चिकित्सकों की भारी कमी के बाद भी यहां आने वाले प्रतिदिन 500 नए मरीजों के लिए मौजूदा संसाधन पर्याप्त न होने के बावजूद सभी का इलाज तो किया ही जा रहा है। लेकिन 16 बेड के दो वार्डों में 40 मरीजों को भर्ती कर कैसे इलाज किया जा रहा है। यह इन तस्वीरों में देखा जा सकता है। कोई बैठ के बोतल लगवा रहा है। तो एक-एक बेड में तीन-तीन लोग पड़े हुए हैं। कोई गेट के पास ही बैठा हुआ बोतल चढ़वा रहा है। हालात यह हैं कि 11:00 बजे महिला ओपीडी कक्ष बंद था। महिला मरीजों की लंबी लाइन लगी थी। अस्पताल में वीको की कमी थी। एक वार्ड में ऐसी चल रही थी पर्दे भी पड़े थे। वही इसी के जुड़े हुए वार्ड नंबर 29 में खुली हुई खिड़की थी। यहां का कूलर गायब। मरीज अपनी दास्तान बता रहे थे।

अस्पताल में भर्ती मरीज इमामुद्दीन की मां ने बताया कि उनके लिए सरकारी अस्पताल में सभी दवाएं निशुल्क नहीं मिली। डॉक्टर ने बाहर से दवा लिखी जो 380 रुपये की लाई। बेड में बैठकर बोतल चढ़वाने वाले लखनऊ से आए अभिषेक निगम ने बताया कि रिश्तेदारी में आया था। लू लग गई। लूज मोशन शुरू हो गए मंगलवार को भर्ती हुआ था। बेड में जगह न होने से बैठकर ही बोतल चढ़वा रहा हूं। पिपरौंदा गांव निवासी इंद्रपाल को बेड नहीं मिला। वह अस्पताल के मुख्य गेट पर बैठ बोतल लगवा रहा था। अस्पताल के अधीक्षक डॉ.रजत रंजन तिवारी ने बताया कि बड़ी संख्या में के मरीज भर्ती हो रहे हैं। उनकी मजबूरी है कि अस्पताल में मात्र 16 बेड है। इस रोग के मरीजों की संख्या औसतन 30 से 40 होती है। कुछ मरीज कई कई दिन भर्ती करना पड़ता है। अधिक गंभीर होने पर उन्हें बाहर के अस्पताल में भेजना पड़ता है।

# नीट के परिणाम के खिलाफ सपाइयों ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** बुधवार को समाजवादी छात्र सभा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में विद्यार्थी सड़कों पर उतरे और प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन में नीटके परिणाम रद कर सीबीआई जांच की मांग की।

देश में डॉक्टरी की पढ़ाई के लिए होने वाली प्रवेश परीक्षा 2024 के आयोजन व परिणाम से राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी(एनटीए) की अक्षमता तथा भ्रष्टाचार सामने आया है । नीट की प्रक्रिया तथा परिणाम रद कर सीबीआई जांच कराने व दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। आरोप लगाया कि लोकसभा परिणाम के दिन नीट के परिणाम घोषित कर एनटीए क्या छिपाना चाहती थी। नीट के परीक्षा परिणाम में एक ही सेंटर से कई टॉपर्स होने से इस वर्ष के परीक्षा परिणाम पर कई तरह से संदेह उत्पन्न हो रहा है। समाजवादी छात्र सभा ने जिलाध्यक्ष यशवंत सिंह यादव के नेतृत्व में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपकर मांग की है कि पुनः परीक्षा कराई जाए। इस मौके पर अचिन खरे, साजिद अली डॉलर, साकिब हाशमी, दिव्यांशू,अंकित कुमार,कपिल सिंह,कुणाल रहे।

# पांच पर पुलिस ने की गैंगस्टर की कार्रवाई

**अतर्रा।** पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गैंग लीडर सहित पांच सदस्यों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। थानाध्यक्ष पंकज सिंह ने दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा है कि सीमावर्ती मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले के नौगांव निवासी इकबाल खान उर्फ मोनू गैंग का सरगना है और क्षेत्र में संगठित गिरोह चलाता है। महोबा जिले के गांधी नगर शुक्रवारी बाजार निवासी रोहित वर्मा व मिल्कीपुरा निवासी वारिश मंसूरी उर्फ लुच्ची, अनजर निवासी संगम सोनी और देहात कोतवाली क्षेत्र के गुरेह गांव निवासी रानी कुशवाहा गिरोह के सक्रिय सदस्य हैं।

# यात्रा से मतदाताओं का जताया आभार

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



मौदहा में लोगों से मुलाकात करते कांग्रेसी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर हमीरपुर की दोनों विधानसभाओं में धन्यवाद यात्रा के आयोजन किया गया। हमीरपुर विधानसभा 228 में मौदहा में बाबा साहब डॉ भीमराव आम्बेडकर की प्रतिमा में पुष्पमाला चढ़ाकर धन्यवाद यात्रा निकाली गई। यात्रा में जिलाध्यक्ष हिमांशु सैनी, सलीम अहमद मजदूर पीसीसी मेम्बर, मोहम्मद अब्बास जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, जाकिर खां पढ़ोरी, श्याम सुन्दर कुशवाहा जिला सचिव, शफील उर्फ राजू, मो जाकिर पूर्व प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक सभा, शमशुद्दीन सेवादल अध्यक्ष रहे।

### कांग्रेसियों ने बबेरू में मतदाताओं को दिया धन्यवाद

**बबेरू।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी अविनाश पांडेय के निर्देश पर धन्यवाद कार्यक्रम के तहत बुधवार को कस्बे में नगर कांग्रेस कमेटी की अगुवाई में धन्यवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रद्युम्न दुबे लालू ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए कहा कि नफरत की राजनीति करने वालों के खिलाफ इंडिया गठबंधन संविधान बचाने को लेकर इस लड़ाई को लड़ रहा है।

## सार-संक्षेप

### बाल श्रम निषेध दिवस पर हुए जागरूकता कार्यक्रम

**हमीरपुर।** जिले के विकास खंड मौदहा के ग्राम पंचायत लदार में विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जन संस्था के जिला समन्वयक ने बाल श्रम से जुड़े जोखिम के बारे में अभिभावकों को बताया। समन्वयक ने बताया कि 14 वर्ष से कम उम्र में बच्चों से काम नहीं करवाना चाहिए। उन्होंने बच्चों के शिक्षा पर ध्यान देने पर बल दिया। श्रम प्रवर्तन अधिकारी असद खान ने बाल श्रम निषेध दिवस को मनाने का कारण, बच्चों के शिक्षा के अधिकार व बाल श्रम कराने वाले पर होने वाली कानून कार्यवाही आदि के विषय में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने संस्था के कार्यक्रम की सराहना की। कार्यक्रम में बच्चों और अभिभावकों ने प्रतिभाग किया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मनोज कुमार ने ऐसे कार्यक्रम दोबारा आयोजन करने को आमंत्रित किया। इस मौके पर श्रम विभाग के सूरज भान, पंचायत सहायक विजय सिंह, आंगनबाड़ी कार्यकत्री उर्मिला व अनीता, संस्था के जन साथी फैसिलिटेटर रामनारायण, फील्ड आफिसर पंकज व रश्मि, आदित्य, रजिया व लाखन आदि मौजूद रहे। बच्चों व अभिभावकों को फल वितरित करके कार्यक्रम का समापन किया गया।

### 130 वर्षीय संत स्वामी आत्मस्वरूप का निधन



आत्म स्वरूप ।

**मुस्करा।** 130 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके स्वामी आत्म स्वरूप महाराज बुधवार को ईश्वर में लीन हो गए। इस खबर से कस्बा सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। कस्बे में महोबा रोड स्थित बालाजी धाम के महंत श्री श्री 1008 स्वामी आत्म स्वरूप महाराज 130 वर्ष के थे। जिन्होंने बाल ब्रह्मचारी रहकर पूरा जीवन प्रभु की सेवा और जनमानस की सेवा में समर्पित कर दिया। डॉ मनोज त्रिपाठी ने बताया कि वह बड़े ही तीखे और निश्चल स्वभाव के संत थे, अपनी मृत्यु की तिथि का भी उन्हें ज्ञान था। जिससे अपनी मृत्यु से पहले ही उन्होंने बालाजी धाम में अपनी समाधि के लिए खुदाई भी करवा ली थी। बताया कि बुधवार को बाला जी महाराज की सेवा कर दोपहर 1:30 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। इस खबर से पूरे क्षेत्र और कस्बे में शोक की लहर दौड़ गई। उनकी समाधि में हजारों की भीड़ उमड़ पड़ी और लोग उनके अंतिम दर्शन के लिए लाइनों में खड़े नजर आए।

### शिकायतों के निस्तारण के लिए फरियादी परेशान

**सुमेरपुर।** खंड विकास अधिकारी के कार्य मुक्त होते ही विकासखंड कार्यालय में तैनात कर्मचारी अधिकारी बेलगाम हो गए हैं। फरियादी दिनभर शिकायतों के निस्तारण के लिए ब्लॉक कार्यालय के चक्कर काटकर बैरंग लौट रहे हैं। बुधवार को अशोक कुमार, राकेश कुमार, जयप्रकाश आदि ने बताया कि वह खंड विकास अधिकारी के पास शिकायत लेकर आए थे, लेकिन बीडीओ के न होने से शिकायत का समाधान नहीं हुआ है। बुधवार को 12 बजे दिन तक विकासखंड कार्यालय से सभी जिम्मेदार एडीओ भी नहीं थे। इस वजह से शिकायत कर्ताओं की शिकायत का भी समाधान नहीं हो सका था। प्रभारी एडीओ पंचायत मनीष कौशिक ने बताया कि वह जिला मुख्यालय चले आए थे। ब्लॉक कार्यालय में कौन था, उन्हें यह जानकारी नहीं है।

### दिनदहाड़े घर में घुसकर युवकों ने की लूटपाट

**मौदहा (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम करहिया गांव निवासी अनसुइया देवी पत्नी अशोक कुमार ने तहरीर देकर बताया कि वह 9 जून को दोपहर 12 बजे घर में सो रही थी और उसके दो बच्चे खेलने घर से बाहर निकले थे। तभी दो अज्ञात चोर तमंचा लिए उसके एक लड़के आयुष को पकड़कर घर के अंदर आ गए और लड़के की कनपटी में तमंचा रखकर घर में जो कुछ भी हो निकालने की बात कहने लगे। जिससे भयभीत होकर उसने घर में रखी सोने की झुमकी तथा मंगलसूत्र सहित नगद रुपये उन्हें सौंप दिए। इसके बाद दोनों ने घटना की जानकारी देने पर लड़के को जान से मारने की धमकी दी।

कार्रवाई — बिसंडा ब्लाक के कोर्रा खुर्द में किसानों से भूसा खरीद में सामने आई सरकारी धन की घपलेबाजी

# भूसा का भुगतान न करने पर दो सचिव निलंबित, प्रधान को नोटिस

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- गौवंशों के लिए आई धनराशि का बंदरबांट
- किसानों ने खटखटाया अदालत का दरवाजा



सड़क पर बैठे गोवंश। अमृत विचार

**अमृत विचार।** प्रदेश की योगी सरकार भले ही गांव-गांव गौशाला स्थापित कर गौवंश के बेहतर संरक्षण और उनके भरण पोषण की व्यवस्था करने का दावा करती है, लेकिन हकीकत सरकारी दावों के ठीक उलट ही है। किसानों को अपने भूसे के भुगतान के लिए भी अदालत का दरवाजा खटखटाना पड़ रहा है। ऐसा ही एक मामला बिसंडा ब्लाक के कोर्रा खुर्द गांव में सामने आया है, जिसमें ग्राम प्रधान व सचिव ने मिलीभगत करके गौवंश के भरण पोषण के लिए आई धनराशि को बंदरबांट कर लिया और किसानों के फर्जी शपथपत्र दाखिल करके पूरा भुगतान दिखा दिया गया। किसानों ने जब अदालत की शरण ली तब उच्चाधिकारियों की नींद खुली और आनन फानन में एक पूर्व सचिव और मौजूदा सचिव को निलंबित करके ग्राम प्रधान को वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार सीज करने का नोटिस थमा दिया गया है।

विकासखंड बिसंडा के कोर्रा खुर्द गांव के किसानों ने गौशाला के लिए खरीदे गए भूसा का भुगतान न किए जाने के संबंध में हाईकोर्ट में याचिका दायर करके भुगतान कराए जाने की गुहार लगाई। जिस पर हाईकोर्ट ने 17 मई 2024 को किसानों को दो लाख 97 हजार रुपए का भुगतान करने की हिदायत दी। अदालत के आदेश के अनुपालन में शासन स्तर से तत्काल 98 दिन के भुगतान के लिए दो लाख चार हजार आठ सौ रुपए ग्राम पंचायत के खाते में भेज दिए गए। लेकिन ग्राम प्रधान और सचिव की मिलीभगत के चलते किसानों को धनराशि का भुगतान नहीं किया गया और न्यायालय में चार किसानों के खाते में भुगतान करने के साथ ही शेष के भुगतान की धनराशि का चेक तैयार करने के संबंध में शपथ पत्र बना दिया गया। बाद में अधिकारियों के संज्ञान में आया कि किसी किसान को कोई धनराशि नहीं दी गई और न ही उनका भुगतान किया गया। बताया गया कि मांग के अनुसार 98 दिन के भरण पोषण की कुल धनराशि दो लाख चार हजार आठ सौ रुपए होती है, लेकिन तत्कालीन सचिव अनिल सिंह ने दो लाख 97 हजार का बकाया भुगतान दर्शाया। जिससे तत्कालीन सचिव की भूमिका संदिग्ध प्रतीत होती है। साथ ही गलत तथ्य प्रस्तुत कर अदालत में फर्जी शपथ पत्र तैयार कराने और किसानों का भुगतान न किए जाने के मामले में मौजूदा सचिव अरविंद कुमार को दोषी पाया गया। ऐसे में दोनों सचिवों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। जबकि पूरे मामले में ग्राम प्रधान प्रियंका पटेल की संलिप्तता को देखते हुए वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार सीज करने के संबंध में धारा 95(1)(जी) के तहत नोटिस भेजा है। कहा है कि 21 दिनों के अंदर संतोषजनक स्पष्टीकरण न मिलने पर प्रधान के अधिकारों को प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। उधर तत्कालीन सचिव अनिल सिंह ने अपने ऊपर लगे आरोपों को निराधार बताते हुए गेंद ग्राम प्रधान और मौजूदा सचिव के पाले में डाल दी है। कहा है कि यह प्रकरण जिस समय का है, उस समय वह यहां तैनात नहीं थे।

# घरेलू झगड़े में होमगार्ड ने फांसी लगाकर दी जान

**राठ (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के चिरवा गांव में एक होमगार्ड ने घरेलू झगड़े के चलते अपने मकान के कमरे में फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। चिरवा गाँव निवासी दशरथ अहिरवार 45 पुत्र रामचरण होमगार्ड में है। बताया जाता है कि मंगलवार की शाम होमगार्ड दशरथ शराब के नशे में घर पहुंचा। इस दौरान घर में मौजूद पत्नी और पुत्र किसी बात को लेकर विवाद हो गया। रात को सूना घर पाकर कमरे में दशरथ ने फांसी लगा ली। मृतक के परिजनों ने बताया कि दशरथ होमगार्ड के पद पर तैनात था तथा वर्तमान में हमीरपुर मुख्यालय में ड्यूटी कर रहा था। बताया कि मृतक के नाम लगभग सवा बीघा कृषि भूमि भी थी। होमगार्ड की मौत पर पत्नी संतोष रानी सहित पुत्र किशन के अलावा पुत्री गोमती और भारती का रो रोकर बुरा हाल था।

न हि कश्चित्क्षणमपि जातु तिष्ठत्यकर्मकृत्।
कार्यते ह्यवशः कर्म सर्वः प्रकृतिजैर्गुणैः॥

निःसंदेह कोई भी मनुष्य किसी भी काल में क्षणमात्र भी बिना कर्म किए नहीं रहता, क्योंकि सारा मनुष्य समुदाय प्रकृति जनित गुणों द्वारा परवश हुआ कर्म करने के लिए बाध्य किया जाता है।

## संपादकीय

# पाकिस्तान और आतंकवाद

जम्मू-कश्मीर में शांतिपूर्ण माहौल को बिगाड़ने की पाकिस्तान की कोशिशों के कारण ही जम्मू क्षेत्र में आतंकवादी गतिविधियों में तेजी आई है। पाकिस्तान हमेशा से जम्मू क्षेत्र में शांति भंग करने के प्रयास करता रहता है। रविवार को आतंकवादियों ने तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक बस पर हमला किया जिसमें नौ लोग मारे गए। दो दिन बाद, आतंकवादियों ने डोडा में एक संयुक्त जांच चौकी पर हमला किया जिसमें छह सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। एक अन्य घटना में मंगलवार को कठुआ जिले में सुरक्षा बलों ने एक संदिग्ध पाकिस्तानी आतंकवादी को मार गिराया। बुधवार को एक अन्य आतंकवादी को भी मार गिराए जाने के बाद रात भर चली मुठभेड़ समाप्त हो गई, लेकिन ऑपरेशन में सीआरपीएफ का एक जवान शहीद हो गया। अधिकारियों के मुताबिक मारे गए दोनों आतंकवादी पाकिस्तानी बताए जा रहे हैं। तीन दिनों के भीतर हुए इन तीन हमलों से लोगों में डर का माहौल है। जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमलों में तेजी इस बात की याद दिलाती है कि पाकिस्तान प्रायोजित नापाक तत्व इस क्षेत्र में अपने पैर पसार रहे हैं और यह सामान्य स्थिति बहाल करने के सरकार के दावों की सच्चाई को उजागर करता है। कहा जा रहा था कि 370 हटने के बाद कश्मीर में आतंकवाद खत्म हो गया। परंतु पहले तो आतंकी सिर्फ कश्मीर घाटी में ही हमला करते थे अब तो यह हमले जम्मू संभाग में भी हो रहे हैं, जो एक नई सुरक्षा चुनौती पेश कर रहा है।

अमेरिका, ब्रिटेन आदि पश्चिमी देशों का भी यह आरोप रहा है कि पाकिस्तान प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से विभिन्न आतंकी कार्रवाइयों में लिप्त रहा है। प्रमुख इस्लामी आतंकी संस्थाएं जैसे लश्कर-ए-तैयबा, लश्कर-ए-ओमर, जैश-ए-मोहम्मद, हरकतुल मुजाहिद्दीन, सिपाह-ए-सहाबा, हिज़्बुल मुजाहिदीन आदि सब के सब पाकिस्तान में रहकर अपनी आतंकी गतिविधियां चलाते हैं। महत्वपूर्ण है कि दूसरे कार्यकाल के लिए कार्यभार संभालने के तुरंत बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि पाकिस्तान से उत्पन्न होने वाले सीमा पार आतंकवाद से निपटने के प्रयास किए जाएंगे क्योंकि यह 'एक अच्छे पड़ोसी की नीति' नहीं हो सकती है। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि आंतकवादी हमला जम्मू क्षेत्र में अशांति फैलाने की नापाक साजिश का हिस्सा है। कहा जा सकता है कि पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों से बाज आने वाला नहीं है। आतंकवादियों ने बीएसएफ के सुरक्षा बाड़ को पार कर सुरंग के जरिए घुसपैठ की होगी। यह अंतर्राष्ट्रीय सीमा के करीब है। सरकार को पुख्ता सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। भारत को यह सुनिश्चित करना होगा कि विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर उसकी ओर से पाकिस्तान की घेराबंदी जारी रहे।

# प्रकृति पर नियंत्रण की चाह में उत्पन्न होती हैं समस्याएं



गुंजन मिश्र
पर्यावरणविद

जलवायु परिवर्तन के कारण सबसे ज्यादा नुकसान कृषि क्षेत्र को उठाना पड़ सकता है। इसलिए विश्व का किसान वर्ग जो धरती को सजाने संवारने का काम करता है। वह इस जलवायु स्थांतरण के कारण सबसे ज्यादा प्रभावित होगा। वैसे भी भारत का पर्यावरणीय सूचकांक 180 देशों में 176 वें स्थान पर है, मानव स्वतंत्रता सूचकांक पर भारत का प्रदर्शन स्कोर 2023 में मामूली रूप से कम हो गया।

जलवायु परिवर्तन, आर्थिक असमानता, बेरोजगारी, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, जल, मिट्टी, हवा एवं अन्य पर्यावरणीय समस्याएं दिन पर दिन सरकारों के लिए चुनौती बनती जा रही हैं। इन समस्याओं से निपटने के लिए सरकारों को कम से कम पंचमहाभूतों के लिए एक एकीकृत कार्यक्रम चलाना होगा, तभी धरती पर जीवन संभव हो सकेगा।

सरकारों को सबसे पहले लोगों की आधारभूत जरूरतों को पूरा करना होगा, जो कि प्रकृति द्वारा मुफ्त में यह सुविधाएं उपलब्ध हैं, इनका सही तरह उपयोग व संरक्षण कैसे हो इस पर एक एकीकृत कार्य योजना तैयार करनी होगी। क्योंकि अभी तक सरकार अलग-अलग तरह से जल, मिट्टी, हवा की विभिन्न समस्याओं को हल करने का प्रयास करती रही हैं जिससे यह समस्याएं और विकराल होती गई, क्योंकि प्रकृति में सबकुछ एक दूसरे से जुड़ा है। अध्ययनों से पता चलता है कि जलवायु परिवर्तन के कारण गेहूं और चावल की फसलों में 2030 तक छह से 10 प्रतिशत की कमी देखी जा सकती है। इसी तरह विश्व बैंक की रिपोर्ट कहती है कि जलवायु परिवर्तन के कारण 15 वर्षों में 45 मिलियन लोग अत्यधिक गरीबी की श्रेणी में आ जाएंगे।

जलवायु परिवर्तन के कारण सबसे ज्यादा नुकसान कृषि क्षेत्र को उठाना पड़ सकता है। इसलिए विश्व का किसान वर्ग जो धरती को सजाने संवारने का काम करता है। वह इस जलवायु स्थांतरण के कारण सबसे ज्यादा प्रभावित होगा। वैसे भी भारत का पर्यावरणीय सूचकांक 180 देशों में 176 वें स्थान पर है, मानव स्वतंत्रता सूचकांक पर भारत का प्रदर्शन स्कोर 2023 में मामूली रूप से कम हो गया। 2015 से 2023 तक भारत के समग्र प्रदर्शन स्कोर में 9 प्रतिशत की गिरावट आई है। मानव स्वतंत्रता सूचकांक 2023 में 165 देशों में भारत 109 वें स्थान पर है। इसके अलावा मानव विकास सूचकांक में भारत ने दिखाई प्रगति, 193 देशों में 134 वें स्थान पर 2021 में गिरावट के बाद, भारत का एचडीआई मूल्य 2022 में 0.633 से बढ़कर 0.644 हो गया जिससे देश मध्यम मानव विकास श्रेणी में आ गया। शायद यही कारण है कि ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2023 में भारत को 125 देशों में से 111 वें स्थान पर रखा गया है जिसमें देश में सबसे अधिक 18.7 फीसदी बाल कुपोषण दर दर्ज की गई है। हालांकि केंद्र सरकार ने तुरंत इस रिपोर्ट को गलत बताते हुए खारिज कर दिया है। इस सूचकांक में 28.7 अंक के साथ भारत में भूख का स्तर 'गंभीर' बताया गया है। इसी तरह तमाम इंडेक्स जो विभिन्न एजेंसियों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय स्तर किए जाते हैं, उनमें भारत की तस्वीर कुछ अच्छी नहीं दिखाई देती है।

वैज्ञानिकों और नीति निर्माताओं ने लालच के चलते प्रकृति को काबू करने की ललक में जितनी समस्याओं का समाधान किया है, उससे ज्यादा समस्याओं को जन्म दिया है। क्योंकि विज्ञान के पास प्राकृतिक नियमों के अनुसार स्थायी तौर पर समस्याओं को हल करने की क्षमता नहीं है। यही कारण है कि अब गर्म रातों कि वजह से भविष्य में होने वाली गर्मी से मौतों कि संख्या में छह गुना वृद्धि हो सकती है। सच तो यह है कि अब हम उस मुकाम पर पहुंच चुके हैं, जब हमको मनुष्य बचाओ अभियान की शुरुआत करनी होगी। क्योंकि बैंक जो विकास के नाम पर पैसा या कर्ज देते हैं वह अपने फायदे के कारण मानवता और पर्यावरणीय नियमों को ताक पर रख देते है। इसीलिए आज हमको ऐसे नियमों और कानूनों की जरूरत है, जो मानवता के आधार पर वैश्विक समस्याओं का समाधान बन सके।

इन सब समस्याओं के बाबजूद भारत विश्व में पांचवी अर्थव्यवस्था वाला देश है। यही कारण है कि आज पूरा विश्व भारत की तरफ एक उम्मीद के साथ नजरे लगाए बैठा है कि भारत ही इस संकट की घड़ी में विश्व को एक नया रास्ता देगा। अतः नई सरकार को चाहिए कि आम आदमी के जीवन को बेहतर प्रवंधन देने के लिए निम्न बिंदुओं पर भी ध्यान दिया जाए तो शायद देश का आम जन अपने को खुश और समृद्ध पा सकेगा, जो योजनाएं धरती के संरक्षण व किसानों की आय में वृद्धि के लिए लागू की गई है, उन्हें उचित प्रबंधन के साथ लागू किया जाए। देश में "प्राकृतिक वसीयत" के लिए अध्यादेश लागू हो। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर "वसुधैव कुटुंबकम्" का सिद्धांत लागू हो, इसे रोम संविधान के अनुसार दुनिया का सर्वोच्च सिद्धांत माना जाए। इस पर भारत सरकार की तरफ से पहल हो। दुनिया में "सहअस्तित्व" के आधार पर पर्यावरणीय कानून एक समान हो। पर्यावरणीय आकलन करते समय "सहअस्तित्व प्रभाव" भी शामिल किया जाए। महिलाओं की भागीदारी में पिछले सालों में वृद्धि देखी गई, उसको बरकरार रखा जाए। इसके अलावा दिहाड़ी मजदूरों द्वारा बढ़ती आत्महत्या की घटनाओं को ध्यान में रखते हुए उनकी आर्थिक समस्याओं को हल करने के लिए सहायता प्रदान की जाए। प्राकृतिक संपदा के आधार पर धनी व्यक्ति का चयन हो। साथ ही सहअस्तित्व प्रभाव के आधार पर प्रत्येक योजना और परियाजनाओं का आर्थिक मूल्यांकन हो। न्यूनतम समर्थन मूल्य किसानों के उत्पाद की गुणवत्ता पर आधारित हो। भारत के संविधान में मजबूत "इको साइड" कानून की व्यवस्था हो। इसके अलावा "आर्थिक असमानता" आयोग की स्थापना की जाए। किसानों को 'पंचमहाभूत संरक्षक' के रूप में सम्मानित किया जाए।

इसके इतर वैश्विक समस्याओं के समाधान हेतु मानवीय कृषि को एक उम्दा समाधान मानकर उचित मानदंड स्थापित किए जाएं। सामाजिक न्याय और प्राकृतिक संतुलन को मानवता के लिए किए गए कार्यों में शामिल किया जाए और वस्तु विनिमय प्रणाली को लागू कर प्रोत्साहित किया जाए। साथ ही जलवायु न्याय के मुद्दे के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहल हो। राजनैतिक पार्टियों की पर्यावरणीय नीति घोषित हो। पंचमहाभूतों के संरक्षण हेतु एक एकीकृत योजना लागू की जाए। साथ ही साथ आम जन को आत्मनिर्भर बनाने के लिए एक समयबद्ध कार्ययोजना तैयार की जाए। किसान कौन है, इसके लिए देश के संविधान में किसान की परिभाषा सुनिश्चित हो और मानवीय कृषि को एक राष्ट्रीय कार्य घोषित किया जाए। इसके अलावा एक ऐसी कृषि पद्धति का प्रसार हो जिसमे छोटे-बड़े सभी किसान समृद्ध और स्वायत्त हो सके और किसानों के लिए कार्बन क्रेडिट प्रक्रिया में एक स्वायत्त संस्थान की स्थापना की जाए। प्रकृति के नियमों के अनुसार खेती करने वाले किसानों को "राष्ट्रीय किसान" का घोषित किया जाए। प्रत्येक व्यक्ति की प्राकृतिक जरूरत एवं प्राकृतिक कर्ज का आकलन किया जाए।

वैज्ञानिकों और नीति निर्माताओं ने लालच के चलते प्रकृति को काबू करने की ललक में जितनी समस्याओं का समाधान किया है, उससे ज्यादा समस्याओं को जन्म दिया है। क्योंकि विज्ञान के पास प्राकृतिक नियमों के अनुसार स्थायी तौर पर समस्याओं को हल करने की क्षमता नहीं है। यही कारण है कि अब गर्म रातों कि वजह से भविष्य में होने वाली गर्मी से मौतों कि संख्या में छह गुना वृद्धि हो सकती है। सच तो यह है कि अब हम उस मुकाम पर पहुंच चुके हैं, जब हमको मनुष्य बचाओ अभियान की शुरुआत करनी होगी। क्योंकि बैंक जो विकास के नाम पर पैसा या कर्ज देते हैं वह अपने फायदे के कारण मानवता और पर्यावरणीय नियमों को ताक पर रख देते है। इसीलिए आज हमको ऐसे नियमों और कानूनों की जरूरत है, जो मानवता के आधार पर वैश्विक समस्याओं का समाधान बन सके।

उपरोक्त सुझावों को ध्यान में रखते हुए सरकार को चाहिए जो योजनाएं व परियोजनाएं गांवों, किसानों, महिलाओं आदि के लिए चलाई जा रही हैं, उनका उचित क्रियान्वयन हो, क्योंकि बहुत सी अच्छी योजनाओं का धरातल पर न आना सरकारी कर्मचारियों की अनदेखी या नियमों का लचीलापन इस पर हावी होता दिखाई देता है। इसलिए जीवन की जो मूलभूत आवश्यकताएं हैं, उनको किस तरह सहअस्तित्व के सिद्धांत के साथ कैसे पूरा किया जाए इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। इसी के अंतर्गत शायद यह उपरोक्त सुझाव कुछ सरकारों की मदद कर सके या काम आ सके।

## प्रसंगवश

# योजनाओं की पुनर्समीक्षा

उत्तर प्रदेश में चुनाव परिणामों के मद्देनजर सरकार को अब लाभार्थी योजनाओं की पुनर्समीक्षा करनी चाहिए। मुफ्त या बेहद सस्ते दरों पर खाद्यान्नों के वितरण, प्रधानमंत्री आवासीय योजना और कार्यक्रमों की समीक्षा के बाद नए सिरे से ये योजनाएं बदले कलेवर में लागू होनी चाहिए।



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

'सबका साथ सबका विकास' से क्या नतीजा निकला? खबर है कि एक गांव में दो सौ से ज्यादा प्रधानमंत्री आवास दिए गए और भाजपा को शून्य मत मिला। ठीक है यह वेल्फेयर स्टेट है, धर्म निरपेक्ष देश है और संविधान भी जाति धर्म के नाम पर भेदभाव की इजाजत नहीं देता। फिर भी कुछ जन कल्याण कार्यक्रमों के पुनर्निर्धारण में क्या हम कुछ बिंदुओं को समाहित नहीं कर सकते? जैसे लाभार्थी योजनाओं का लाभ केवल उन्हीं को मिले जिनका नियोजित परिवार हो। संपन्न सामान्य चुनाव ने सबक दे दिया है। नई सरकार को कड़ी मेहनत और योजनाओं की पुनर्समीक्षा करनी ही होगी और नए रूप में कतिपय नए मानदंडों के साथ लाभार्थी योजनाओं को अमल में लाना होगा। मुफ्त के राशन के अलावा तमाम योजनाओं की अनौचित्यपूर्ण सब्सिडी बंदकर देश की सुरक्षा और अनुसंधान के बजट को बढ़ाया जाना बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य की बड़ी जरुरत है।

चुनावों के इतिहास में 2024 में एक खास मजहबी मतदाताओं का जो ध्रुवीकरण हुआ वह अभूतपूर्व है। सौ में सौ फीसदी मत मौजूदा सरकार के विरोध में गए और यह जग जाहिर है कि लाभार्थी योजनाओं के सबसे बड़े उपभोक्ता यही हैं। बहुसंख्यकों की तुलना में एकदम असमान संसाधनों का वितरण है यहां। इससे बहुसंख्यकों में उचित ही, असंतोष पनप रहा है। आखिर कामन सिविल कोड कब आएगा? केंद्र की कोई मजबूरी हो तो प्रदेश स्वतंत्र तौर पर क्यों नहीं इसे अपनी विधानसभाओं में पारित कर लागू करते जैसा कि एक दो राज्य यह पहल शुरू कर चुके हैं। वैसे भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने इसके पक्ष में कई बार सरकारों को निर्देशित किया है।

# शेयर बाजार अचानक क्यों करता है प्रतिक्रिया



ऋषभ मिश्रा
सहायक प्रोफेसर, केआईटी, कानपुर

घरेलू सियासी हालात : किसी देश की अर्थव्यवस्था का सीधा संबंध वहां के सियासी हालात से होता है। अगर देश में सियासी स्थितियां स्थिर होती हैं तो बाजार को मजबूती मिलती है।

बीता हफ्ता शेयर बाजार के लिए अभूतपूर्व रहा। इस दौरान इसने गिरने और उछलने के दोनों रिकॉर्ड तोड़ दिए। हालांकि ऐसा पहली बार नहीं था जब बाजार ने इतना तीव्रता से परिवर्तन (शार्प रिएक्ट) किया हो। एग्जिट पोल आने के अगले कारोबारी दिन (3 जून) को शेयर बाजार में उछाल देखा गया, लेकिन उसके अगले दिन यानी मतगणना के दिन बाजार में हाहाकार मच गया। उस दिन बेंचमार्क सेंसेक्स और निफ्टी 8 फीसदी से भी ज्यादा अंकों से नीचे लुढ़क गया। जिस वजह से बीएसई में लिस्टेड कंपनियों की मार्केट कैप में 31 लाख करोड़ रुपए की कमी देखी गई। हालांकि उसके अगले तीन दिनों में बाजार में शानदार रिकवरी देखी गई और 7 जून को तो बीएसई सेंसेक्स अपने सर्वोच्च स्तर पर (ऑल टाइम हाई) यानी कि 76,693 अंक के आंकड़ों पर पहुंच गया।

शेयर बाजार को प्रभावित करने वाले कारक अलग-अलग हो सकते हैं, लेकिन इसे ऊपर या नीचे करने वाले बड़े निवेशकों में से अहम हिस्सेदारी संस्थागत निवेशकों की होती है। ये निवेशक बड़े वित्तीय संस्थान पेंशन फंड, इंश्योरेंस कंपनियां, म्यूचुअल फंड, हेज फंड वगैरह होते हैं। ये देसी और विदेशी दोनों हो सकते हैं। इनके पास कंपनियों की माली स्थिति से लेकर देश के आर्थिक राजनीतिक परिदृश्य वगैरह को समझने और उसकी थाह लेने के लिए पर्याप्त संसाधन और सक्षम टीम होती है। इसलिए ये ऐसी स्थिति को भांपकर बाजार में अपनी चाल तय करते हैं और उन्हीं की चालों से बाजार की गति भी तय होती है। अब सवाल यह है कि वे कौन से प्रमुख कारक होते हैं जिनसे शेयर बाजार अचानक इतना 'रिएक्ट' करता है और निवेशकों की कमाई को एक झटके में ऊपर या नीचे पहुंचा देता है। इसके कुछ प्रमुख कारक हैं। घरेलू सियासी हालात : किसी देश की अर्थव्यवस्था का सीधा संबंध वहां के सियासी हालात से होता है। अगर देश में सियासी स्थितियां स्थिर होती हैं तो बाजार को मजबूती मिलती है। खासकर विदेशी निवेशक घरेलू शेयर बाजार में निवेश करने से पहले उस देश की राजनीतिक परिस्थितियों पर गौर करते हैं। 3 जून को सेंसेक्स 2507 अंकों यानी 3.55 फीसदी की बढ़त पर बंद हुआ। वजह थी एग्जिट पोल में मोदी सरकार की हैट्रिक बनने की संभावना। यानी सियासी स्थिरता में और मजबूती, लेकिन जब अगले ही दिन यानी 4 जून को भाजपा को पूर्ण बहुमत नहीं मिला तो राजनीतिक अस्थिरता की आशंका गहरा गई और सेंसेक्स 4,389 अंक गिरकर बंद हुआ।

अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक घटनाएं : किसी भी देश की अर्थव्यवस्था बंद नहीं रह सकती। वैश्विक स्तर पर होने वाली आर्थिक गतिविधियों का असर भारतीय बाजारों पर भी पड़ता है। वर्ष 2008 में वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारी मंदी छाई रही जिसके असर से भारत भी नहीं नहीं बच सका था। सालभर में बीएसई सेंसेक्स में कुल मिलाकर 63 फीसदी की गिरावट दर्ज हुई थी। यह 2007 के 20,000 पॉइंट्स से गिरकर 7700 तक पहुंच गया था। अंतर्राष्ट्रीय भू-राजनीति : वैश्विक स्तर पर होने वाली भू-राजनितिक गतिविधियों का भी सीधा असर शेयर बाजार पर होता है। मौजूदा समय में मध्य पूर्व में चल रहे इजराइल हमास युद्ध और यूक्रेन रूस सैन्य संघर्ष इसी तरह के भू-राजनीतिक फैक्टर हैं। इस तरह के तनाव ग्लोबल अर्थव्यवस्था पर जबरदस्त नेगेटिव प्रभाव डालते हैं जिसके फलस्वरूप शेयर बाजारों पर दबाव बनता है।


कोरोना जैसी महामारीः घरेलू सियासी और अंतर्राष्ट्रीय जियो पॉलिटिक्स व आर्थिक स्थितियों के अलावा ऐसी वजह पर भी शेयर बाजार 'शार्प रिएक्ट' करता है, जो सदियों में कभी-कभार पैदा होती हैं और जिसका भविष्य पर भारी असर पड़ना संभावित रहता है। उदाहरण के तौर पर सेंसेक्स में सबसे बड़ी गिरावट 23 मार्च 2020 को आई। एक दिन पहले 22 मार्च रविवार को देश में लॉकडाउन का ट्रायल किया गया था। इसी से यह संभावना लगने लगी थी कि देश में लंबा लॉकडाउन लग सकता है और फिर लगा भी। इसीलिए जब अगले दिन बाजार खुले तो यह 3,934 अंक तक गिर गया। यह 13.15 फीसदी की बड़ी गिरावट थी।

वस्तुतः आज भी ज्यादातर निवेशक तब निवेश करते हैं जब बाजार में तेजी होती है। तेजी में निवेश करना आम निवेशकों के लिए आमतौर पर फायदेमंद नहीं होता है। यदि उस समय निवेश करना भी है तो ऐसे शेयरों से बचना चाहिए, जो अपने उच्चतम स्तर के आसपास हों। साथ ही यह भी ध्यान रखा जाना चाहिए कि छोटी कंपनियों के शेयरों की तुलना में ब्लूचिप या दिग्गज कंपनियों के शेयरों में ज्यादा निवेश किया जाए।

## सोशल फोरम

# अध्यात्मवाद बनाम भौतिकवाद

अग्नि और प्रकाश का अनिवार्य संबंध है। बिना अग्नि के प्रकाश नहीं हो सकता। हर प्रकाश अग्नि का जलने का परिणाम है। जलने से प्रकाश और उर्जा दोनों उत्पन्न होते हैं। हमारे सौर मंडल के सूर्य में न कुछ ठोस है, न द्रव। वह हाइड्रोजन और हीलियम गैसों का एक जलता हुआ पुंज है।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

इस सौर मंडल में प्रकाश और उर्जा का सबसे बड़ा स्रोत भी। जलने की हर क्रिया से उर्जा उत्पन्न होती है। पृथ्वी पर हम जो प्रकाश कृत्रिम रूप से उत्पन्न करते हैं उसमें विद्युत के पॉजिटिव और निगेटिव के मिलने से फिलामेंट जलता है। वह ऐसी वस्तु से बना होता है, जो जलकर नष्ट होने में समय लेती है। तप का आद्य अर्थ है तपाने या जलाने वाला (तप्+ अच्)। दूसरा अर्थ है तपस्या, साधना। वह भी जलाती है और जलाती है तो उर्जा भी उत्पन्न करती है। ऋग्वेद के नासदीय सूक्त की तीसरी ऋचा कहती है, जो अंधकार से आच्छादित अंधकार था उसी से यह (विश्व) 'उसके' तप की महिमा के चलते पुनः उद्भूत हुआ। अंतरिक्ष विज्ञान के अनुसार हमारे सूर्य और सौरमंडल का जन्म भी नेबुला (धूल और गैसों के विशाल बादल) के एक अंश के विस्फोट से उत्पन्न 'तप' से हुआ और उसके एक टुकड़े पृथ्वी पर चेतन जीव का प्रादुर्भाव हुआ। नेबुला के एक अंश का उपरोक्त विस्फोट क्यों हुआ?

अनुमानतः पास के एक अन्य परमाण्विक बादल के आघात से। यह आघात क्यों हुआ? आकस्मिक रूप से या किसी पराचेतन तत्व की योजना से?

यही वह बिंदु है, जो भौतिकवाद और अध्यात्मवाद को पृथक करता है। जब तक विस्फोट का कारण निश्चित रूप से ज्ञात न हो, अध्यात्मवाद को नकारा नहीं जा सकता। चेतना की रहस्यमयता को भेदना भौतिकवाद के वश का रोग नहीं, किंतु अंतरिक्ष विज्ञान ने अध्यात्मवाद को संशयात्मक तो बना ही दिया है। ऐसे में न भौतिकवादियों की कट्टरता के लिए कोई गुंजाइश है, न अध्यात्मवादियों की।

-फेसबुक वॉल से

# मंथरा के वंशज

गत लोकसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की गिरावट, उत्तर प्रदेश में विशेष झटका और अयोध्या (फैजाबाद) में हार के परिणामस्वरूप भाजपा के आईटी सेल और समर्थकों ने अयोध्या और यूपी को कोसना आरंभ कर दिया। मर्यादाएं लांघी गईं। यह भी नहीं देखा गया कि स्वयं राम ने अयोध्या की प्रशंसा की है और उसे बैकुंठ लोक से भी श्रेष्ठ कहा है। उन्हें यहां के वासी बहुत प्रिय हैं 'अति प्रिय मोहि इहां के वासी। मम धामदा पुरी सुखरासी'। मैं यह सब टुकुर-टुकुर देखता रहा, लेकिन अब एक चित्रकूटवासी नेत्रहीन धर्माचार्य ने भी अयोध्यावासियों पर कटाक्ष किया है और भाजपा को मतदान न करने वालों को मंथरा का वंशज घोषित किया है। अतः मौन त्यागना पड़ा। स्वामी जी द्वारा चुनाव पूर्व मोदी के पक्ष में भविष्यवाणी करने और अपनी धर्मपीठ पर उनका स्वागत करने के ठीक बाद उन्हें साहित्य का एक बड़ा पुरस्कार मिला था। खैर! यह तो सब चलता ही है, किंतु जनता में जिज्ञासा है कि मंथरा के पति और बेटे कौन थे तथा उसकी वंश बेलि कहां तक फैली? वाल्मीकि और तुलसीदास ने तो कहीं इसका उल्लेख किया नहीं है। धर्माचार्य ने कई किताबें लिखी हैं। पिछले दिनों उन्होंने हनुमान चालीसा में कुछ संशोधन किए और प्रचारित किए। जनता ने वे संशोधन तिरस्कृत कर दिए और हनुमान चालीसा पूर्ववत बना रहा। मंथरा के वंश पर कोई ग्रंथ उपलब्ध नहीं है। आचार्य को चाहिए कि कालिदास के 'रघुवंश' की तर्ज पर वे 'मंथरा वंश' लिखें। उन्हें बताना होगा कि उसके वंशज कहां-कहां बसे? वैसे संत को निर्मल हृदय और समदर्शी होना चाहिए न कि किसी राजनीतिक दल का पक्षधर। वे तुलसी पीठाधीश्वर हैं और तुलसी बाबा ने तो कहा है, 'सीयराम मय सब जग जानी। करहुं प्रनाम जोरि जुग पानी'।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

# गलतियों से सीख लेकर विकास पर जोर दे सरकार

लोकसभा का चुनाव सकुशल संपन्न हो चुका है तथा नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गठबंधन सरकार ने शपथ ले ली है। मंत्रिमंडल में अधिकांश जीते मंत्रियों को उनके पुराने विभाग ही मिले हैं, इससे उन्हें कार्य करने में आसानी होगी। आशा है कि नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू जैसे मतलब परस्त नेताओं का सहयोग सरकार को मिलता रहेगा। अबकी बार 400 पार तथा भाजपा की स्वयं 370 सीट लाने की आशा उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, हरियाणा में भाजपा के लचर प्रदर्शन के कारण सफल न हो सकी।



बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त आईजी पुलिस, उप्र.

भाजपा का शीर्ष नेतृत्व अहंकारी हो चला था जिसने टिकट बांटने में निष्ठावान पुराने कार्यकर्ता के स्थान पर दूसरे दलों से आए भ्रष्ट नेताओं को तरजीह दी। भाजपा ने अपनी मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को भी उपेक्षित कर दिया था। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री तथा भाजपा के शिखर के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध न होने तथा टिकट वितरण में लोकप्रिय मुख्यमंत्री को दरकिनार करने के कारण यह हालत पैदा हुई। यहां योगी मंत्रिमंडल के गठन से ही मुख्यमंत्री की उपेक्षा करने वाले मंत्रियों की पीठ ही नहीं ठोकी गई, अपितु योगी के राजभर व चौहान जैसे आलोचकों को पुनः भाजपा में लाकर मंत्री बनवाया गया। राष्ट्रपति भवन के शपथ ग्रहण समारोह में योगी को पिछली पंक्ति में तथा उनके उप मुख्यमंत्रियों को पहली पंक्ति में बिठाकर योगी को नीचा दिखाया गया।

भाजपा के कुछ नेताओं का किसी जाति विशेष की आलोचना करने पर शीर्ष नेतृत्व मौन रहा। इन्हीं सब कारणों से कर्मठ और ईमानदार मुख्यमंत्री होने के बावजूद योगी राज्य में भाजपा को अधिक सीट न दिला सके। उत्तर प्रदेश में वर्ष 2027 में विधानसभा का चुनाव होने वाला है, यदि नेतृत्व मतभेद शीघ्र न सुलझा और मुख्यमंत्री का अपने मंत्रियों पर नियंत्रण न हो सका तो इस चुनाव में भाजपा को सफलता मिलना मुश्किल होगा। उत्तर प्रदेश में चुनाव जातिगत हो गया है। भाजपा प्रत्येक जाति में नेतृत्व विकसित न कर जातिवादी दलों के नेताओं-अनुप्रिया पटेल, ओपी राजभर, दारा सिंह चौहान, संजय निषाद, जयंत चौधरी आदि पर अधिक निर्भर होती जा रही है। ये नेता हर बात पर अपनी कीमत वसूल रहे हैं। भाजपा को इस पर भी ध्यान देना चाहिए। महाराष्ट्र में शिवसेना तथा एनसीपी को तोड़कर सरकार बनाने एवं राजस्थान में स्थानीय भाजपाई नेताओं की उपेक्षा के कारण वहां भी अपेक्षित सीट नहीं मिल सकी। महाराष्ट्र में निकट भविष्य में होने वाले विधानसभा चुनाव के कारण अब शिंदे व अजित पवार के अपने पुराने दल में वापस लौटने की अटकलें प्रारंभ हो गई हैं। मंत्रिमंडल में किसी मुस्लिम चेहरा का न होना उचित नहीं लगा। देश की लगभग 20 प्रतिशत मुस्लिम आबादी का प्रतिनिधित्व इस मंत्रिमंडल में नहीं है। मुख्तार अब्बास नकवी और शाहनवाज हुसैन जैसे लिबरल मुस्लिम को मंत्री बनाकर मुस्लिम समाज को निकट लाने का प्रयास किया जा सकता था।

मंत्रिमंडल शपथ ग्रहण समारोह के दिन कश्मीर में तीर्थयात्री बस पर आतंकी हमला यह सिद्ध करता है कि न तो पाकिस्तान बदला है न कश्मीर के आतंकवादी। इसी प्रकार पंजाब में शहीद मुख्यमंत्री बेअंत सिंह के पोते रवनीत सिंह बिट्टू सहित सभी भाजपाई चुनाव हार गए और इंदिरा गांधी के हत्यारे बेअंत सिंह का बेटा सरबजीत सिंह तथा जेल में बंद आतंकवादी अमरजीत सिंह चुनाव जीत गए, जो भविष्य में देश में सिख आतंकवाद फैलने की चेतावनी दे रहा है। मणिपुर की हिंसा भी देश की संप्रभुता के लिए एक चुनौती बन गई है। विश्वास है कि मोदी 3.0 सरकार अपनी पिछली गलतियों से सीख लेकर आने वाली चुनौतियों का डटकर सामना कर देश के विकास पर अधिक जोर देगी।

# नीट परीक्षा परिणाम

नीट के परिणाम घोषित करने के लिए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने 14 जून की तारीख घोषित की थी, लेकिन अचानक से इन्हें 4 जून को (लोकसभा चुनाव परिणामों की चर्चा के बीच) घोषित कर दिया गया।

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित कराए जाने वाली तमाम परीक्षाओं पर सवाल उठते रहे हैं, लेकिन इस बार के परिणामों में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने खुलेआम धांधली की सारी हदें तक पार कर दी हैं, जो समझ के बाहर है। इस बार 67 छात्रों के 720/720 अंक हैं। इतना ही नहीं, इन 67 छात्रों में से 6 छात्र एक ही एग्जाम सेंटर पर पेपर देने गए थे। इसी सेंटर से दो और टॉपर्स हैं, जिन्हें ऑल इंडिया रैंक 68 और 69 दे दिया गया है।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

सवाल उठता है कि एक ही एग्जाम सेंटर से आठ टॉप ऑल इंडिया रैंक वाले छात्र कैसे आ गए? इन्हीं परिणामों में कुछ छात्रों के 720 में से 718 और 719 मार्क्स आए हैं। याद रहे इस पेपर में, नेगेटिव मार्किंग लागू होती है। पहले तो एनटीए ने बिना कोई सूचना दिए, लोकसभा चुनावों के कोलाहल के बीच परिणाम जारी कर दिए, लेकिन जब इन परिणामों पर बहस शुरू हो गई तो नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने 6 जून को एक प्रेस रिलीज जारी कर कहा कि जिन छात्रों को परीक्षा में कम समय मिल पाया था, उन्हें ग्रेस दी गई है, लेकिन आज तक छात्र पूछ रहे हैं कि ग्रेस देने के नियम क्या है? ये सारे तथ्य बताते हैं कि अन्य परीक्षाओं की तरह नीट में भी बड़े स्तर पर धांधली हुई है जिसे नेशनल टेस्टिंग एजेंसी और सरकारी मशीनरी ढंकने का प्रयास कर रहे हैं। एक तरफ ये परीक्षा छात्रों की जान ले रही है तो दूसरी तरफ धांधलियों के जरिए ईमानदारी से परीक्षा दे रहे छात्र-छात्राओं के साथ अन्याय किया जा रहा है। अगर कोई परीक्षा हजारों छात्रों का भविष्य बनाने के बजाए उनकी जिंदगी खत्म कर रही हो तो उसे बदलने की सख्त जरूरत है। जरूरत इस बात की है कि नीट परीक्षा में हुई धांधली की निष्पक्ष उच्च स्तरीय जांच करवाई जाए और दोषियों को दंडित किया जाए।

# राम-जानकी मंदिर में चोरी, प्रभु के जेवर और मुकुट ले गए चोर

## कदौरा थाना क्षेत्र का मामला, पुजारियों को बंधक बनाकर घटना को दिया अंजाम



चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान। अमृत विचार



फोन से जानकारी देते मंदिर के महंत। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, जालौन

**अमृत विचार।** कदौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बरदौली में स्थित प्राचीन राम-जानकी मंदिर में बीती रात पांच नकाबपोश बदमाशों ने मंदिर पर धावा बोल दिया। मंदिर के पुजारियों के साथ मारपीट कर कमरे में बंद कर और उसका मोबाइल फोन छीन लिया तथा दो सोने के मुकुट करीब एक किलो वजन के, 40 हजार रुपये नकद तथा प्रभु के जेवर लेकर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

### महंत लौटे तो बिखरा मिला सामान

मंदिर के मुख्य महंत लखनशरण दास महाराज साथी साधु अतशरण के साथ निवाडी गांव में आयोजित भोज में शामिल होने गये थे और जब वह रात लगभग 10 बजे लौटे तो आश्रम के कमरों में रखी अलमारी का ताला टूटा था और मौजूद साधु आश्रम के तलघर में बन्द थे। जिन्हें महन्त ने बाहर निकाला तो पता चला कि अज्ञात लोग मुंह बांधकर आये थे और आरती के दौरान मंदिर में आ धमके थे, जिसपर उन्हें मना किया तो उन्होने मारपीट कर उन्हें तलघर में बन्द कर दिया था और देवी प्रतिमाओं के गहनों के साथ 40 हजार रुपये की नगदी भी ले गए।

11 जून मंगलवार शाम को सात से आठ बजे मंदिर के पुजारी प्रभु की आरती करने जा रहे थे। इसी दौरान पांच से छह नकाबपोश बदमाशों ने मंदिर पर हमला कर दिया।मंदिर में मौजूद दो पुजारियों के मोबाइल छीनकर मारपीट की और उनको कमरे में बंद कर दिया। जबकि मंदिर के मुख्य पुजारी निमंत्रण में गये थे। रात में वह जब वापस लौटे तक उन्हें पूरी घटना की जानकारी ग्रामीणों को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे

● 5 अज्ञात नकाबपोशों के खिलाफ दर्ज हुई एफआईआर

कोतवाली प्रभारी कालपी और सीओ कालपी ने पूरी जानकारी कर घटना का खुलासा का आश्वासन दिया। प्राचीन राम-जानकी मन्दिर में हुई वारदात को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष दीपक शर्मा भी अपने कार्यकताओं के साथ मौके पर पहुंच गए। राम-जानकी मंदिर घटना स्थल कालपी से इटौरा रोड पर ग्राम बरदौली के मौजा में मुख्य सड़क के किनारे स्थित है।

# 23 किलो गांजा के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, जालौन

● एसओजी एवं सर्विलांस टीम ने की कार्रवाई

**अमृत विचार।** एसओजी एवं सर्विलांस की संयुक्त टीम ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर 23.660 किलो गांजा बराबद किया है।

एसओजी व सर्विलांस टीम को चेकिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि कस्बा कदौरा क्षेत्र के उदनपुर बस स्टैंड के पास अवैध गांजा की बिक्री कुछ लोगों द्वारा की जा रही है। पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर दबिश देकर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इनके कब्जे से 23 किलो 660 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार विवेक दीक्षित पुत्र रामबाबू दीक्षित निवासी झांसी से 7 किलो 900 ग्राम गांजा, नीरज राय पुत्र स्व. शतीश राय, निवासी ग्राम धमोरा थाना ओरछा जिला छतरपुर (मध्य प्रदेश) से 8 किलो 380 ग्राम गांजा तथा सुरेश कुमार पुत्र ओमप्रकाश निवासी मोहम्मद बाद थाना डकोर जिला जालौन से 7 किलो 380 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। गिरफ्तार सुरेश कुमार निवासी मोहम्मदबाद पर जालौन के कुठौंद थाना में धारा 143, 379, व 177, 184, 207 एमबी एक्ट में पहले से ही मामले दर्ज हैं। बाकी दो आरोपियों का अपराधिक इतिहास झांसी तथा मध्यप्रदेश के छतरपुर से मंगवाया जा रहा है। टीम द्वारा पकड़े गये आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।



गांजे के साथ चोरी के आरोपी।

## सार-संक्षेप

### चुरखी थानाध्यक्ष लाइन हाजिर

**उरई।** राम पुरा से चुरखी थानाध्यक्ष बनाए गए अर्जुन सिंह को महज कुछ घंटे बाद ही एसपी इरज रजा ने लाइन हाजिर कर दिया। लोकसभा चुनाव के बाद पुलिस अधीक्षक द्वारा 11 जून को 12 थानाध्यक्ष और प्रभारी निरीक्षक को इधर से उधर किया गया था, जिसमें रामपुरा के थानाध्यक्ष अर्जुन सिंह को चुरखी थाना में स्थानांतरित किया गया था। मगर कुछ घंटे बाद ही पुलिस अधीक्षक ने चुरखी थाना भेजे गए थानाध्यक्ष अर्जुन सिंह को लाइन हाजिर कर दिया। कोतवाली उरई में अतिरिक्त निरीक्षक राकेश कुमार पांडे को चुरखी थानाध्यक्ष बनाकर भेजा गया है। हालांकि थानाध्यक्ष के लाइन हाजिर किए जाने का कारण नहीं बताया गया।

### कांग्रेस की धन्यवाद रैली आज

**कालपी।** लोकसभा चुनाव में गठबंधन के प्रत्याशी नारायणदास अहिरवार को कालपी विधानसभा में बड़ी बढ़त मिली थी और वह भारी अन्तर से चुनाव भी जीत गए थे। इस विजय से कांग्रेस खुश हैं और वह अब विधानसभा क्षेत्रों में धन्यवाद रैली निकालने जा रही है। पार्टी के जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र शुक्ला ने पत्र के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार को फुलपावर चौराहा से रैली शुरू होगी और बनखण्डी देवी तक निकाली जाएगी।

### महिला के साथ गाली-गलौज

**जालौन।** झुग्गी झोपड़ी में रहने वाली महिला के साथ गाली गलौज तथा मारपीट करने पर पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर शांति भंग में कार्रवाई की। एलआईसी आवास विकास कॉलोनी में रहने वाले अरविंद पुत्र संतोष द्वारा सड़क पर झुग्गी झोपड़ी बनाकर रह रही एक महिला के साथ गाली गलौज तथा मारपीट किए जाने पर पीड़ित महिला द्वारा इसकी शिकायत कोतवाली में की गई, महिला की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ शांति भंग में पुलिस ने कार्रवाई की।

### युवक के साथ मारपीट

**जालौन।** उधारी के रुपये मांगने गए युवक के साथ गाली–गलौज तथा मारपीट किए जाने की शिकायत पीड़ित ने कोतवाली में की। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पहाड़पुरा निवासी दिनेश कुमार पुत्र मूल चरण ने कोतवाली में बताया कि उसने गांव के ही युवक को कुछ रुपये उधार दिए थे जब वह अपने उधर रुपये मांगने गया तो युवक ने गाली देना शुरू कर दिया, जब गाली देने से मना किया तो उन्होंने मारपीट कर दी।

### पति ने की मारपीट, चालान

**जालौन।** पत्नी द्वारा कपड़ा धोने से मना करने पर पति ने गुस्से में आकर मारपीट कर दी, पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने पति को पकड़ कर शांति भंग में चालान किया। हरदोई राजा निवासी आरती देवी पत्नी सुरजीत ने कोतवाली में तहरीर दी थी।

## एक नजर

### नगर पालिका बोर्ड बैठक 15 जून को

**कालपी (जालौन)।** नगर पालिका परिषद बोर्ड की बैठक आगामी 15 जून को पालिका सभागार में आयोजित की जाएगी। मीटिंग में नगरीय विकास से संबंधित 9 प्रस्ताव प्रस्तुत किये जाएंगे। पालिकाध्यक्ष अरविंद यादव की ओर से पदेन सदस्यों सांसद, विधायक एवं सभासदों को एजेंडा भेजा है। आगामी बोर्ड बैठक में प्रस्ताव में पालिका का आय–व्यय बजट 2024–25 तथा मासिक आय व्यय का लेखा माह जनवरी से मई 2024 शामिल रहेगा।

### युवक पर हमला करने में दो लोगों पर एफआईआर

**कालपी (जालौन)।** शराब ठेके में मारपीट की घटना को लेकर पीड़ित के द्वारा दो आरोपियों के खिलाफ कालपी कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई गई है। शिवम पुत्र चंद्रशेखर निवासी ग्राम धमना ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 16 जून 2024 की शाम करीब 5 बजे वह रुपये के खुले कराने के लिए शराब ठेके गया था तो वहां पर उपस्थित आरोपी ठेका कर्मचारी अवेंन्द्र पुत्र बृजेश सिंह निवासी मोहल्ला इंदिरा नगर कालपी, व एक अन्य अज्ञात व्यक्ति ने एक राय होकर लाठी डंडों से हमला कर पार पीट की।

### शेरगढ़ यमुना ब्रिज से भारी वाहनों के निकलने पर रोक

**जालौन।** जालौन औरैया होकर इटावा,आगरा, कन्नौज आदि जनपदों को जाने के लिए शेरगढ़ यमुना ब्रिज ही एक ऐसा रास्ता है, जिसमें औरैया तक कोई टोल प्लाजा नहीं है, जिससे जालौन से औरैया की और जाने वाले भरी वाहन इसी रास्ते का इस्तेमाल करते है, यमुना पुल से भारी वाहनों के निकलने पर पूरी तौर पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। मालूम हो की पिछले कुछ महीने पहले 11 करोड़ की लागत से शेरगढ़ पुल की मरम्मत कराई गई थी, इसके बाद भी 30 टन के वाहनों को निकलने में भी परेशानी हो रही है। यात्री से लेकर व्यापारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है।

# सबको मिलेगा सम्मान, समस्याओं का करेंगे निदान

कार्यालय संवाददाता, उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** कार्यकर्ताओं को हर संभव सम्मान मिलेगा और जन समस्याओं का भी निदान प्राथमिकता के साथ किया जाएगा। उक्त बात इंडिया गठबंधन के नव निर्वाचित सपा सांसद नारायणदास अहिरवार ने बुधवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय उरई में आयोजित आभार कार्यक्रम में उपस्थित इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि चुनाव शुरू होने पर लोग चर्चा करते थे कि इंडिया गठबंधन का जालौन गरौठा भोगनीपुर लोकसभा क्षेत्र कमजोर है लेकिन इंडिया गठबंधन के तथा समाजवादी पार्टी के साथियों ने बड़ी ईमानदारी निष्ठा लगन के साथ मेहनत करके



सपा कार्यालय में इंडिया गठबंधन के नेताओं व कार्यकर्ताओं को संबोधित करते सांसद।

पांच बार के सांसद व केन्द्रीय मंत्री को हराकर सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को तोहफा दिया। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं व जनता जनार्दन ने एकजुट होकर उन्हें सांसद चुना है। कहा कि इसी तरह से निरंतर कार्य करते रहे तो 2027 में प्रदेश में सपा की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि जो जनता जनार्दन और इंडिया गठबंधन तथा सपा के साथियों ने भरपूर सहयोग किया इसके लिए सभी का आभार व्यक्त करता हूं और विश्वास दिलाता हूं जो उनके लायक़ जो सेवा होगी उसे पूरा करेंगे। जनता की आवाज को संसद में भी पहुंचाएंगे। इस मौके पर दीपराज गुर्जर, पूर्व मंत्री हरिओम उपाध्याय,

● इंडिया गठबंधन एवं सपा कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है जीत : नारायणदास

पूर्व जिला अध्यक्ष कांग्रेस राजीव नारायण मिश्रा,जमालुद्दीन, गुड्डू महेवा, ज्ञानू निरंजन,जीवन प्रताप बाल्मीकि,चौधरी श्याम सुंदर, रामरूप यादव अशोक महावली, अजहर बेग,अतर सिंह राठौर, लाखन सिंह कुशवाहा, मान सिंह वर्मा,वीरेंद्र सिंह यादव, महेश सर द्विवेदी रामलाल विश्वकर्मा,,महेश चंद्र विश्वकर्मा, भानू प्रताप राजपूत, परमात्मा शरण फौजी, थोपन बृजभूषण कुशवाहा,विक्रम यादव, कृपाल सिंह गुर्जर, भरत पाल,इश्तियाक अली,जंग बहादुर दोहरे,हाजी जमील मंसूरी आदि मौजूद थे।

# युगांडा में स्वाति दिखाएंगी प्रतिभा

कार्यालय संवाददाता उरई, जालौन

**अमृत विचार।** खेलो इंडिया को लगातार सरकार बढ़ाबा दे रही है। जनपद में जिला प्रशासन ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों को खेल प्रतिभा को बढ़ाबा दे रहा है। युगांडा में 1 जुलाई से 7 जुलाई 2024 तक आयोजित पैरा बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिया जनपद की स्वाति सिंह का चयन हुआ है। कुमारी स्वाति सिंह को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जिला खेल एवं विकास प्रोत्साहन समिति से बैडमिंटन किट, इत्यादि दे कर सम्मानित किया और आगामी प्रतियोगिता को जीत कर जनपद के नाम रोशन करें। कुमारी स्वाति सिंह के अनुसार झारखंड में 20 मार्च से 23 मार्च 2024 तक आयोजित स्टेट प्रतियोगिता के



स्वाति सिंह को सम्मानित करते डीएम राजेश कुमार पांडेय। अमृत विचार

आधार पर 6ठवीं रैंक प्राप्त करने के उपरांत युगांडा के चयनित किया गया। स्वाति सिंह पुत्री कमलेश कुमार ग्राम अमिटा तहसील कोच जौलन की निवासी हैं। उरई स्टेडियम में अभ्यास करतीं रहीं और वर्तमान में सकुंतला देवी लखनऊ विश्व विद्यालय में अभ्यास करती हैं। ग्रामीण अंचल में कई प्रतिभावान खिलाड़ी होते हैं लेकिन उनकी प्रतिभा छिपी रहती है, ऐसे में उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए ग्रामीण अंचल में भी खेल को लेकर यह प्रयास किया जा रहे हैं, इस प्रयास के अंतर्गत क्रिकेट, वॉलीबॉल, हॉकी, बैडमिंटन, कबड्डी, क्रिकेट के साथ अन्य खेल प्रतियोगिताओं को ग्रामीण क्षेत्र में भी बढ़ावा दिया जा रहा है।



प्रदर्शन करते आप पदाधिकारी व कार्यकर्ता। अमृत विचार

# नीट में धांधली का आरोप लगा आप ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, उरई

**अमृत विचार।** नीट परीक्षा 2024 में धांधली का आरोप लगाकर आम आदमी पार्टी ने धरना प्रदर्शन कर उच्च स्तरीय जांच करने की मांग की। मांग पत्र जिलाधिकारी राजेश कुमार को सौंपा गया। मांग पत्र में आप नेताओं ने नीट परीक्षा 2024 में हुई गड़बड़ी को उत्तर प्रदेश की सरकार पर बिफलता का आरोप लगाते हुए सरकार विरोधी नारे लगाए। आप नेताओं ने कहा कि सरकार बेरोजगारों को राजगार नहीं देना चाहती है, इसी लिए योगी आदित्यनाथ के शासन काल में जितनी भी रोजगार परक परीक्षाएं हुई हैं, उनमें से अधिकांश के पर्चे लीक हो गए। इस दौरान जिलाध्यक्ष विनोद चौरसिया, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रखर बाजपेई, भूप सिंह, दिनेश, किशोर मामा आदि माजूद थे।

# काम करते मिले 6 नाबालिग, की कार्रवाई

संवाददाता, उरई, (जालौन)

**अमृत विचार।** श्रम विभाग की टीम ने प्रतिष्ठानों व दुकानों पर छापेमारी कर वहां काम कर रहे आधा दर्जन नाबालिग बच्चों को मुक्त कराया। साथ ही नाबालिग बच्चों से काम करवाने वाले दुकानदारों व प्रतिष्ठान के मालिकों को नोटिस थमाया गया है।

जिला मुख्यालय से लेकर कस्बे के बाजार में अपने-अपने प्रतिष्ठानों व दुकानों पर पढ़ने की उम्र के बच्चों से श्रम कराए जाने पर श्रम विभाग ने दुकानों का औचक निरीक्षण किया जिसमें करीब आधा दर्जन ऐसी दुकाने पाई गई जिसमें कम उम्र के बच्चों से श्रम करवाया जा रहा था। उन सभी दुकानों के मालिकों पर कड़ी कार्रवाई कर नोटिस जारी किया गया। श्रम विभाग की टीम द्वारा नगर में भ्रमण की खबर लगते



दुकान पर छापेमारी करती श्रम विभाग की टीम। अमृत विचार

● श्रम विभाग की टीम ने दुकानदारों को थमाए नोटिस

ही दुकानदारों में हड़कंप मचा।

श्रम विभाग के अधिकारी जगदीश वर्मा, उप श्रम अधिकारी रामवृक्ष, अनिल कुमार अपराध शाखा, बाबू रोहित दीक्षित ने उरई चौराहे स्थित एक छोले भटूरे की दुकान पर बच्चों को काम करते पकड़ा, तत्पश्चात चूर्खी रोड पर एक वेल्डिंग की दुकान तथा उसके सामने एक मोटरसाइकिल रिपेयरिंग की दुकान पर नाबालिक बच्चों को काम करते हुए पकड़ा। उक्त दुकान पर काम कर रहे नाबालिग बच्चों को पढ़ाई करने के लिए कहा तथा दुकानदारों को नोटिस जारी किए गए। श्रम विभाग द्वारा नगर के बाल श्रम की चेकिंग किए जाने पर दुकानदारों में हड़कंप मच गया।

# डीएम ने पेयजल, सफाई कार्यों की समीक्षा की

कार्यालय संवाददाता, उरई

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में नगरीय निकायों में पेयजल, सफाई, ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन, प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छ भारत मिशन एवं तालाबों के सुंदरीकरण के कार्यों की समीक्षा की।

उन्होने समस्त अधिशाषी अधिकारियों को निर्देशित किया कि पेयजल व्यवस्था पहली प्राथमिकता रहे, किसी भी वार्ड में पेयजल से संबंधित समस्या न होने पाये इसके लिये पर्याप्त इंतजाम किये जाये, वार्डो में पेयजल की समुचित व्यवस्था न मिलने पर संबंधित अधिकारी के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित कराये जाने हेतु हैण्डपम्प, टयूबवेल सुचारू रूप से संचालित रहे, जिससे पेयजल की समस्या का सामना करना पड़े। नगरीय निकायों में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन एवं सफाई व्यवस्था समस्त वार्डो में सुनिश्चित करायी जाये। उन्होने निर्देशित किया कि समस्त अधिशाषी अधिकारी नियमित रूप से कूड़ा कलेक्शन की मानीटरिंग करें, और स्वयं मौजूद रहकर अभियान के तहत नगर में प्रतिदिन सुबह और शाम सफाई एवं शौचालय पार्क, बाजार आदि में नियमित साफ-सफाई करायी जाये। अधिशासी अधिकारी व सफाई निरीक्षक की जिम्मेदारी तय करें। कहा कि नगरीय निकायों में अमृत 2.0 के अन्तर्गत मुरल मनोहर पक्का तालाब, रामकुण्ड तालाब, माहिल तालाब, धनु तालाब, सदर तालाब, बख्शी तालाब आदि का सुंदरीकरण का कार्य तेजी से कराया जाए।

कार्यक्रम | शायरों और कवियों ने काव्य पाठ से श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध

# दल–दल में दब गई गले की संकरी गली...

संवाददाता, उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** जनपद की साहित्यिक संस्था सफीर-ए-सुखन के बैनर तले सिटी स्कूल राजेंद्र नगर में हुए जिला स्तरीय नशिस्त, काव्य गोष्ठी में शायरों और कवियों ने अपने काव्य पाठ से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। गोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार पंडित प्रेम नारायण दीक्षित ने की। इसमें मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. माया सिंह भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन फरीद अली बशर ने किया। इस मंच पर हिन्दी और उर्दू का असीम संगम देखने को मिला। संवेदना साहित्य समिति के सभी पदाधिकारियों ने फरीद अली बशर को साहित्य में योगदान के लिए सम्मानित किया एवं साहित्य के उभरते सितारे नए कलमकार फराज, इंतिखाब दानिश, अतीक




जिला स्तरीय नशिस्त काव्य गोष्ठी में मौजूद शायर व कवि। अमृत विचार

खान, मुईनुद्दीन, अनूप कुमार, प्रगति मिश्रा को सफीरे-सुखन ने उत्साहवर्धन करते हुए सभी को सम्मानित किया।

कार्यक्रम में प्रेम नारायण दीक्षित ने पढ़ा दल-दल में दब गई गले की संकरी गली, मसली गई है चुटकियों में फिर कोई कली...। डॉ नईम जिया ने पढ़ा चांद सूरज न कुर्सी न धन चाहिए, हम फकीरों को दो गज कफन चाहिए। मुकरी साहब ने पढ़ा कि अब शैतां भी कहीं लगता नहीं है, देखिए मुकरी वो बौना हो गया है। डॉ. माया सिंह ने पढ़ा हिन्दू न सिक्ख पारसी न मैं हूं मुसलमान, आदम की औलाद हूं मैं सिर्फ़ हूं इंसान...। शिखा गर्ग ने पढ़ा छू न पाए कदम जो मंजिल को, तेरी कोशिश में कुछ कमी है..., शिरोमणि सोनी ने पढ़ा ये नफरत दिलों से हटाओ सभी दूजों से खुद मुस्कुराओ कभी...। अब्दुल हसीब ने पढ़ा रोशनी के लिए दिल हमको जलाना होगा...। तब कहीं जाके यहां जश्ने चरागां होगा...। नजाम हुसैन फिदा ने पढ़ा अंधेरे छा गए हैं..., शकील चिश्ती ने पढ़ा नहीं है शान कोई उसकी शान से बढ़कर...। सिद्धार्थ त्रिपाठी ने मानव-मानव के प्रतिद्वंदी..., परवेज़ अख़्तर ने कहीं बांट दें मज़हब के नाम पर..., आज़म बद्र ने पढ़ा हमने हुकूमतों को सिखाए हैं वो सबक..., वो डर रहे थे हमसे इसी दिन के वास्ते...। इसीतरह फरीद अली बशर, प्रगति मिश्रा, मुईनुद्दीन कालपी, फराज, अनूप याज्ञिक आदि ने अपनी रचनाएं पेश की। कार्यक्रम के समापन पर संस्था के संरक्षक डॉ. नईम जिया ने सभी साहित्यकारों और आभार व्यक्त किया।

# शिव-सती विवाह की कथा सुनकर भावविभोर हुए श्रोता

संवाददाता जालौन

**अमृत विचार।** उदोतपुरा गांव में लक्ष्मनजू के मंदिर पर आयोजित रामकथा में कथा वाचक संजय पांडेय ने प्रभु शिव विवाह और सती की कथा वर्णन किया। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम उदोतपुरा में लक्ष्मनजू के मंदिर पर साप्ताहिक श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसके दूसरे दिन कथा वाचक पंडित संजय पांडेय ने श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहा कि राजा दक्ष प्रजापति ने भगवान शंकर का अपमान करने के लिए महायज्ञ का आयोजन किया था। जिसममें भगवान शिव को छोड़कर समस्त देवताओं को आमंत्रण भेजा था। भगवान शंकर के मना करने के बाद भी सती ने अपने पिता के यहां जाने की इच्दा जताई तो भगवान शंकर ने बिना बुलाए जाने पर कष्ट का भागी बनने की बात कही। इसके बाद भी सती नहीं मानी और पिता के घर चली गई। वहां पिता द्वारा भगवान शंकर के अपमान पर सती ने हवन कुंड में कूदकर खुद को अग्नि में समर्पित कर दिया। इसके बाद भगवान शंकर के दूतों ने यज्ञ स्थल को तहस नहस कर दिया। माता सती के अग्नि में समर्पित होने के बाद तीनों लोकों को भगवान शिव के कोप का भाजन बनना पड़ा। कथा के दौरान कथा वाचक ने कहा कि श्रीराम कथा में गुरु, माता-पिता, पुत्र-पुत्री, भाई, मित्र, पति-पत्नी आदि का कर्तव्य बोध एवं सदाचरण की सीख हमें सर्वत्र मिलती है। कथा की सार्थकता तब सिद्ध होती है, जब इसे हम दैनिक जीवन के व्यवहार में शामिल करते हैं। राम कथा सुनने से मन का शुद्धिकरण होता है। इससे संशय दूर होता है और मन में शांति व मुक्ति मिलती है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

### सूचना

सूचित हो कि **कमला देवी पत्नी कमलेश कुमार, निवासी– ग्राम बुढ़वलिया पोस्ट जहगिरवा तहसील करनैलगंज गोंडा** का एलआईसी में पालिसी संख्या 236842148 संचालित है जो गलत है । इसी तरह दूसरे बीमा पॉलिसी में नामिनी कांति देवी अंकित है। जिसकी पालिसी संख्या 276276736 है। जबकि आधार पर नाम कामती देवी पत्नी कमलेश कुमार दर्ज है। तीनों नाम की एक ही महिला है और पालिसी में अंकित नाम की महिला भी एक ही है। अतः तीनों नाम से जाना और पहचाना जाए।

### सूचना

सूचित हो कि मैं **सुरेन्द्र कुमार पुत्र स्व0 हरीलाल, निवासी– निबहरा,मसवानी, फतेहपुर** का का स्थायी निवासी हूँ मेरे मामा के लडके रामलाल पुत्र मुन्नीलाल की मृत्यु दिनांक 01.03.1994 को घर में हो गयी थी तथा मृतक की माता का नाम श्रीमती है जानकारी न होने के कारण मैं उपरोक्त मृतक की मृत्यु, मृत्यु पंजिका में दर्ज नहीं करा सका था। अतः मृत्यु पंजीकरण रजिस्टर में नाम व मृत्यु दिनांक दर्ज करके मृत्यु प्रमाण–पत्र निर्गत करने का आदेश पारित करने की कृपा करें।

### सूचना

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र आकाश के गलत चाल –चलन के चलते संबंध–विच्छेद कर समस्त चल –अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी कृत्य या लेन–देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता या सरोकार नहीं होगा वह स्वंय जिम्मेदार होगा। **दयाशंकर पुत्र मुन्नीलाल– निवासी– मानीकोठी – थाना– कुदरकोट– जनपद –औरैया।**

### NOTICE

I, Ram Singh son of Shri Kalika Prasad resident of Vill. Dena Post Umari, Sitapur do hereby solemnly affirm and declare as under:-It is informed that the correct name of my son is Anoop Raj son of Ramsingh. Which is mentioned in his educational records and birth certificate. Due to mistake, Anupam Raj has been mentioned in my son's Aadhaar card number 865066628483 which is wrong. In future, my son should be known and identified by the name Anoop Raj son of Ramsingh.

# लंबी कवायद के बाद दो मिनट में निपटाते डॉक्टर

## जिला अस्पताल में गर्मी की वजह से मरीजों की संख्या बढ़ी, सुबह से पर्चा व ओपीडी की लाइन में खड़े होते

संवाददाता, फतेहपुर


ओपीडी के बाहर लगी मरीजों की भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिला अस्पताल में मौसमी बीमारियों के कारण इस समय मरीजों का खासा दबाव है। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले मरीज डॉक्टर के सामने पहुंचने तक दो से तीन घंटे तक मशक्कत करते हैं। वहीं डॉक्टर के पास मरीजों के लिए बमुश्किल एक से दो मिनट ही रहता है। मरीजों को पहले तो पर्चा काउंटर, फिर उसके बाद डॉक्टरों के कक्ष के बाहर घंटों लाइन लगानी पड़ती है।

मशक्कत यहीं तक सीमित नही है। डॉक्टर के पास पहुंचने के बाद यदि कोई जांच लिख दी तो उसके लिए भी लाइन से जूझना पड़ता है। बगैर लाइन के दवा पाना भी संभव नही है। जिला अस्पताल में मौसमी बीमारी के चक्कर में मरीजों का खासा दबाव है। बुधवार को ही अस्पताल में एक हजार से अधिक पर्चे बने। अस्पताल का सिस्टम जिस तरह से पहले था वही सिस्टम बना हुआ है। डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मी अपनी मर्जी के मालिक हैं। यदि किसी को सर्वाधिक परेशानी होती है तो वह है मरीज। दूर दराज से आने वाले मरीजों को एक तो घंटों रास्ते में लग जाता है। दूसरा अस्पताल में आने पर जो तकलीफें झेलनी पड़ती हैं उसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि अस्पताल में सबसे पहले मरीजों को इस भीषण गर्मी में लाइन में लगते हुए पर्चा कटवाना पड़ता है। इसमें ऐसा संभव ही नहीं कि लाइन न लंबी हो। पर्चा काउंटर पर रजिस्ट्रेशन के लिए काफी देर तक जूझना पड़ता है।

यहां से फुरसत पाकर जब मरीज डॉक्टर को दिखाने को पहुंचते हैं तो डॉक्टर के कक्षों के बाहर भी उन्हें लाइन का सामना करना पड़ता है। ऐसे में गंभीर रोगियों की काफी तकलीफ बढ़ जाती है। लाइन में लगे लोग जल्दी के चक्कर में गंभीर रोगियों को आगे बढ़ने का मौका नहीं देते हैं। जैसे तैसे डॉक्टर के पास मरीज पहुंचते हैं तो उन्हें बमुश्किल एक से दो मिनट के बीच में ही पर्चे में दवायें लिख दी जाती हैं। जांच की स्थिति में तो मरीजों की तकलीफ और बढ़ जाती है। क्योंकि जांच के लिए उन्हें लाइन से जूझना पड़ता है। इसमें चाहें पैथोलाजी की जांच हो या फिर एक्सरा की। पहले तो पैथोलाजी या फिर एक्सरा की रिपोर्ट सेम डे नही मिलती। दूसरे दिन जब रिपोर्ट मिलती है तब भी डॉक्टर को दिखाना कोई आसान नही है। बुधवार को जिला अस्पताल में कुछ इसी प्रकार के हालात देखने को मिले।

### हर काउंटर पर मारामारी

जो भी काउंटर हैं सभी पर भारी भीड़ थी। एक दो नहीं बल्कि दर्जनों लोग लाइन में लगे थे। फिजीशियन, बच्चों के डॉक्टर, हृदय रोग विशेषज्ञ, सर्जन और पैथोलाजिस्ट के पास मरीजों की लंबी लाइनें थीं।

### हालातों से परेशान मरीज

जिला अस्पताल में इलाज कराना काफी मुश्किल है। बुधवार को आये मरीज कहने लगे कि अस्पताल में हर स्तर पर उन लोगों को लाइन में जूझना पड़ता है। डॉक्टर के पास भी उनके लिए ज्यादा समय नहीं रहता। क्योंकि उनकी भी मजबूरी है कि एक-दो नहीं बल्कि सैकड़ों मरीजों को देखना है। मरीजों के साथ आये तीमारदारों का कहना है कि अक्सर अस्पताल में दर्द समेत विभिन्न स्थितियों से तड़प रहे मरीजों को ऐसे हालातों में मुश्किल का सामना करना पड़ता है।

"अस्पताल में व्यवस्थाएं सुधारने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। मरीजों को कोई तकलीफ न हो, इसके लिए स्वास्थ्य कर्मियों और डॉक्टरों को निर्देशित किया गया है।

-डॉ. पीके सिंह, सीएमएस

# खजुहा चौकी क्षेत्र में अधेड़ का शव मिला

- छह क्वार्टर देसी शराब में तीन की नहीं होती जनपद में बिक्री
- पुलिस जांच-पड़ताल में जुटी पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

संवाददाता, बिन्दकी


घटनास्थल पर जानकारी जुटाती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** आबकारी व पुलिस विभाग की सह से बिंदकी क्षेत्र में प्रतिबंधित शराब की बिक्री की जा रही है। बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के खजुहा चौकी के तहत हूंसेपुर गांव में एक अधेड़ किसान का शव मिलने के बाद इस आरोप के सुबूत भी मिल गए। शव के पास शराब की ऐसी बोतलें मिली हैं जिनकी बिक्री जनपद में नहीं होती है। वहीं पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के हूसेपुर गांव निवासी सूर्यभान सिंह उर्फ मुन्ना सिंह (56) गांव में खेती किसानी करता था। परिजनों ने बताया कि मंगलवार की शाम खाना खाने के बाद सूर्यभान साइकिल से रोज की तरह खेतों की तरफ चला गया था। सुबह खेतों की तरफ गए ग्रामीणों ने एक खेत में सूर्यभान को मृत अवस्था में पड़ा देखा तो हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी पर परिजन मौके पर पहुंचे और शव देख कोहराम मच गया। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

बताया जा रहा है कि मृतक का शरीर नीला पड़ गया था। सिर में भी चोट के निशान देखे गए हैं। जहरीली शराब के साथ-साथ हत्या की भी परिजनों ने आशंका जताई है। बताया जा रहा है कि पुलिस ने मौके से छह क्वार्टर देशी शराब की खाली बोतलें बरामद की हैं। जिनमें तीन बोतलें ऐसी हैं जिनकी बिक्री जनपद में नहीं होती है। वहीं ग्रामीणों का कहना मृतक शराब का लती नहीं था। कभी-कभार ही पीने का शौक रखता था। वहीं चर्चा यह भी रही कि मृतक कर्ज में भी डूबा था। हालांकि गैरप्रांत की शराब की बोतल मिलने के मामले में सीओ सुशील कुमार दुबे ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# इस्लामिक आतंकवाद का फूंका पुतला

संवाददाता, फतेहपुर


इस्लामिक आतंकवाद का पुतला फूंकते बजरंग दल के कार्यकर्ता। अमृत विचार

- बजरंग दल ने शहर के बड़े हनुमान मंदिर से निकाली विरोध यात्रा

**अमृत विचार।** जम्मू कश्मीर के रियासी जिले में हुए आतंकी हमले के विरोध में बजरंग दल कार्यकर्ताओ ने खागा चौक पर इस्लामिक आतंकवाद का पुतला फूंका। नगर के बड़े हनुमान मंदिर से विरोध यात्रा निकाली गई जो चौक चौराहे पर इस्लामिक आतंकवाद के पुतला दहन के बाद समाप्त हुई।

जम्मू कश्मीर के रियासी जिले में रविवार को जिस बस पर आतंकियों ने हमला किया, उसमें उत्तर प्रदेश और दिल्ली के तीर्थयात्री सवार थे। बस शिव खोड़ी मंदिर से कटरा स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर जा रही थी। इसी दौरान पौनी इलाके के तेरयाथ गांव के पास आतंकियों ने घात लगाकर हमला किया। इसकी वजह से बस गहरी खाई में जा गिरी। आतंकी करीब 20 मिनट तक गोलियां बरसाते रहें। इस हमले में नौ लोगों की मौत और 33 लोग घायल हुए। इस आतंकवादी घटना का संबंध पाकिस्तान के इस्लामिक संगठन से बताया जा रहा है। आतंकवादियों के इस कायराना कृत्य का बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने कड़ा विरोध तथा निंदा करते हुए उप जिला अधिकारी के माध्यम से माननीय राष्ट्रपति महोदया को ज्ञापन दिया तथा सरकार से आतंकवाद के समूल नाश की मांग की। इस मौके पर जिला संयोजक राजू, जिला मंत्री मनोज सिंह, मनोज तिवारी, ताराचंद पांडे, रोहित दीक्षित, राहुल विश्वकर्मा, अरविंद सोनी, मनीष सैनी, अर्जुन वर्मा, सुरेश सिंह, राजापूत मिश्रा सहित सैकड़ों की संख्या मे कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अवैध निर्माण कराने की डीएम से शिकायत

संवाददाता, फतेहपुर

- एसडीएम ने कहा, राजस्व टीम भेज कराएंगे जांच

**अमृत विचार।** देवमई विकास खंड के ग्राम रामपुर में एक कथित भाजपा नेता अपने स्वजातीय बिंदकी तहसील में कार्यरत लेखपाल से सांठगांठ कर चक मार्ग, नाला व ग्राम समाज की नवीन परती जमीन पर रात के अंधेरे में कब्जा कर अवैध निर्माण कराए जाने की ग्रमीणों ने जिलाधिकारी सी इंदुमती से की है।

ग्रामीणों की शिकायत पर जिलाधिकारी ने एसडीएम बिंदकी को निर्देशित किया कि एक राजस्व टीम गठित कर मौके की पैमाइस कराकर अवैध कब्जेदार के खिलाफ कार्रवाई करें। अगर निर्माण कर लिया है तो उसे ध्वस्त कराकर कब्जा मुक्त कराया जाये। अवैध कब्जेदार को जब शिकायत की जानकारी हुई तो उसने रात के अंधेरे में निर्माण कार्य ताबड़तोड़ शुरू करा दिया। ग्रामीणों को जब निर्माण कराए जाने की खबर मिली तो उन्होंने उपजिलाधिकारी बिंदकी को अवैध निर्माण कराए जाने की जानकारी दी। उपजिलाधिकारी बिंदकी का कहना है कि रामपुर बकेवर के ग्रामीणों ने शिकायत की है। शिकायत के आधार पर एक राजस्व टीम गठित कर मौके पैमाइस कराई जाएगी अगर ग्राम सभा की भूमि पर निर्माण भी करा लिया गया है तो ध्वस्त करा दिया जाएगा। मामले में ग्रमीणों की शिकायत पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी बिंदकी को तत्काल कार्यवाही किए जाने का निर्देश दिए है। इस मौके पर ग्रामीणों में रंजीत पटेल, पंकज पटेल, अशोक कुमार आदि रहे।

# शादी अनुदान योजना को करें आवेदन

**फतेहपुर।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने बताया कि पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित शादी अनुदान योजना के तहत आवेदक की आय ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में रूपये एक लाख प्रति वर्ष से अधिक नहीं होगी। पूर्व में जारी नियमावली के शेष नियम यथावत रहेगें। इसके लिए विभागीय पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन किये जाने के लिए अभिलेखों का होना जरूरी होगा।

बताया कि ऑनलाईन आवेदन भरने से पूर्व अपने आधार कार्ड एवं आधार लिंक मोबाइल नंबर तथा बैंक खाते की पास बुक, आय प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र, उम्र का प्रमाण-पत्र (पुत्री की आयु 18 वर्ष एवं वर की आयु 21 वर्ष से या उससे अधिक होना अनिवार्य है) शादी का कार्ड आवश्यक है। आवेदक शादी अनुदान पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन के लिए आधार नम्बर अंकित करें।

# 29 पुलिसकर्मियों के कार्यक्षेत्र में परिवर्तन

संवाददाता, फतेहपुर



- बिंदकी कोतवाली के मुख्य आरक्षी को किया गया लाइन हाजिर

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के बाद थाना चौकी में ठीक से काम न करने वाले पुलिस कर्मियों को हटाया गया है। पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने कई निरीक्षक, उपनिरीक्षक के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया। पुलिस लाइन से कई लोगों को नई तैनाती भी मिली। वहीं एक मुख्य आरक्षी के गलत कार्य के कारण लाइन हाजिर कर दिया। 29 पुलिस कर्मियों को इधर से उधर किया गया।

एसपी ने निरीक्षक श्याम सुंदर लाल श्रीवास्तव को चुनाव सेल से विवेचन सेल अपराध शाखा, निरीक्षक दिनेश कुमार शुक्ला चौकी प्रभारी हस्वा से निरीक्षक अपराध कोतवाली खागा, दिनेश कुमार मिश्रा निरीक्षक अपराध खागा से प्रभारी डीसीआरबी, सतेंद्र कुमार राय प्रभारी डीसीआरबी से विवेचना सेल, योगेश कुमार चतुर्वेदी थाना धाता से विवेचना सेल अपराध शाखा भेजा है। उपनिरीक्षक की सूची में कालिका प्रताप सिंह चुनाव सेल क्राइम ब्रांच से चौकी प्रभारी जोनिहा, ब्रजेश कुमार यादव चौकी प्रभारी लोधी गंज से हस्वा चौकी प्रभारी, रविकांत चुनाव सेल सदर कोतवाली से असनी चौकी प्रभारी, मनोज कुमार सिंह जरौली चौकी प्रभारी से चौकी प्रभारी चौडगरा, महेंद्र कुमार असनी से ललौली, अनीश कुमार सिंह चौकी चौडगरा से जाफरगंज थाना, धीरेंद्र कुमार पांडेय चौकी प्रभारी राधा नगर से अस्थाई चौकी प्रभारी सठिगवा, प्रवीण कुमार दुबे अस्थाई चौकी प्रभारी सठिगवा से थाना बिंदकी बनाया गया। अनमोल चुनाव सेल थाना असोथर से चौकी प्रभारी राधा नगर, अरविंद कुमार मौर्या चुनाव सेल थाना किशनपुर से थाना गाजीपुर, रामबाबू यादव, थाना गाजीपुर से अस्थाई चौकी प्रभारी चंदापुर जरौली थाना किशनपुर, धर्मेंद्र कुमार अस्थाई चौकी प्रभारी ज्वालागंज से थाना बिंदकी, संजीव कुमार यादव अस्थाई चौकी प्रभारी चंदापुर जरौली से चौकी प्रभारी जरौली बनाया गया है। महेंद्र कुमार यादव चौकी प्रभारी विजयीपुर से सदर कोतवाली, विनोद कुमार सिंह चौकी प्रभारी छिवलहा से चौकी प्रभारी विजयीपुर, नारायण दास ललौली थाना से सुल्तानपुर घोष थाना, मनोज कुमार थाना जाफरगंज से थाना धाता बनाया।

विनय प्रकाश तिवारी थाना खागा से चांदपुर थाना, राम सिंह यादव थाना हठगांव से थाना बकेवर, त्रिवेणी पांडेय शिकायत प्रकोष्ठ से थाना खागा, अश्वनी कुमार वर्मा पुलिस लाइन से सदर कोतवाली, प्रमोद कुमार सिंह डीसीआरबी कार्यालय से चौकी प्रभारी छिवलहा और दिवाकर सिंह इंटेलीजेंसविंग से अस्थाई चौकी प्रभारी ज्वालागंज बनाया गया है।

# नाले अपूर्ण, बारिश में जलभराव की संभावना

संवाददाता, औंग

- कानपुर-प्रयागराज हाईवे पर कई स्थानों पर बनने को हैं नाले

**अमृत विचार।** क्षेत्र में एनएच-2 के दोनों ओर गोधरौली, औंग व कीचकपुर में नालों का निर्माण कार्य कराया जाना था, जो अभी तक पूरा नहीं हो सका। बारिश होने पर कीचकपुर में बन रही पानी की टंकी के मैदान में जलभराव हो सकता है। यहां के बाशिंदे समस्या को लेकर पहले से सशंकित हैं, लेकिन हाईवे के अधिकारियों को समस्या से कोई लेना देना नहीं रहा। ग्रामीणों का कहना था कि नाले निर्माण को बारिश से पहले पूरा नहीं करवा गया तो वह आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

बारिश का पानी नहीं निकलने का प्रबंध होने पर दस हजार की आबादी समस्या से जूझेगी। हइवे अफसरों और प्रशासन ने अभी तक समस्या को संज्ञान में नहीं लिया गया। जिससे लोगों में नाराजगी है। सर्विस लेन से दोनों तरफ चिन्हित कुछ मकान का हटाया जाना था। जिन्हे तो कर लिया गया लेकिन कार्यवाही के दायरे में नहीं लाया जा सका। जानकारी के मुताबिक सर्विस रोड में ग्राम गोधरौली में एक मकान, औंग में दस मकान, थाना भवन, कीचकपुर में एक मकान अभी तक नही हटवाये जा सके। इसी कारण नाला निर्माण प्रोजेक्ट अधर में लटका हुआ है। दो सौ साल पुराना ऐतिहासिक पक्का कुआं इन दिनों नाले की चपेट में है नाले का गन्दा पानी कुंए में भर रहा है। हाईवे निर्माण से पहले लोग कुएं का पानी पीते थे।

# किशोर समेत दो लोगों की पेड़ से गिरकर मौत

**फतेहपुर।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत पेड़ से गिरकर किशोर सहित दो लोग घायल हो गए। उपचार के दौरान दोनों ने दम तोड़ दिया।

राधानगर थाना क्षेत्र के दलीपुर मजरे रारा गांव निवासी स्व. शिवनंदन का पुत्र सोहन सिंह छह जून को पेड़ पर चढ़कर लकड़ी तोड़ रहा था तभी गिर कर घायल हो गया था। परिजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे। जहां से परिजन उसे लखनऊ ले गए। इलाज के दौरान मंगलवार की देर रात उसकी मौत हो गई। इसी प्रकार खागा कस्बा के मुहल्ला नई बाजार नई बस्ती निवासी रोशन पेड़ पर चढ़कर पत्ती तोड़ रहा था तभी पैर फिसल जाने से नीचे गिरकर घायल हो गया। परिजनों ने उसे कस्बे के ही नर्सिंग होम में भर्ती कराया। जहां देर रात मौत हो गई।

# आबकारी विभाग ने वितरित किया शर्बत

संवाददाता फतेहपुर


राहगीरों को शर्बत पिलाते आबकारी अधिकारी व कर्मचारी। अमृत विचार

- लोगों ने कहा- शर्बत बाटकर अच्छा काम कर रहा विभाग

**अमृत विचार।** मौसम विभाग ने चेतावनी जारी किया था कि विगत 5 दिनों तक 48 डिग्री तापमान रहेगा। गर्मी के बीच 50 किलोमीटर के रफ्तार से तेज लू हवा चलेगी। भीषण गर्मी को देखते हुए आबकारी विभाग ने आम जनमानस को राहत देने के लिए कैम्प लगाकर शर्बत का वितरण किया। ठंडा शर्बत पीने के बाद लोगों ने कहा कि वह अच्छी बात है कि शराब की जगह पहली बार ठंडा शर्बत पिलाकर राहत देने का काम विभाग कर रहा है।

शहर के पुरानी तहसील के पास आबकारी विभाग ने कार्यालय के बाहर भीषण गर्मी में कैम्प लगाकर आम जनमानस को ठंडा शर्बत पिलाने का काम किया है। सुबह से शुरू हुआ शर्बत वितरण में आम जनमानस ठंडा शर्बत पीने के लिए भीड़ लगी रही। आबकारी विभाग के सदर से इंस्पेक्टर रोबिन आर्य ने बताया कि इस बार रिकॉर्ड तोड़ भीषण गर्मी पड़ रही है। गर्मी से राहत दिलाने के लिए ठंडा शर्बत लोगों को पिलाने का काम किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि यह बात सही है कि विभाग शराब का है, लेकिन इस बार गर्मी को देखते हुए शर्बत पिलाने का काम विभाग कर रहा है, जोकि जिले में आबकारी विभाग के द्वारा पहले बार किया गया है। वहीं शर्बत पीने आये राहगीर ओम बाबू,जिला अस्पताल आयी महिला शकीला बनो ने कहा कि यह अच्छी बात है कि विभाग के ओर से गर्मी में राहत देने के लिए शर्बत पिलाने का काम हो रहा है।

विश्व बालश्रम निषेध दिवस

बाल श्रम पर मामूली अंकुश तक नहीं लगा पा रहा श्रम विभाग

# जिधर देखो उधर बालश्रम, लकीर पीट रहा विभाग

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** जो उम्र दुनियादारी से परे कंधों पर बैग व हाथ में किताब व पेंसिल लेकर पढ़ने-खेलने की होती है, उस उम्र में जिले में बड़ी संख्या में बाल मजदूर मजबूरियों के बोझ तले दबकर हाथ में औजार व कंधों पर वजनदार बोरियां ढोते दिखाई देते हैं। बाल मजदूर बन ये नौनिहाल अशिक्षा के अंधेरे में अपने भविष्य की नींव रख रहे हैं। वहीं बाल श्रम रोके जाने के लिए विभिन्न संस्थाओं सहित विभाग द्वारा महज ढिंढोरा पीटा जा रहा है। यही वजह है कि बाल श्रम पर मामूली अंकुश तक नहीं लग पा रहा है।

बाल श्रम एक गंभीर समस्या बनती जा रही है जिसके चलते बच्चों का बचपन गर्त में जा रहा है। हालांकि मजदूरी करने वाले बच्चे मजबूरी में ऐसा करते हैं लेकिन इस आपाधापी में उनको अपना अधिकार नहीं मिल पा रहा। जिससे बाल मजदूर कम उम्र में ही संघर्ष करते दिखाई देते हैं। बाल श्रम एक गंभीर समस्या बनती जा रही है जो बच्चों को उनकी मासूमियत, अधिकारों से वंचित करती है। जिससे नौनिहालों के जीवन में अशिक्षा का अंधेरा छाया हुआ है, इससे परे वह होटलों, रेस्टारेंट व चाय की दुकानों, रोड लाइट, मिस्त्री के साथ, भट्ठे आदि पर काम करते नजर आते हैं। मामले में सहायक श्रमायुक्त सुमित कुमार ने बताया कि बाल श्रम के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जाता है, जिले को बाल श्रमिक विद्याधन योजना के तहत 20 का लक्ष्य दिया गया है जिसमें एक हजार रुपये बच्चों के खाते में भेजने का प्रविधान है। यह लक्ष्य पूरा किया जा चुका है, बाल श्रमिकों की डीपीओ कार्यालय में लिस्ट भेज दी जाती है।

### मजबूरी भी करा रही मजदूरी

हर साल बच्चों व अभिभावकों को जागरूक करने के लिए स्कूल चलो अभियान चलाया जाता है। लेकिन गरीबी का दंश झेलने वाले वाले परिवारों के बच्चों को कबाड़ बीनने के साथ ही अन्य काम करते देख यह अभियान फीका नजर आता है। ऐसे बच्चों के भविष्य को संवारने के लिए हर साल शासन द्वारा शिक्षा व बाल कल्याण के लिए भारी भरकम रकम खर्च की जाती है। दूसरी ओर गरीब परिवारों के बाल मजदूरों की मजबूरी इन योजनाओं पर पानी फेर रही है।


स्कूल जाने की उम्र में सता रही पेट पालने की चिंता।

### जनजागरण के लिए विशेष प्रचार वाहन

**फतेहपुर।** अन्तर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर बाल श्रम उन्मूलन के प्रति जनजागरण के लिए विशेष प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखा कर जनपद में भ्रमण कराया गया। प्रचार वाहन को सहायक श्रमायुक्त सुमित कुमार व बाल कल्याण समिति के पीठासीन अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद साहू द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया प्रचार वाहन के माध्यम से जनपद में स्थापित कारखानों, दुकान अधिष्ठानों एवं होटल, ढ़ाबा संचालकों, तथा घरेलू उद्योग एवं अन्य खतरनाक प्रकिया में कार्यरत 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों से कार्य लेना कानूनन अपराध है। इस सम्बन्ध में सम्पूर्ण जानकारी प्रचार वाहन के माध्यम से उपलब्ध कराई गई। आखिर में सहायक श्रमायुक्त द्वारा उपस्थित सभी का आभार व्यक्त किया गया और जनपद के सभी कारखानों, दुकान अधिष्ठानों एवं होटल, ढाबा संचालकों, तथा घरेलू उद्योग के सेवायोजकों तथा समाज सेवियों से अपील की गयी कि वह अपने प्रतिष्ठानों में 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों से कार्य न लें। अन्यथा की दशा में विविध कार्यवाही अपनायी जायेगी। जिसमें सजा व अर्थदण्ड दोनों का प्रावधान है। इस कार्य में समाजसेवियों के भूमिका की भी आवश्यकता है। इस मौके पर भूरेलाल, विनीत त्रिपाठी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी और गोविन्द लाल गुप्ता, प्रधान सहायक, एवं बाल कल्याण समिति के सदस्य राम कृष्ण पाण्डेय, अपर्णा पाण्डेय, तरन्नुम, कल्पना मिश्रा अमित कुमार व अंकित कुमार, धीरेन्द्र कुमार अवस्थी विधि सहपरिवेक्षा अधिकारी आदि मौजूद रहे।


रवाना किया गया प्रचार वाहन। अमृत विचार

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## एक नजर

### कार की टक्कर से बाइक सवार तीन घायल

**रूरा।** कस्बे के हसनापुर बंबे के पास कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। हसनापुर गांव निवासी शिवम पाल, रिषभ पाल व सागर बाइक से तिगाईं की तरफ जा रहे थे। तभी रूरा-अकबरपुर रोड पर हसनापुर बंबा के पास अकबरपुर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार वैगन कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक खड्ड में जा गिरी और सवार तीनों युवक घायल हो गए। राहगीरों की मदद से घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा गया। जहां शिवम पाल की हालत गंभीर बनी हुई है।

### पेंशनर्स जीवन प्रमाण पत्र कोषागार में जमा करें

**कानपुर देहात।** वरिष्ठ कोषाधिकारी त्रिभुवन प्रसाद ने जनपद के सभी पेंशनरों को अवगत कराया है कि कोषागार से अनवरत पेंशन प्राप्ति के लिए वर्ष की अवधि में एक बार जीवन प्रमाण पत्र देने की प्रकिया विद्यमान है। ऐसे में सभी पेंशनर समय पर अपना जीवन प्रमाण पत्र ऑनलाइन या कार्यालय कार्य दिवस में प्रस्तुत करें।

### दो पक्षों के बीच मारपीट

**रूरा।** थाना क्षेत्र के बनीपारा गांव में बुधवार की सुबह सरकारी नल से पानी भरने को लेकर आलोक और विश्राम सिंह के बीच में झगड़ा हो गया। जिसमे तीन लोग घायल हो गए। थाना प्रभारी एसएन सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई। पूरे मामले की जांच-पड़ताल के बाद कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि घायलों को अस्पताल भेजा गया है।

### वृद्ध की बिगड़ी हालत, मौत

**पुखरायां।** वृद्ध की हालत बिगड़ने पर परिजन सीएचसी ले गए। जहां जांच के बाद मृत घोषित कर दिया गया। ढिकची गांव के शाहिद अहमद ने बताया कि उसके चाचा हबीब अहमद (62) की घर में अचानक हालत बिगड़ गई। अर्द्धबेहोशी हालत में उन्हें सीएचसी ले जाया गया। जहां ड्यूटी में तैनात डॉ. गोविंद प्रसाद ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

### बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत, दो घायल

**कानपुर।** सचेंडी थानाक्षेत्र में कीरतपुर का रहने वाला 25 वर्षीय मोहित तिवारी रविवार को बाइक से जा रहा था, तभी वह सामने से आ रहे नशे में धुत बाइक सवारों से टकरा गया। बड़े भाई रोहित का कहना था कि बाइक सवारों की स्पीड इतनी तेज थी कि टक्कर लगने के बाद उनके भाई मोहित की बाइक के तीन टुकड़े हो गए। हादसे में तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हैलट अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां मोहित की मंगलवार देर रात मौत हो गई।

# आसमान से बरसी आग, पारा फिर पहुंचा 45 डिग्री सेल्सियस

## अगले पांच दिन और रात का तापमान सामान्य से रहेगा अधिक, गर्मी से राहत नहीं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** एक माह से पड़ रही भीषण गर्मी से लोग बेहाल नजर आ रहे हैं। बुधवार को जिले का तापमान एक बार फिर 45 डिग्री पहुंच गया। मौसम विभाग की मानें तो अभी चार से पांच दिन और पारा चढ़ने का अनुमान है, जिससे गर्मी लोगों को और रुलाएगी।

जिले में गर्मी का सितम बरकरार है। यूं कहें तो भीषण गर्मी के प्रकोप से हर तबका बेहाल है। बुधवार को मंगलवार से एक डिग्री तापमान अधिक आंका गया। सुबह से तेज धूप के चलते तापमान बढ़ने लगा और भीषण गर्मी का अहसास होने लगा। सूरज चढ़ने के साथ ही सड़कों पर सन्नाटा देखने को मिला। बुधवार को सूरज की तपिश आग बनकर बरसी। जिससे अधिक तापमान 45 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। वहीं न्यूनतम तापमान भी 30 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दोपहर में लू के थपेड़ों ने लोगों को छांव ढूंढने पर मजबूर कर दिया। गांव की सड़कों से लेकर हाईवे में भी सन्नाटा पसरा रहा। अधिकांश चालक अपने वाहनों को सड़क किनारे पेड़ों की छांव, ढाबों आदि पर खड़ा का दुबके नजर आए। शाम पांच बजे धूप कम होने पर सड़क व बाजारों में चहल-पहल हुई। सीएसए कानपुर के मौसम विभाग के अनुसार आगामी पांच दिन हल्के बादल छाए रहने की संभावना है, लेकिन बारिश के कोई आसार नहीं हैं। दिन व रात का तापमान सामान्य से अधिक होने के कारण फिलहाल लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिलेगी।


भीषण गर्मी में हैंडपंप से प्यास बुझाते बच्चे। अमृत विचार

### हीटवेव से हार्टअटैक की अधिक संभावना

अकबरपुर सीएचसी अधीक्षक डॉ. आईएच खान ने बताया कि हीट वेव में तापमान अधिक होने के कारण लोगों को त्वचा संबंधी दिक्कतें होती हैं और त्वचा काली पड़ जाती है। इसके अलावा गर्मियों में ब्लड सर्कुलेशन बढ़ जाने से हार्ट अटैक की संभावना ज्यादा होती है। इसलिए दोपहर के समय लोगों को घर से निकलने में सावधानी बरतनी चाहिए। गर्मी के इस मौसम में बचाव ही सबसे कारगर उपाय है।

### तापमान बढ़ने से पेड़ पौधों पर भी असर

जिला कृषि अधिकारी डॉ. उमेश कुमार गुप्ता ने बताया कि लगातार तापमान 40 डिग्री से अधिक रहने का सीधा असर पेड़-पौधों पर भी पड़ता है। इससे पौधों के अंदर मौजूद प्रोटोप्लाज्मा सूख जाएगा और पौधों के विकास पर असर होगा। नीम और तुलसी जैसे कई पौधों की पत्तियां मुरझा जाती हैं और वह प्रकाश संश्लेषण नहीं कर पाती हैं। जिससे पौधे अपना भोजन नहीं बना पाते और जल्दी सूख जाते हैं। बरगद, पीपल व पाकड़ जैसे पौधों की छाल मोटी होती है। उसमे द्रव्य होता है, इसलिए उन पर अधिक तापमान का ज्यादा असर नहीं पड़ेगा।

# क्लीनिक में युवक की थम गई सांस डॉक्टर हिरासत में

**सिकंदरा।** कस्बा के हरिहरपुर रोड पर एक निजी क्लीनिक पर उपचार के दौरान युवक की संदिग्ध परिस्थितियों मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चिकित्सक को हिरासत में लेकर जांच शुरू की है।

सिकंदरा कस्बा के मालवीय नगर निवासी अमर सिंह वाल्मीकि ने बताया कि मंगलपुर थाना क्षेत्र के अलियापुर गांव निवासी सुनील कुमार (30) उनका साला था। सिकंदरा कस्बा में कहीं शराब के नशे जैसी हालात में उनको मिला था। जिसपर वह बाइक से हरिहरपुर रोड़ पर एक चिकित्सक के यहां ले गए। चिकित्सक ने उपचार के दौरान मुंह में नली से पानी में दवा मिला कर पिलाई, जिसके कुछ देर बाद सुनील की मौत हो गई।

सिकंदरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्साधिकारी ने बताया कि परिजन युवक को निजी वाहन से मृत अवस्था में लेकर आए थे। थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि परिजनों की सूचना पर उपचार करने वाले चिकित्सक को हिरासत में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर व पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# रनियां थाने में पिटाई से चीख रहा था बलवंत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- साक्षी रामजी ने न्यायालय में दर्ज कराए बयान

**अमृत विचार।** चर्चित बलवंत हत्याकांड में अभियोजन साक्षी रामजी के बयान न्यायालय में दर्ज किए गए। यह जानकारी वादी पक्ष के अधिवक्ता जितेंद्र प्रताप सिंह चौहान ने दी है।

उन्होंने बताया कि गवाह के बयान जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी राजू पोरवाल ने दर्ज कराए। गवाह ने बयान दिया कि घटना वाले दिन बलवंत सिंह व उसे तत्कालीन एसओजी प्रभारी प्रशांत गौतम, पुलिस कर्मी प्रशांत पांडेय, दुर्वेश, सोनू व अनूप ने महेंद्रा एजेंसी पेट्रोल पंप के पास से पिकअप से उतार लिया और मारते हुए अपनी बोलेरो में डाल कर रनियां थाने ले गए। दोनों के मोबाइल और रुपया छीन लिया गया। बलवंत की रनियां में पिटाई के समय चीखने और जुर्म न कबूलने पर जान से मार देने की धमकी देने, रात करीब साढ़े आठ बजे थाने की लाइट बंद कर मंगलपुर थाने में बंद किए जाने की बात बताई। वहीं तत्कालीन एसओजी प्रभारी प्रशांत गौतम की तरफ से आंशिक जिरह की गई, जिसमें गवाह ने बताया कि उससे पांच हजार रुपये और टच वाला मोबाइल पुलिस वालों ने छीना था। सहायक शासकीय अधिवक्ता प्रशांत मिश्रा रहे। न्यायालय का समय पूरा होने के कारण गवाह रामजी से जिरह पूरी नहीं हो सकी। अगली तारीख 14 जून लगी है।

### मुख्य आरक्षी की जमानत अर्जी पर 15 को सुनवाई

अधिवक्ता जितेंद्र चौहान ने बताया कि मामले में वादी अंगद सिंह, साक्षी बलबीर सिंह व साक्षी गुड्डू उर्फ राघवेंद्र सिंह के पूर्व में बयान दर्ज हो चुके हैं। मामले की सुनवाई अपर जिला जज कक्ष संख्या पांच पूनम सिंह की न्यायालय में चल रही है। बुधवार को आरोपी तत्कालीन शिवली थाना प्रभारी राजेश सिंह, तत्कालीन एसओजी प्रभारी प्रशांत गौतम, तत्कालीन मैथा चौकी प्रभारी ज्ञान प्रकाश पांडेय सहित आठों पुलिस कर्मी जेल से न्यायालय में पेश किए गए। उन्होंने बताया कि आरोपी मैथा चौकी के तत्कालीन मुख्य आरक्षी विनोद कुमार ने मामले में द्वितीय जमानत प्रार्थना पत्र दाखिल किया है, जिसमें न्यायालय ने सुनवाई की तिथि 15 जून नियत की है।

# धीमी प्रगति से डीएम नाराज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** बुधवार को डीएम की अध्यक्षता व सीडीओ लक्ष्मी नागप्पन की उपस्थिति में निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में संपन्न हुई।

डीएम आलोक सिंह ने निर्देश देते हुए कहा कि विभिन्न विभाग चल रहे निर्माण कार्यों की नियमित समीक्षा करें। यदि कार्यदायी संस्थाएं निर्माण कार्य में रुचि नहीं ले रहे हैं या गुणवत्तापूर्ण निर्माण नहीं करा रहे तो इसके संबंध में अवगत कराएं, जिससे उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सके। डीएम ने सभी कार्यदायी संस्थाओं को सख्त निर्देश देते कहा कि अपने कार्यों में तेजी लाएं। अन्यथा की स्थिति में कठोर कार्रवाई की जाएगी। निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही अब क्षम्य नहीं होगी।

उन्होंने कहा जो निर्माण कार्य अंतिम चरण में हैं, उन्हें बरसात से पहले पूर्ण कर संबंधित विभाग को हस्तानांतरित कर दिया जाए। डीएम ने कार्यदायी संस्था सीएनडीएस, यूपीपीसीएल की धीमी कार्य प्रगति पर कड़ी नाराजगी जताई और तेजी लाने के निर्देश दिए। सड़कों के निर्माण के संबंध निर्देश दिए कि नई सड़कों का निर्माण या पुरानी सड़कों के मरम्मतीकरण के साथ ही सड़कों पर साइनेज आदि का कार्य कराया जाए। साथ ही उन स्थानों को ब्लैक स्पॉट के रूप में चिह्नित करने के निर्देश दिए, जहां दो या दो से अधिक बार एक्सीडेंट से संबंधित घटनाएं घट चुकी हैं। संबंधित स्थान पर साइनेज आदि लगाने के भी निर्देश दिए। इस मौके पर कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारी उपस्थित रहे।


अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम आलोक सिंह। अमृत विचार

- दो या अधिक दुर्घटना वाले ब्लैक स्पॉट चिह्नित कर साइनेज लगाने के निर्देश

# 24 घंटे से सड़क पर ही पड़ा मौरंग लदा ट्रक

संवाददाता, राजपुर

**अमृत विचार।** जल्लापुर-सिकंदरा गांव के सामने मौरंग से भरा ट्रक पलट गया था। 24 घंटे बाद भी सड़क से ट्रक न हटाने से वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी हो रही है। हादसे की संभावना है।

राजपुर थाना क्षेत्र के जल्लापुर गांव के सामने मंगलवार को कालपी घाट से मौरंग लादकर इटावा जा रहा ट्रक ओवरटेक करने के दौरान पलट गया था। घटना में ट्रक चालक ने कूदकर जान बचाई थी। गनीमत रही हादसे के समय कोई राहगीर नहीं निकल रहा था। सड़क पर ट्रक पलटने से मौरंग बिखर गई। इधर घटना के 24 घंटे बाद भी सड़क से ट्रक न हटाने के कारण वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ रही है। दोपहिया वाहन और बड़े वाहन एक ही साइड से गुजर रहे हैं। ऐसे में कभी भी हादसा हो सकता है। जल्लापुर के नईम, अरशद, नियाज, अरविंद आदि ने बताया कि रात के समय वाहन निकलने के दौरान कभी भी हादसा हो सकता है। लोगों ने पुलिस से सड़क किनारे पलटा क्षतिग्रस्त हटवाने की मांग की है। थानाध्यक्ष प्रभात कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी नहीं है।


सड़क पर पलटा पड़ा ट्रक।

- सड़क पर मौरंग फैलने से आवागमन में दिक्कत

## सार-संक्षेप


अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते सपा छात्र सभा के पदाधिकारी। अमृत विचार

### नीट परीक्षा रद कर सीबीआई जांच की उठाई मांग

**कानपुर देहात।** समाजवादी छात्र सभा के पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को देकर नीट परीक्षा परिणाम रद्द कर सीबीआई जांच की मांग उठाई है। छात्र सभा जिलाध्यक्ष निखिन गौतम का कहना है कि नीट के परीक्षा परिणाम में एक ही सेंटर से कई टॉपर्स होने से इस वर्ष के परीक्षा परिणाम पर कई तरह से संदेह उत्पन्न हो रहा है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी पर पहले भी यूजीसी नेट परीक्षाओं के आयोजन के संदर्भ में सवाल खड़े हुए थे। कहा गया कि नीट-परीक्षा के आयोजन में जो गड़बड़िया हुई है, उसके लिए इस पूरे विषय से संबंधित ब्यूरोकेसी जिम्मेदार है। पूरे देश में डॉक्टरी की पढ़ाई के लिए प्रवेश परीक्षा के रूप में ली जानेवाली नीट परीक्षा के रिज़ल्ट में सैकड़ों अभ्यर्थियों के 100 प्रतिशत नंबर आए हैं। इनमें भी एक ही परीक्षा केंद्र से कई लोगों के एक साथ 100 प्रतिशत नंबर आना एक बड़ी धांधली की ओर संकेत करता है। ज्ञापन देने में आदित्य यादव, अभय सिंह गौर समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।


उर्स की शुरुआत करतीं कैबिनेट मंत्री की पत्नी व अध्यक्ष प्रतिनिधि।

### उर्स में कव्वालों ने मचाई धूम, भीड़ उमड़ी

**मूसानगर।** घार गांव में सैयद बाबा रहमतुल्लाह का सालाना उर्स हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान कव्वालों ने जवाबी कव्वाली कर शमां बांध दिया। मंगलवार को सालाना उर्स में मशहूर कव्वाल नवाब आतिश व उनके जवाब में महिला कव्वाल उजाला परवीन ने बेहतरीन कव्वाली गाकर शमां बांध दिया। जवाबी कव्वाली कार्यक्रम का रात भर लोगों ने जमकर आनंद लिया। मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री राकेश सचान की पत्नी सीमा सचान व नगर पंचायत मूसानगर अध्यक्ष प्रतिनिधि विनोद निषाद ने फीता काट कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। हिंदू मुस्लिम एकता कमेटी ने अतिथियों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर प्रहलाद सचान, गोविंद गुप्ता, रणवीर सिंह भदौरिया, कार्यक्रम अध्यक्ष पप्पू दीक्षित कोटेदार, उपाध्यक्ष मुश्ताक अली, संयोजक यूनुस अली, रमजान अली, मोहम्मद हसन, निजाम अली, सईद अली आदि लोग मौजूद रहे।


माती स्थित रिलायंस इंडस्ट्रीज का निरीक्षण करती एनडीआरएफ टीम।

### एनडीआरएफ ने सुरक्षा के देखे हालात

**कानपुर देहात।** बुधवार को लखनऊ से आई एनडीआरएफ की टीम ने जलालपुर माती स्थित रिलायंस इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड का दौरा किया और आपातकालीन संबंधी उपायों के बारे में जानकारी ली। ग्यारह एनडीआरएफ के उप महानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा व डीएम आलोक सिंह के मार्गदर्शन में क्षेत्रीय प्रतिक्रिया केंद्र लखनऊ से एनडीआरएफ की टीम ने पेट्रोलियम ऑयल डिपो का दौरा किया और यूनिट के अधिकारियों के साथ बैठक की। टीम ने यूनिट के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त की। टीम के दौरे का मुख्य उद्देश्य किसी घटना से उत्पन्न आपातकालीन स्थिति में सभी सुरक्षा और बचाव एजेंसियों को तुरंत प्रतिक्रिया देना और सभी हितधारकों के बीच आपसी समन्वय स्थापित करना है। इस मौके एनडीआरएफ टीम कमांडर इंस्पेक्टर जीतेंद्र सिंह यादव के साथ पंद्रह सदस्यीय टीम, आपदा विशेषज्ञ अश्वनी वर्मा, नरेश पोपट टर्मिनल मैनेजर, सुनील कुमार व अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

### पांच दिन से लापता किशोर पुखरायां स्टेशन से बरामद

**राजपुर।** सट्टी थानाध्यक्ष शिवशंकर सिंह ने बताया कि शाहजहांपुर निवासी जिलेदार की पत्नी संतोषी देवी ने प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि 6 जून की शाम उनका बेटा छोटू (15) घर से नाराज होकर चला गया है। पुलिस द्वारा किशोर की तलाश के लिए उपनिरीक्षक राजीव कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर तलाश कराई गई। पुलिस टीम ने मंगलवार को पुखरायां रेलवे स्टेशन से किशोर को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया। किशोर को सकुशल पाकर परिजनों ने हर्ष जाहिर किया है। पुलिस टीम में कॉन्स्टेबल सोनू कुमार, अमित कसाना मौजूद रहे।

# चचेरे भाई की हत्या में दो लोग गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- आठ जून को रसूलाबाद के मनावां गांव में हुई थी हत्या

**अमृत विचार।** मनावां में शराब के नशे में गालियां देने पर चचेरे भाई ने हत्या की थी। पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर खुलासा किया है।

रसूलाबाद क्षेत्र के मनावां में 8 जून की रात मनोज कुमार की सब्बल से हत्या की गई थी। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की थी। एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने खुलासे के निर्देश दिए थे। बुधवार को पुलिस ने कृष्ण मोहन उर्फ जज्जूराम व दीपक को छुइया नाला पुलिया के पास से गिरफ्तार किया। आरोपियों ने बताया कि चचेरा भाई मनोज कुमार शराब के नशे में उसे व उसके परिवार को गाली दे रहा था। पिता ने समझाने का प्रयास किया, लेकिन मनोज नहीं माना। गुस्से में उसने सब्बल से मनोज के दाहिने पैर में वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। सब्बल छोड़ भाग गए थे। थाना प्रभारी मुकेश कुमार सोलंकी ने कहा कि दोनों हत्यारोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेजा जा रहा है।

# कंट्रोल रूम से हल होंगी शिकायतें

**कानपुर देहात।** डीएम आलोक सिंह के निर्देशन में आमजन की समस्या निस्तारण के लिए जनपदस्तरीय कंट्रोल रूम का टोल फ्री नंबर 7068185751 जारी किया गया है। किसी भी प्रकार की समस्या जैसे हैंडपंप, जल निगम, संचारी रोग के बचाव के लिए गांव व कस्बों में सफाई कार्य, गौशालाओं व निराश्रित गोवंशों के संरक्षण, सिंचाई, बिजली, बीज, खाद्य विभाग से संबंधित समस्या पर अपनी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। समस्या के निस्तारण के बाद फीडबैक के माध्यम से शिकायतकर्ता से समस्या निदान के बावत पूछा जाएगा।


# दरगाह पर सजेगी मुशायरे की महफिल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- 84वें सालाना उर्स पर 19 जून से 22 जून तक होंगे कार्यक्रम

**अमृत विचार।** अकबरपुर स्थित आस्ताना हजरत मजनू शाह बाबा की दरगाह पर 19 जून से 22 जून तक 84वां उर्स धूमधाम से मनाया जाएगा। दरगाह पर जवाबी कव्वाली व मुशायरे की महफिले सजेंगी। उर्स की तैयारियां जोरों पर हैं। दो हजार लोगों के शामिल होने की उम्मीद है।

मजनू शाह दरगाह उर्स कमेटी के प्रबंधक मोहम्मद नफीस उर्फ डॉन टेलर ने बताया कि हिंदू मुस्लिम एकता के प्रतीक हजरत मजनू शाह दरगाह में 83 वर्षों से हर वर्ष आयोजित होने वाले उर्स के मौके पर नातिया मुशायरा व जवावी कव्वाली का कार्यक्रम आयोजित होता है। इस वर्ष भी दरगाह परिसर में 19 जून को आल इंडिया नातिया मुशायरा में फतेहपुर से जमजम फतेहपुरी, बहराइच से जिया यजदानी, उड़ीसा से शहनवाज़ हस्सान, मधुपुरी बिहार से हबीबुल्लाह नूरी, झारखंड से शम्स तबरेज़ व 20 जून को जवावी कव्वाली में फैजाबाद से साकिब अली, राजस्थान से सब्बीर सदाकत, मुबंई से अज़ीम नाज़ा, गुजरात से अनीश नवाब तथा 20 व 21 जून को दिन में दरगाह में चादर पोशी होगी। रात में जवाबी कव्वाली पेश करेंगे। 22 जून को सुबह पांच बजे दरगाह में कुल शरीफ की रस्म अदा की जाएगी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दरगाह की अंजुमन फिरदौस कमेटी के डॉन टेलर, लईक राजू, हसीब कुरैशी, मुस्ताक सभासद, अनस (भोलू), दानिश, तनवीर, मुज़म्मिल खान, राजा, समीर, नय्याब, नईम, निहाल, फरहान तैयारी में जुटे हैं।


हजरत मजनू शाह की दरगाह।

समीक्षा बैठक | डीआईजी ने पुलिस लाइन सभागार में सीओ और थाना प्रभारियों की बैठक में दिए निर्देश

# ऑपरेशन त्रिनेत्र में लगवाएं सीसीटीवी कैमरे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** सभी थाना प्रभारी जनसहयोग से "ऑपरेशन त्रिनेत्र" के तहत अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगवाएं। साथ ही आगामी त्योहारों व चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए "जागते रहो" अभियान के तहत रात्रि गस्त के दौरान नियमित रूप से भ्रमणशील रहें। यह निर्देश डीआईजी कानपुर जोगेंद्र कुमार ने पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में गोष्ठी में दिए।

उन्होंने कहा कि जनपद में टॉप टेन व पुरस्कार घोषित अपराधियों व चिंहित माफियाओं के विरुद्ध की गई कार्रवाई की समीक्षा कर उनके विरुद्ध नियमानुसार प्रभावी कार्रवाई करें। शातिर अपराधियों को चिंहित कर उनकी हिस्ट्रीशीट खोलने, गोवध/गो-तस्करी, लूट, चोरी, नकबजनी के पंजीकृत अभियोगों में कठोर कार्रवाई की जाए। डीआईजी ने दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट व शीलभंग के पंजीकृत अभियोगों व गैंगस्टर एक्ट अंतर्गत अभियुक्तों के विरुद्ध की गई कार्रवाई की समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि गैंगस्टर एक्ट के तहत माफियाओं की संपत्ति जब्तीकरण कार्रवाई तथा महिला संबंधी पॉक्सो एक्ट संबंधी मामलों में शासन द्वारा चलाए जा रहे 'ऑपरेशन कन्विकशन' के तहत प्रभारी पैरवी कर अभियुक्तों को जल्द से जल्द सजा दिलाएं। इसके लिए सभी क्षेत्राधिकारियों को निर्देशित किया कि वह अपने-अपने सर्किल में चिंहित मामलों में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित कराएं। डीआईजी ने आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण, भूमि विवाद से संबंधित मामलों में निरोधात्मक कार्रवाई, विवेचनाओं का गुणवत्तापूर्ण व शीघ्र निस्तारण, अवैध शराब, जुआं, सट्टा व मादक पदार्थ की बिक्री आदि संगठित अपराधों पर पूर्णतः रोक लगाने के लिए सभी सीओ व थाना प्रभारियों को अभियान चलाकर कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया।

मिशन शक्ति अभियान को सफल बनाने को महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक करने, साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए अभियान चलाने, लंबित शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र निस्तारण करने तथा अपहृताओं की शीघ्र बरामदगी करने के लिए सभी थाना प्रभारियों को वाहन चेकिंग को कहा गया। इस दौरान एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति, एएसपी राजेश पांडेय समेत सभी सीओ, थाना प्रभारी मौजूद रहे।


पुलिस लाइन में बैठक करते डीआईजी जोगेंद्र कुमार व एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति।

# शिक्षकों की स्थानांतरण प्रक्रिया 19 तक होगी पूरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- पूर्व में जोड़े बना चुके शिक्षक होंगे कार्यमुक्त
- पिछले वर्ष वंचित 15 जून से बना सकते जोड़ा

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा परिषद के शिक्षकों के अंतर जनपदीय पारस्परिक (म्यूचुअल) स्थानांतरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। पिछले वर्ष जोड़ा बनाने के बाद से रुकी आगे की प्रक्रिया इसी सप्ताह पूरी की जाएगी। उसके बाद 15 जून से नए जोड़े बनाने के लिए आवेदन होंगे। यह प्रक्रिया केवल ऑनलाइन होगी। जोड़े बनाने के बाद अगले सप्ताह कार्यमुक्त कर दिया जाएगा।

इस प्रक्रिया का शिक्षकों को महीनों से इंतजार था। शिक्षकों के पारस्परिक स्थानांतरण के लिए पिछले वर्ष जोड़े बनाने की प्रक्रिया हुई थी। उस दौरान 2234 शिक्षकों के जोड़े बन गए थे। लेकिन शिक्षण कार्य प्रभावित होने के कारण कार्यमुक्त और कार्यभार ग्रहण की प्रक्रिया नहीं हुई थी। यह प्रक्रिया शीतकालीन अवकाश में भी नहीं हुई। इसे ग्रीष्मावकाश में करने की तैयारी थी। जोड़े बना चुके शिक्षकों ने पिछले दिनों बेसिक शिक्षा परिषद सचिव से मिलकर स्थानांतरण आदेश जारी करने की मांग की थी।

बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल के अनुसार पिछले वर्ष जिनके ऑनलाइन जोड़े बन चुके हैं। उनके रिकॉर्ड 12 जून को रिसेट किए जाएंगे। फिर 13 और 14 जून को बीएसए सत्यापन करेंगे। उसके बाद 15 जून से नए जोड़े बनाने के लिए पोर्टल पर आवेदन होगा। यह प्रक्रिया 18 जून तक चलेगी। जोड़े बनने के बाद 19 जून को शिक्षकों को कार्यमुक्त कर दिया जाएगा।

# नई जेल रोड योजना में किफायती दर पर 5 हजार भूखंड देगा आवास विकास

## छह महीने में शुरू हो जाएगा पंजीकरण, दो हजार रुपये प्रति वर्ग फिट होगा रेट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 137 से 300 वर्ग फिट के होंगे भूखंड, 300 एकड़ की है योजना

**अमृत विचार :** मोहनलालगंज की नई जेल रोड योजना में आवास एवं विकास परिषद आशियाना बनाने के लिए 5,000 भूखंड आवंटित करने जा रहा है। 137 और 300 वर्ग फिट के भूखंडों को मध्यम आय वर्ग को ध्यान में रखकर किफायती दर पर देने का खाका खींच लिया गया है। परिषद ने इसकी शुरुआती दर 2000 रुपये प्रति वर्ग फिट निर्धारित की है। परिषद ने अपनी संपत्तियों को बेचने के लिए मार्केटिंग सेल का गठन किया है। दर कम होने के बावजूद संपत्तियों के खरीदार न मिलने की समस्या को दूर करने के लिए विपणन में दक्ष एमबीए पास युवकों की संपत्ति प्रबंधक पद पर नियुक्तियां की जाएंगी। बुधवार को आवास एवं विकास परिषद की बोर्ड बैठक में कई प्रस्तावों पर मुहर लग गई।

आचार संहिता हटने के बाद बुधवार को आवास एवं विकास परिषद की 266वीं बोर्ड बैठक मुख्यालय के प्रशासनिक भवन में अध्यक्ष एवं अपर मुख्य सचिव नितिन रमेश गोकर्ण की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगी। आवास विकास मोहनलालगंज में नई जेल रोड स्थित भूमि विकास एवं गृहस्थान योजना संख्या एक में 5,000 लोगों को भूखंड देगा। इसके लिए परिषद छह महीने में आवंटन शुरू कर देगा। बोर्ड बैठक के बाद आवास आयुक्त एवं सचिव डॉ. नीरज शुक्ला ने प्रेस कांफ्रेंस कर यह जानकारी दी।


प्रेस कांफ्रेंस में जानकारी देते अपर आवास आयुक्त एवं सचिव और उप आवास आयुक्त।

उन्होंने बताया कि योजना में 137 वर्ग फिट से लेकर अधिकतम 300 वर्ग फिट के भूखंड रहेंगे। इनका रेट लगभग 2,000 रुपये प्रति वर्ग फिट होगा। अपर आवास आयुक्त एवं सचिव ने बताया कि लैंड पूलिंग पर आधारित इस योजना में 50 एकड़ जमीन और जुड़ जाने से यह योजना 300 एकड़ की हो गई है। योजना के काश्तकारों और भू-स्वामियों को आपसी समझौते और लैंड पूलिंग स्कीम का भी विकल्प देने के लिए रखे गए प्रस्ताव को बोर्ड ने मंजूरी दे दी। बोर्ड बैठक में आवास आयुक्त डॉ. बलकार सिंह, अपर आवास आयुक्त एवं सचिव डॉ. नीरज शुक्ला, वित्त नियंत्रक महेश चन्द्र पांडे, मुख्य अभियंता डीवी सिंह, मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक अनिल मिश्रा, मुख्य वास्तुविद नियोजक संजीव कश्यप आदि उपस्थित रहे।

### एमबीए पास बेचेंगे आवास विकास की सम्पत्तियां

आवास विकास की खाली सम्पत्तियां नहीं बिक रही हैं। इसके लिए आवास विकास अब सम्पत्ति कार्यालयों में 10 प्रतिशत एमबीए पास सम्पत्ति प्रबंधक रखेगा। आवास विकास के सभी सम्पत्ति प्रबंध कार्यालयों में अभी एक सम्पत्ति प्रबंधक नियमित है। उप आवास आयुक्त पल्लवी मिश्रा ने बताया कि आवास विकास 11 सम्पत्ति प्रबंधकों की भर्ती के लिए अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को अधियाचन भेज रहा है।

### खाली फ्लैट बेचने के लिए बनेगा मार्केटिंग सेल

आवास विकास की योजनाओं में लगभग 10,000 फ्लैट खाली हैं। इनमें आवास विकास का करोड़ों रुपये फंसा है। छूट देने के बाद भी इन सम्पत्तियों के खरीदार नहीं मिल रहे हैं। अपर आवास आयुक्त एवं सचिव ने बताया कि लखनऊ जोन, गाजियाबाद और मेरठ में सम्पत्तियों को बेचने के लिए आवास विकास मार्केटिंग सेल बनाएगा। इनमें आउटसोर्सिंग पर कर्मचारी रखे जाएंगे। इससे खाली सम्पत्तियां बेचने में मदद मिलेगी।

### खाली फ्लैट पर छूट के साथ पंजीकरण खोलेगा परिषद

दो चरणों की सफलता के बाद आवास विकास खाली सम्पत्तियां बेचने के लिए छूट के साथ पंजीकरण खोलने जा रहा है। पहले चरण में आवास विकास ने 233 और दूसरे चरण में 194 खाली फ्लैट निकाले थे। उप आवास आयुक्त पल्लवी मिश्रा ने बताया कि लखनऊ में वृंदावन योजना, अवध विहार योजना और राजाजीपुरम योजना में आवास विकास के 4127 फ्लैट खाली हैं। गाजियाबाद में 3719 और मेरठ में 1488 फ्लैट खाली हैं।

### 5 वर्षों तक निर्माण न करने पर नहीं लगेगा अनिर्माण शुल्क

आवास विकास की योजनाओं में भूखंड आवंटित कराने के 5 वर्षों तक अनिर्माण शुल्क नहीं लगेगा। 5 वर्षों से 10 वर्षों के बीच 5 प्रतिशत और इसके बाद 10 प्रतिशत अनिर्माण शुल्क लगेगा। यह जानकारी अपर आवास आयुक्त एवं सचिव डॉ. नीरज शुक्ला ने दी। उन्होंने बताया कि 5 वर्षों तक अनिर्माण शुल्क शून्य है। अनिर्माण शुल्क एवं समयवृद्धि शुल्क के पुनर्निर्धारण संबंधी प्रस्ताव को बोर्ड ने अनुमोदन प्रदान कर दिया।

### सेवानिवृत्त सहायक अभियंता की होगी विभागीय जांच

गाजियाबाद की वसुंधरा योजना में तीन की जगह चार और पांच मंजिला निर्माण करवाने में सेवानिवृत्त सहायक अभियंता महेश कुमार के विरुद्ध विभागीय जांच गठित की गयी है। बोर्ड ने जांच संबंधी प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान कर दिया।

## एक नजर

### योगी ने मोहन चरण माझी को दी बधाई



अमृत विचार, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने एक्स अकाउंट पर मोहन चरण माझी को मुख्यमंत्री और कनक वर्धन सिंह देव व प्रवति परीदा को ओडिशा के उप मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर बधाई दी। योगी ने पृथ्वीराज हरिचंदन को भी कैबिनेट मंत्री बनने पर शुभकामनाएं दीं। लोस. चुनाव के दौरान ओडिशा जाकर योगी आदित्यनाथ ने पृथ्वीराज हरिचंदन के पक्ष में वोट की अपील की थी। इससे पहले योगी बुधवार को ओडिशा की नवनिर्वाचित भाजपा सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए।

# अयोध्या में ब्लैक कैट कमांडो करेंगे राम भक्तों की सुरक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एनएसजी हब बनाने की तैयारी में गृह मंत्रालय
- देश का छठवां और प्रदेश का पहला एकीकृत हब बनाया जाएगा

**अमृत विचार:** अयोध्या जल्द ही नेशनल सिक्योरिटी गार्ड का हब बनेगा। एनएसजी का यह देश का छठवां और प्रदेश का पहला हब होगा। गृह मंत्रालय ने यह निर्णय राम मंदिर परिसर की सुरक्षा को लेकर लिया है। अभी परिसर की सुरक्षा एसएसएफ के हवाले है।

अयोध्या में राम जन्मभूमि पर मंदिर निर्माण के बाद से लगातार यहां की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठते रहे हैं। इसके अलावा मंदिर को लेकर कई गंभीर इनपुट केंद्र सरकार को मिले भी हैं। दो बार पुलिस के टोल फ्री नंबर पर भी धमकियां आ चुकी हैं। ऐसे में सरकार की ओर से अयोध्या में नेशनल सिक्योरिटी गार्ड का एकीकृत हब बनाया जाएगा। अयोध्या में राम भक्तों की सुरक्षा एनएसजी के ब्लैक कैट कमांडो करेंगे। एनएसजी को अयोध्या में आतंकवाद विरोधी और अपहरण रोधी अभियानों का विशिष्ट दायित्व सौंपा जाएगा।

### भाजपा नहीं जीत सकी अयोध्या वालों का दिल

उधर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने एनएसजी हब पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सुरक्षा व्यवस्था का जिम्मा अच्छी बात है, लेकिन भाजपा ने अयोध्या वासियों का दिल नहीं जीता। अयोध्या में इंवेंट और मार्केटिंग करने की जगह जो लोग दर्शन करने पहुंच रहे हैं, उनके लिए बेहतर व्यवस्था करनी चाहिए।

# ऑपरेशन कायाकल्प से 28,797 ग्राम पंचायतें दूर

**लखनऊः** ऑपरेशन कायाकल्प के तहत 28,797 ग्राम पंचायतों के विकास का खाका जिले अपलोड नहीं कर पाए। इसमें सबसे खराब प्रगति अलीगढ़, एटा, बागपत, आगरा व श्रावस्ती की है। सभी जिलों को निदेशक पंचायती राज ने चेतावनी दी है। ऑपरेशन कायाकल्प के तहत प्रदेश की सभी 57,691 ग्राम पंचायतों का विवरण विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने के निर्देश निदेशालय ने दिए हैं। इस प्रक्रिया से गांव में विकास संबंधित कार्य कराए जाने हैं, लेकिन रिपोर्ट 28,894 ग्राम पंचायतों की अपलोड की गई, जबकि 28,797 की निर्देश के बाद भी रिपोर्ट नहीं दी गई। निदेशक पंचायती राज अटल कुमार राय ने समीक्षा की तो सभी जिलों की लापरवाही सामने आई। इनमें सबसे कम एटा द्वारा 10 ग्राम पंचायत, अलीगढ़ 12, बागपत 13, आगरा 26 व श्रावस्ती की 26 ग्राम पंचायतों की रिपोर्ट फीड की गई। इन जिलों की खराब प्रगति निदेशक ने नाराजगी जताई और कार्रवाई की चेतावनी देकर तीन दिन में रिपोर्ट अपलोड करने का समय दिया है।

# सात वर्षों से नियुक्ति विभाग में जमे विशेष सचिव हटे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार ने बुधवार को तीन आईएएस अधिकारियों का तबादला कर दिया। आबकारी आयुक्त आदर्श सिंह को आयुक्त राज्यकर का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

आयुक्त राज्यकर मिनिस्ती एस. दो माह की छुट्टी पर गई हैं। विशेष सचिव नियुक्ति के पद पर सात वर्षों से तैनात धनंजय शुक्ला को अपर आयुक्त राज्य कर बनाया गया है। यह पद काफी समय से खाली चल रहा था। वहीं, विशेष सचिव नियुक्ति का अब पूरी तरह कार्यभार विशेष सचिव खनन विजय कुमार संभालेंगे। उनके पास अभी तक विशेष सचिव नियुक्ति का अतिरिक्त प्रभार था। अध्ययन अवकाश से लौटे डॉ. मन्नान अख्तर को विशेष सचिव खनन बनाया गया है।

आने वाले समय में पंचम तल से लेकर शासन स्तर तक के कई अधिकारियों को इधर से उधर किया जाना है। एक दर्जन से अधिक जिलों के डीएम को भी हटाए जाने की चर्चाएं हैं। मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव एसपी गोयल और अपर मुख्य सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक डॉ. देवेश चतुर्वेदी के केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने के लिए प्रदेश सरकार की ओर से एनओसी भेज दी गई है।

केंद्र में तैनाती मिलने के बाद जल्द ही दोनों आईएएस अधिकारियों को कार्यमुक्त कर दिया जाएगा।

### आईएएस अभिषेक सिंह की वापसी पर रोक

| विशेष सचिव नियुक्ति धनंजय शुक्ला को अपर आयुक्त राज्य कर बनाया गया | आबकारी आयुक्त आदर्श सिंह को आयुक्त राज्य कर का अतिरिक्त प्रभार | विशेष सचिव नियुक्ति का कार्यभार आईएएस विजय कुमार संभालेंगे |
|---|---|---|

इस बीच, 2011 बैच के आईएएस अभिषेक सिंह के नौकरी में दोबारा आने के प्रयास पर सरकार ने रोक लगा दी है। सरकार ने केंद्र सरकार के डिपार्टमेंट ऑफ पर्सनल एंड ट्रेनिंग द्वारा अभिषेक सिंह की सेवा में पुन: वापसी के प्रार्थना पत्र पर मांगी गई आख्या व सहमति को अस्वीकृत कर दिया है और अपनी संस्तुति भेज दी है।

# पेंशन देने के लिए शुरू हुआ सत्यापन कार्य

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- वृद्धावस्था, निराश्रित महिला, दिव्यांगजन और कुष्ठावस्था पेंशन की राशि 30 जून तक भेजी जाएगी पात्रों के खाते में
- 31 मार्च को 55.68 लाख वृद्धजनों, 33.54 लाख निराश्रित महिलाओं और 10.40 लाख दिव्यांगजनों को व 11,551 कुष्ठ पीड़ितों को दी गई थी पेंशन

**अमृत विचार :** पात्रों को पेंशन योजना का लाभ देने के लिए सत्यापन कार्य शुरू हो गया है। 30 जून तक पात्रों के खाते में वृद्धावस्था, निराश्रित, दिव्यांगजन और कुष्ठ पीड़ितों को पेंशन का तिमाही भुगतान करना है।

बता दें कि 31 मार्च 2024 को समाज कल्याण विभाग ने वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत 55 लाख 68 हजार 590 को भुगतान किया था। साथ ही, 33.54 लाख निराश्रित महिलाओं और 10.40 लाख दिव्यांगजनों को हर माह एक हजार रुपये की धनराशि पेंशन के रूप में सीधे उनके बैंक खातों में भेजी जाती है। इसी प्रकार, 11,551 कुष्ठ पीड़ितों को प्रतिमाह तीन हजार रुपये पेंशन दी जाती है।

अप्रैल में नया वित्तीय वर्ष शुरू होने के साथ ही लोगों ने पेंशन के लिए आवेदन करना शुरू कर दिया था। मुख्यमंत्री ने भी 8 जून को बैठक में सभी विभागाध्यक्षों को आदेश दिए थे कि 30 जून तक पात्रों के खाते में पेंशन की धनराशि पहुंच जाए।

समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि आवेदनकर्ता पात्रों के आधार कार्ड से मिलान का काम चल रहा है। साथ ही आवश्यक दस्तावेज भी देखे जा रहे हैं। जो भी पात्र होंगे उनके खाते में पेंशन की राशि 30 जून तक पहुंच जाएगी।

# 1900 रिक्त पदों पर जल्द शुरू होगी भर्ती प्रक्रिया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पदोन्नति के लंबित पदों पर भी शुरू होगी प्रक्रिया

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार सरकारी विभागों में रिक्त पड़े पदों पर जल्द भर्ती प्रक्रिया शुरू करने जा रही है। इसके लिए सरकार की ओर से विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। इसके अलावा विभाग में पदोन्नति के लम्बित पदों पर यथाशीघ्र पदोन्नतियां करने के निर्देश भी दिए गए हैं। इस क्रम में पशुधन विभाग में पशु चिकित्सा सेवा के 424 और पशुधन प्रसार अधिकारी के 1083 पद रिक्त हैं। वहीं, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग में भी 154 पद रिक्त हैं, जबकि 289 पद भरे हुए हैं।

दुग्ध विकास विभाग में मुख्य दुग्धशाला विकास अधिकारी के 2, दुग्धशाला विकास अधिकारी के 3, वरिष्ठ दुग्ध निरीक्षक के 26 तथा राजकीय दुग्ध परिवेक्षक के 209 पद रिक्त हैं। सरकार इसके अलावा विभाग में आवश्यता अनुरूप समूह 'घ' के पदों पर आउटसोर्स के माध्यम से भी कार्य लेगी।

पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने बुधवार को रिक्तियों एवं विभागीय बजट की समीक्षा की। यहां उन्होंने योजनाओं के लिए आवंटित धनराशि यथाशीघ्र जारी करने का निर्देश देते हुए लक्ष्य बनाकर बजट का सदुपयोग सुनिश्चित करने को कहा। शासन की ओर से इस बात के भी निर्देश दिये गये हैं कि गोसंरक्षण केन्द्रों की स्थापना के लिए धनराशि एवं जिला योजनाओं के लिए आवंटित धनराशि को शीघ्र जारी किया जाए।


अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर लोकभवन में अधिकारियों के साथ बैठक करते मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र।

# नदियों-झीलों के किनारे ऐतिहासिक स्थलों पर होगा योगाभ्यास

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 15 से 21 तक हर जिले में किया जाएगा योग सप्ताह का आयोजन

**अमृत विचार :** इस बार सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम के लिए प्राचीन सांस्कृतिक पर्यटन स्थल, ऐतिहासिक महत्व के स्थानों, प्रमुख नदियों, झीलों, तालाबों के किनारे, सभी अमृत सरोवरों और प्रमुख नैसर्गिक सौन्दर्य वाले स्थलों को प्राथमिकता दी जाएगी। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'योग स्वयं एवं समाज के लिए' है। इसी थीम को लेकर उप्र. में 15 से लेकर 21 जून तक हर जिले में योग सप्ताह का आयोजन किया जाना है।

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में बुधवार को लोकभवन में 10वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) को लेकर बैठक हुई। बैठक में मुख्य सचिव ने कहा कि जिलों के प्रभारी मंत्रीगण की अध्यक्षता में योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाए। पहले दिन के समारोह में सांसद, मंत्री, विधायक, पार्षद, ग्राम प्रधानों और अन्य गणमान्य जन प्रतिनिधियों को अवश्य आमंत्रित किया जाए। उन्होंने कहा, सभी ग्राम पंचायतों व नगर निकायों में संबंधित जन प्रतिनिधियों की मौजूदगी में योगाभ्यास होना चाहिये। मुख्य सचिव के अनुसार योगाभ्यास कार्यक्रम के लिए सभी स्कूलों की सफाई व्यवस्था करायी जाए। कार्यक्रम में छात्रों के बीच मिठाई, फल और पेयजल बंटवाया जाए।

### अधिकारियों ने किया योगाभ्यास

बैठक में वाई-ब्रेक प्रोटोकाल के तहत मुख्य सचिव समेत मौजूद सभी अधिकारियों ने सीट पर बैठे-बैठे योगाभ्यास भी किया। बैठक में प्रमुख सचिव आयुष लीना जौहरी, प्रमुख सचिव परिवहन वेंकेटेश्वर लू, आयुक्त एवं सचिव ग्राम्य विकास गौरी शंकर प्रियदर्शी, सचिव महिला कल्याण बी. चंद्रकला, मंडलायुक्त लखनऊ डॉ. रोशन जैकब, जिलाधिकारी लखनऊ सूर्यपाल गंगवार सहित अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण आदि मौजूद रहे।

# चित्रकूट, अयोध्या, विंध्याचल धाम तक चलेंगी इलेक्ट्रिक बसें

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

- परिवहन निगम 5000 बसों के अनुबंध के लिए 14 को निकालेगा टेंडर



**अमृत विचारः** प्रयागराज से 200 किलोमीटर परिधि के शहरों और तीर्थस्थलों तक इलेक्ट्रिक बसें चलाई जाएंगी। इसके लिए परिवहन निगम 14 जून को 5000 बसों को अनुबंधित करने के लिए टेंडर निकालेगा। अभी चल रही निगम की बसों की जगह वाराणसी, कानपुर, विंध्याचल धाम, चित्रकूट,अयोध्या और लखनऊ तक इलेक्ट्रिक बसें चलेंगी।

प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि प्रथम चरण में प्रयागराज के अलावा आगरा और गाजियाबाद क्षेत्रों से 200 किलोमीटर परिधि वाले जनपदों तक इलेक्ट्रिक बसें चलाने की योजना है। परिवहन मंत्री ने बताया कि इलेक्ट्रिक बसें अनुबंध के आधार पर लगाई जाएंगी। चालक बस मालिक की ओर से रखे जाएंगे। परिचालक रखने का भी उनके पास विकल्प होगा। मालिक के न रखने पर परिचालक यूपीएसआरटीसी उपलब्ध कराएगी।

इलेक्ट्रिक बसों का किराया अभी संचालित 3 गुणा 2 और 2 गुणा 2 सीटर एसी बसों के बराबर ही होगा। बसों के चार्जिंग की व्यवस्था डिपो में परिवहन निगम करेगा। 12 वर्षों तक बसों की मरम्मत के अलावा चालकों के प्रशिक्षण की जिम्मेदारी बस मालिक की होगी। परिवहन मंत्री ने बताया कि तीन प्रकार की बसों का अनुबंध किया जाएगा। इसमें 12 मीटर लंबी 2 गुणा 2 सीटर, 12 मीटर लंबी 3 गुणा 2 सीटर, 9 मीटर लंबी 2 गुणा 3 सीटर बसें शामिल रहेंगी।

## वर्ग पहेली-99

**बाएं से दाएं**

3. 1. दुबकाना, छिपाना, ढांकना, ओट में करना, आड़ में करना, लुकाना 2. दबाना, डराना 3. डांटना, डपटना।

5. बातचीत का आनंद, वाग्विलास, बतरसियापन।

8. तिरस्कार पूर्वक बातें करना, झिड़कना, डपटना, डांटना।

9. 1. चुप, शांत रहना, खामोश, न बोलना 2. (मुनियों का) एक प्रकार का व्रत या चर्या। (मु.)–स्वीकृति : वह सम्मति जो किसी विषय के संबंध में चुप रहने की मानी जाती है।

10. 1. वह ग्रंथनुमा फ़ाइल जिसमें छायाचित्र (फ़ोटोग्राफ़) संगृहीत किए जाते हैं 2. किसी एक कलाकार या किसी विशेष विषय या शैली के गीतों का रिकॉर्ड

11. पुलिस की बड़ी चौकी जो कोतवाली से छोटी होती है, (पुलिस-स्टेशन)।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. ज़िंदा, प्राणयुक्त 2. जिसमें श्वांस हो 3. जीवनयुक्त, जीवंत 4. जिसमें क्रियात्मक शक्ति हो, (एलाइव) 5. जिसे फिर से जीवन मिला हो।


2. 1. अकुशल, अयोग्य 2. नासमझ, नादान, अबोध 3. कमअक्ल, मंदबुद्धि 4. नौसिखिया।

4. बिखरना, चारों ओर फैलना, छितरना।

5. एक प्रत्यय जो शब्दों के आरंभ में जुड़कर 'बड़ा' अर्थ देता है

6. 1. समीपता, नज़दीकी, पास आने का भाव 2. कोई मांगलिक अवसर या विवाह आदि का जलसा, उत्सव।

7. खनखन करने वाली चीज़।



### वर्ग पहेली -98 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 यु | गा | नु | 2 कू | ल |
| | | | | | ट | |
| 3 सिं | | 4 छु | | | क | |
| 5 चि | ट | न | वी | 6 स | | 7 खुं |
| त | | मु | | 8 चा | फं | द |
| | 9 पि | न | पि | न | | का |
| | | | | | | र |

## सुडोकू-12

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | | | 4 | | | 7 | |
| | 4 | | 3 | | | | 5 | |
| 6 | 7 | | | | 9 | | 8 | |
| | | 5 | | 1 | | | 3 | |
| 4 | 1 | 7 | | | | 2 | 9 | 6 |
| | 8 | | | 6 | | 4 | | |
| | 3 | | 4 | | | | 2 | 9 |
| | 2 | | | | 8 | | 6 | |
| | 9 | | | 5 | | | | 1 |

### सुडोकू - 11 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 8 | 2 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 8 | 6 | 1 | 5 | 4 |
| 1 | 8 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 7 | 3 |
| 4 | 7 | 3 | 8 | 5 | 1 | 2 | 6 | 9 |
| 2 | 5 | 9 | 4 | 6 | 7 | 8 | 3 | 1 |
| 6 | 1 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 7 |
| 9 | 2 | 6 | 5 | 4 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 5 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 | 6 |
| 8 | 3 | 1 | 6 | 7 | 9 | 4 | 2 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 13 जून गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-सप्तमी 21.33 तक तत्पश्चात अष्टमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल–दक्षिण। ऋतु–ग्रीष्म।
चन्द्रबल– मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल–अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र–पूर्वाफाल्गुनी 14 जून 05.08 तक तत्पश्चात उत्तराफाल्गुनी।

**मेष:** आज विवाह संबंधी मामलों को लेकर परिवार में चर्चा हो सकती है। कानूनी मामलों में लापरवाही भारी पड़ सकती है। विलासिता के संसाधनों पर धन खर्च होगा। आप कुछ बड़े एवं साहसिक निर्णय ले सकते हैं, लेकिन अभी परिणाम को लेकर जल्दबाजी करना उचित नहीं है।

**वृष:** आज परिवार के लोगों से आपका तालमेल काफी अच्छा रहेगा। कुछ लोग आपको गलत सलाह देकर भ्रमित करने का प्रयास कर सकते हैं। सेहत को लेकर सावधानी रखें। आप खानपान को लेकर काफी शौकीन हो सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों से मेलजोल बढ़ेगा।

**मिथुन:** आज इंटरव्यू आदि में सम्मिलित हो रहे हैं तो आपको सफलता मिलेगी। यात्राओं के लिए दिन काफी सुखद रहेगा। कारोबार में विस्तार करने के योग बन रहे हैं। आप अपनी कार्यशैली में बदलाव कर सकते हैं।

**कर्क:** आज लोग आपसे धन उधार ले सकते हैं, लेकिन वापस करने में विवाद कर सकते हैं। इसीलिए आपको धन उधार नहीं देना चाहिए। आपकी अपेक्षा के अनुसार काम नहीं होंगे। मन कुछ अप्रसन्न हो सकते हैं। परिस्थितियां आपके अनुकूल नहीं रहेंगी।

**सिंह:** आज कारोबार में आप विस्तार कर सकते हैं। अपेक्षा से अधिक धन लाभ होने से आपको लाभ होगा। बीमार लोगों की सेहत में तेजी से सुधार होगा। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण होगी। ऐश्वर्य के साधनों पर धन खर्च होगा।

**कन्या:** आज आपके सहकर्मियों के साथ अविश्वास की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। आपको धन से जुड़े हुए मामलों में सावधानी रखनी होगी। आपकी कार्यशैली में काफी बदलाव आ सकते हैं जिनसे आपको परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

**तुला:** आज उच्च शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश के इच्छुक छात्रों को सफलता मिल सकती है। धार्मिक कार्यक्रमों में आपकी सहभागिता बढ़ेगी। अधिकारी वर्ग से अपनी बातें मनवाई जा सकती है। लंबे समय से आप जिस अवसर की प्रतीक्षा में थे, वह आपको मिल सकता है।

**वृश्चिक:** आज शत्रु आपके सामने काफी कमजोर पड़ेंगे। बीमा आदि के द्वारा आपको धन लाभ होगा। समाज में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। जीवनसाथी को उपहार दे सकते हैं। परिजन आपका काफी ध्यान रखेंगे। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा।

**धनु:** आज का दिन आपके लिए कमजोर रहने वाला है। धन के मामलों को लेकर आपको सावधान हो जाना चाहिए। पैरों में चोट लग सकती है। उधार लिए हुए धन को लौटाने का दबाव आपको परेशान कर सकता है। परिवार को लेकर चिंता हो सकती है।

**मकर:** आज दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप न करें। सेहत को लेकर आपको काफी ध्यान रखना होगा। चिंता व तनाव लेने से आपको बचना चाहिए। होटल व्यवसायियों को मैनेजमेंट को लेकर कुछ समस्या हो सकती है। आपकी किसी योजना के लंबित होने के योग बन रहे हैं।

**कुंभ:** आज कानूनी मामलों को लेकर आप भाग्यशाली रहेंगे। संतान की प्रगति से उत्साहित रहेंगे। किसी बड़ी समस्या का पूर्ण समाधान मिल सकता है। धन को लेकर आप काफी भाग्यशाली रहेंगे। प्रेम विवाह के लिए परिवार का समर्थन मिल सकता है।

**मीन:** आज व्यवसाय को लेकर यात्रा होने के योग बन रहे हैं। कुछ लोग आपके काम में कमी निकालने का प्रयास करेंगे। आपको वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन मिलेगा। परिवार को लेकर तनाव दूर होगा। आप नया वाहन खरीदने का विचार बना सकते हैं।

## आज की फिल्में

B4U Movies: प्रेम दीवाने सुबह : 10.03; हिरासत रात : 07.00
&pictures: खूंखार सुबह : 10.43; जर्सी रात : 08.00
Sony Pix: स्मर्फ्स : द लॉस्ट विलेज सुबह : 10.40; इट रात : 09.00
Zee Cinema: रमैया वस्तावैया दोपहर : 12.09; मायोन रात : 08.00
Colors Cineplex: रंगीला सुबह : 11.46; क्वीन शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म



कलर्स सिनेप्लेक्स पर शाम : 05.58 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

मोनू– अगर मुझे दूसरा दिमाग लगवाने की जरूरत पड़ी तो मैं तुम्हारा दिमाग लगवाना चाहूंगा।
सोनू– मतलब तुम मानते हो कि मेरे पास जीनियस का दिमाग है?
मोनू– नहीं, मुझे ऐसा दिमाग चाहिए जो पहले कभी यूज न हुआ हो...

डॉक्टर चिंटू से– चश्मा किसके लिए बनवाना है?
चिंटू– जी, मास्टर जी के लिए
डॉक्टर– पर ऐसा क्यों?
चिंटू– क्योंकि मास्टर जी को मैं हमेशा गधा ही नजर आता हूं।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 960 फ्लैग 1070 डीएमओ 845 बोल्ड 1130, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 945 फ्लैग 1060 बोल्ड 1105 डीएमओ 850।

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूंदड़ा | 2400-2450 |
| आरआर 21 | 2550-2600 |
| गेहूंफारम | 2600-2700 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2000-4000 |
| बाजरा | 2100-2150 |
| मकाई | 2200-2400 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 6500-6600 |
| अरहर | 9000-10000 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 3700-4000 |
| उड़दहरा | 10000-10700 |
| उड़दकाला | 6000-8000 |
| मूंग | 7700-7800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 17300-17400 |
| अरहरस्पेशल1 | 14700-14800 |
| चनादाल | 8300-8400 |
| मटरदाल | 4850-4950 |
| मसूरमलका | 7300-7350 |
| मसूरदाल | 7500-7550 |
| उड़ददाल | 9000-11800 |
| उड़द धोवा | 10000-13000 |
| मूँगदाल | 8700-9500 |
| मूँग धोवा | 9700-11000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000-2300 |
| बासमती नं.1 | 8500-10000 |
| सेला | 2500-3000 |
| बासमती नं.2 | 6500-7500 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1380-1430 |
| मैदा | 1350-1400 |
| सूजी | 1410-1430 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1325-1350 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 5600-5800 |
| अलसी | 4500-4600 रुपये। |

# मोदी 3.0 कैबिनेट गठन के बाद बाजार पर सकारात्मक प्रभाव की उम्मीद

**अ**ब जब मोदी 3.0 कैबिनेट का गठन हो चुका है जो मुख्य रूप से मोदी 2.0 जैसा ही है जिसमें गृह, रक्षा जैसे महत्वपूर्ण विभाग अनुभवी मंत्रियों को दिए गए हैं? सवाल उठता है कि भारतीय शेयर बाजार के प्रदर्शन का क्या होगा, क्या इससे यह धारणा बढ़ेगी कि सरकार के 100 दिन के एजेंडे का शेयरों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। आइए समझते हैं कि खुदरा निवेशकों को छोटी, मध्यम और लंबी अवधि के लिए किन शेयरों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

**मोदी 3.0 कैबिनेट की निरंतरता-बाजार की धारणा और निवेशकों का विश्वास बढ़ाना:** तीसरे कार्यकाल के लिए मोदी सरकार के दोबारा चुने जाने से, मोदी 2.0 के समान कोर कैबिनेट सदस्यों को बनाए रखते हुए, बाजार सहभागियों और खुदरा निवेशकों के बीच महत्वपूर्ण उत्साह पैदा हुआ है। इस निरंतरता को नीतिगत स्थिरता और चल रहे आर्थिक सुधारों के संकेत के रूप में माना जाता है, जिसका शेयर बाजार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ने की उम्मीद है। पहले 100 दिनों के लिए सरकार का एजेंडा बुनियादी ढांचे के विकास, डिजिटल परिवर्तन, कृषि सुधार और वित्तीय समावेशन सहित कई प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित है, जिनका उद्देश्य आर्थिक विकास को बनाए रखना और निवेश आकर्षित करना है। इस लेख में, हम उन शेयरों का पता लगाएंगे जिन पर खुदरा निवेशकों को वर्तमान राजनीतिक और आर्थिक परिदृश्य के मद्देनजर लघु, मध्यम और दीर्घकालिक निवेश के लिए विचार करना चाहिए।


रजत मेहरोत्रा, वित्तीय और कर सलाहकार और शेयर बाजार विशेषज्ञ।

**100 दिन के एजेंडे को समझना:** स्टॉक अनुशंसाओं पर विचार करने से पहले, सरकार के 100 दिनों के एजेंडे और विभिन्न क्षेत्रों पर इसके संभावित प्रभाव को समझना आवश्यक है...

**बुनियादी ढांचा विकास:** आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने और नौकरियां पैदा करने के लिए सड़क नेटवर्क, रेलवे, बंदरगाहों और हवाई अड्डों के विस्तार पर जोर।

**डिजिटल परिवर्तन:** डिजिटल इंडिया, तकनीकी प्रगति को बढ़ावा देने और इंटरनेट कनेक्टिविटी बढ़ाने जैसी पहलों पर निरंतर ध्यान केंद्रित किया गया।

**कृषि सुधार:** किसानों की आय में सुधार, कृषि का आधुनिकीकरण और बेहतर बाजार पहुंच सुनिश्चित करने के लिए नीतियां लागू करना।

**निष्कर्ष :** मोदी 3.0 कैबिनेट की निरंतरता और सरकार के महत्वाकांक्षी 100 दिनों के एजेंडे ने बाजार की धारणा और निवेशकों के विश्वास को मजबूत किया है। जैसे-जैसे बुनियादी ढांचा परियोजनाएं आगे बढ़ रही हैं, डिजिटल परिवर्तन में तेजी आ रही है, कृषि सुधार लागू हो रहे हैं और वित्तीय समावेशन के प्रयास मजबूत हो रहे हैं, कई क्षेत्र विकास के लिए तैयार हैं। खुदरा निवेशक इन क्षेत्रों के शेयरों पर ध्यान केंद्रित करके, अपने निवेश को अपनी जोखिम सहनशीलता और निवेश क्षितिज के साथ जोड़कर लाभ उठा सकते हैं। हालाँकि इस लेख में दी गई स्टॉक अनुशंसाएँ वर्तमान बाज़ार रुझानों और अपेक्षित नीति प्रभावों पर आधारित हैं, निवेशकों के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे अपना स्वयं का शोध करें और यदि आवश्यक हो तो पेशेवर सलाह लें। सूचित रहकर और रणनीतिक निवेश निर्णय लेकर, खुदरा निवेशक सरकार के एजेंडे द्वारा प्रस्तुत अवसरों का लाभ उठा सकते हैं और अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं।

**वित्तीय समावेशन:** वित्तीय साक्षरता और समावेशन को बढ़ाने के लिए जन धन योजना जैसी पहल को मजबूत करना और डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देना।

**क्षेत्रीय प्रभाव और स्टॉक अनुशंसाएं:** उपरोक्त एजेंडे को देखते हुए, कई क्षेत्रों को महत्वपूर्ण लाभ होने की संभावना है। आइए इन क्षेत्रों के उन शेयरों पर गौर करें जिन पर खुदरा निवेशकों को ध्यान केंद्रित करना चाहिए...

**1. बुनियादी ढांचा-अल्पकालिक निवेश:** लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) लार्सन एंड टुब्रो भारत में एक अग्रणी इंजीनियरिंग और निर्माण कंपनी है, जिसके पास मजबूत ऑर्डर बुक और मजबूत निष्पादन क्षमताएं हैं। बुनियादी ढांचे के विकास के लिए सरकार के दबाव के परिणामस्वरूप एलएंडटी के ऑर्डर में वृद्धि और वित्तीय प्रदर्शन में सुधार होगा।

**मध्यम अवधि का निवेश:** अल्ट्राटेक सीमेंट जैसे-जैसे बुनियादी ढांचा परियोजनाएं शुरू होंगी, सीमेंट जैसी निर्माण सामग्री की मांग बढ़ेगी। भारत में सबसे बड़े सीमेंट उत्पादकों में से एक होने के नाते, अल्ट्राटेक सीमेंट को इस बढ़ी हुई मांग से लाभ होगा।

**दीर्घकालिक निवेश:** आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपर्स आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपर्स सड़क और राजमार्ग निर्माण क्षेत्र में एक प्रमुख खिलाड़ी है। सड़क कनेक्टिविटी बढ़ाने की सरकार की प्रतिबद्धता के साथ, आईआरबी दीर्घकालिक विकास के लिए अच्छी स्थिति में है। सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) और बिल्ड-ऑपरेट-ट्रांसफर (बीओटी) परियोजनाओं पर कंपनी का ध्यान स्थिर राजस्व प्रवाह और दीर्घकालिक मूल्य सृजन सुनिश्चित करता है।

**2. डिजिटल परिवर्तन- अल्पकालिक निवेश:** इंफोसिस आईटी सेवाओं में वैश्विक अग्रणी इंफोसिस, डिजिटल परिवर्तन पहल से लाभान्वित होने के लिए तैयार है। डिजिटल सेवाओं, क्लाउड कंप्यूटिंग और साइबर सुरक्षा में कंपनी की उपस्थिति इसे अल्पकालिक लाभ की स्थिति में लाती है क्योंकि व्यवसायों और सरकार ने डिजिटल अपनाने को बढ़ावा दिया है।

**मध्यम अवधि का निवेश:** टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) एक अन्य आईटी दिग्गज टीसीएस के पास सेवाओं का एक विविध पोर्टफोलियो और एक मजबूत ग्राहक आधार है। चल रहे डिजिटल परिवर्तन से टीसीएस की सेवाओं की मांग बढ़ेगी, जिससे राजस्व में वृद्धि होगी।

**दीर्घकालिक निवेश:** भारती एयरटेल-प्रमुख दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल भारत की डिजिटल क्रांति में सबसे आगे है। 5G तकनीक में कंपनी का निवेश और अपनी ब्रॉडबैंड सेवाओं का विस्तार इसे एक आकर्षक दीर्घकालिक निवेश बनाता है। जैसे-जैसे इंटरनेट की पहुंच बढ़ती है और डिजिटल सेवाओं का प्रसार होता है, भारती एयरटेल को निरंतर विकास से लाभ होगा।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 90,250 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,150 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,500-54,700 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,850 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,700 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 89,000 |
| चांदी तैयार | 89,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 71,500 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 70,500 |
| चांदी पक्की | 876 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 71,750 |
| चांदी आभूषण | 89,200। |

## सोने की कीमत में 250 और चांदी में 800 रुपये की हुई बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में मजबूती के रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोना 250 रुपये की बढ़त के साथ 72,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 71,950 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 800 रुपये उछलकर 91,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। पिछले सत्र में यह 90,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा-दिल्ली में हाजिर सोने (24 कैरेट) की कीमतें 72,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही हैं।

## अप्रैल में औद्योगिक उत्पादन 3 माह के निचले स्तर पर पहुंचा

- आंकड़ों के मुताबिक पांच प्रतिशत बढ़ा उत्पादन

नई दिल्ली, एजेंसी

देश का औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) अप्रैल में विनिर्माण क्षेत्र के सुस्त प्रदर्शन की वजह से 3 माह के निचले स्तर पांच प्रतिशत पर आ गया। हालांकि, इस दौरान खनन और बिजली क्षेत्र का प्रदर्शन अच्छा रहा।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की तरफ से बुधवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, औद्योगिक गतिविधियों का सूचक माना जाने वाला औद्योगिक उत्पादन सूचकांक अप्रैल महीने में पांच प्रतिशत की दर से बढ़ा जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 4.6 प्रतिशत बढ़ा था। औद्योगिक उत्पादन वृद्धि मार्च, 2024 में 5.4 प्रतिशत रही थी जबकि फरवरी में यह 5.6 प्रतिशत के स्तर पर थी। इस तरह अप्रैल में यह सूचकांक मासिक आधार पर घटा है। आईआईपी का पिछला निचला स्तर जनवरी, 2024 में 4.2 प्रतिशत रहा था। वित्त वर्ष 2023-24 में आईआईपी वृद्धि दर 5.9 प्रतिशत रही, जबकि 2022-23 में यह 5.2 प्रतिशत थी।

## चौहान ने कृषि क्षेत्र में नई जान फूंकने के लिए 100 दिन की कार्ययोजना बनाई

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को वरिष्ठ अधिकारियों के साथ 100 दिवसीय कार्ययोजना पर चर्चा की। इसका उद्देश्य कृषि क्षेत्र को मजबूत करना और किसानों के संकट को कम करना है। बैठक में कृषि राज्यमंत्री रामनाथ ठाकुर और भागीरथ चौधरी, कृषि सचिव मनोज आहूजा और अन्य शीर्ष अधिकारी शामिल हुए। बैठक में चौहान ने देशभर में कृषि उत्पादन और उत्पादकता को बढ़ावा देने के लिए किसानों तक गुणवत्तापूर्ण आदानों की आपूर्ति सुनिश्चित करने की जरूरत पर बल दिया।

## जीवन बीमा कंपनियों को पॉलिसी पर उपलब्ध करानी होगी ऋण सुविधा

- इरडा ने सभी जीवन बीमा बचत उत्पादों के लिए लागू किया नियम

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) ने सभी जीवन बीमा बचत उत्पादों में पॉलिसी ऋण की सुविधा अब अनिवार्य कर दी है, जिससे पॉलिसीधारकों को नकदी संबंधी जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी।

जीवन बीमा पॉलिसी के संबंध में सभी विनियमों को एकीकृत करने वाले मास्टर परिपत्र को बुधवार को जारी करते हुए इरडा ने कहा कि फ्री-लुक अवधि अब 30 दिन की है। पहले यह अवधि 15 दिन थी। फ्री-लुक अवधि में पॉलिसी के नियमों तथा शर्तों की समीक्षा करने के लिए समय प्रदान किया जाता है। नया मास्टर परिपत्र सामान्य बीमा पॉलिसी के लिए नियामक द्वारा की गई इसी प्रकार की प्रक्रिया के बाद आया है। इरडा ने कहा-यह बीमा नियामक द्वारा पॉलिसीधारकों के हितों को ध्यान में रखते हुए उठाए गए सुधारों की श्रृंखला में एक महत्वपूर्ण कदम है। अब नवाचार को बढ़ावा देने, ग्राहक अनुभव और संतुष्टि को बढ़ाने के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध है।

# राष्ट्रीय

## दबाव बनाने की रणनीति पर नहीं जारी कर सकते एलओसी

### दिल्ली उच्च न्यायालय ने बैंक की ओर से जारी किया गया लुकआउट सर्कुलर खारिज करते हुए की टिप्पणी

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि जब धोखाधड़ी या पैसे की हेराफेरी का कोई आरोप न हो तो बैंक कर्ज वसूली के लिए दबाव बनाने की रणनीति के तौर पर लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) जारी नहीं कर सकता।

अदालत ने उस कंपनी के पूर्व निदेशक के खिलाफ जारी एलओसी को खारिज कर दिया, जो कर्ज चुकाने में विफल रही और जिस पूर्व निदेशक ने कर्ज के लिए गारंटी दी थी। अदालत ने इस बात पर जोर दिया कि एलओसी विदेश यात्रा करने के इच्छुक व्यक्ति के लिए एक बड़ी बाधा है। इसने कहा कि किसी व्यक्ति को बहुत ही मजबूर करने वाले कारणों के अलावा विदेश जाने के उसके अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने 28 मई को पारित अपने फैसले में कहा-इस न्यायालय की राय है कि कानून में उपलब्ध सभी उपायों का सहारा लेने के बाद बैंक उस व्यक्ति से कर्ज वसूली के लिए दबाव बनाने की रणनीति के तौर पर एलओसी जारी नहीं कर सकता, जो अधिक भुगतान करने में असमर्थ हो और उसके खिलाफ ऋण धोखाधड़ी में शामिल होने या ऋण राशि के गबन का आरोप न हो।




### न्यायालय ने कहा-बैंक ऋण चूक के हर मामले में एलओसी का सहारा नहीं लिया जा सकता

अदालत ने कहा कि केंद्र के कार्यालय ज्ञापन के अनुसार, एलओसी तब जारी किया जा सकता है जब किसी व्यक्ति की विदेश रवानगी भारत की संप्रभुता या सुरक्षा या अखंडता या द्विपक्षीय संबंधों अथवा भारत के रणनीतिक और/या आर्थिक हितों के लिए हानिकारक हो। अदालत ने कहा कि बैंक ऋण चूक के हर मामले में एलओसी का सहारा नहीं लिया जा सकता है, क्योंकि नागरिकों को परेशान नहीं किया जाना चाहिए। दिल्ली उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि उपर्युक्त के मद्देनजर, याचिकाकर्ता के खिलाफ जारी लुकआउट सर्कुलर को रद किया जाता है।

अदालत ने कहा कि मौजूदा मामले में याचिकाकर्ता के खिलाफ कोई आपराधिक कार्यवाही लंबित नहीं है और न ही उसके खिलाफ गबन में शामिल होने का कोई आरोप है। याचिकाकर्ता कंपनी के निदेशकों में से एक था, जिसने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया से प्राप्त 69 करोड़ रुपये के ऋण की गारंटी दी थी। बाद में उसने कंपनी से इस्तीफा दे दिया और दूसरी संस्था में नौकरी करने लगा। कंपनी के ऋण चुकाने में विफल रहने के बाद बैंक ने विभिन्न कानूनों के तहत उसके (निदेशक के) खिलाफ कार्यवाही शुरू की और एलओसी जारी करने का भी अनुरोध किया।

अदालत ने कहा कि यद्यपि भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत विदेश यात्रा करने के अधिकार की गारंटी दी गई है और इसे मनमाने एवं अवैध तरीके से नहीं छीना जा सकता है, लेकिन "अब बड़ी संख्या में ऐसे मामले सामने आ रहे हैं, जहां बैंक बिना किसी आपराधिक कार्यवाही शुरू किये पैसे वसूलने के उपाय के तौर पर लुकआउट सर्कुलर खोलने पर जोर दे रहे हैं।

## ओडिशा के 15वें मुख्यमंत्री बने मोहन चरण माझी

- केवी सिंहदेव और प्रभाती परिदा बने डिप्टी सीएम

भुवनेश्वर, एजेंसी

आदिवासी नेता एवं चार बार के विधायक मोहन चरण माझी ने बुधवार को यहां एक समारोह में ओडिशा के पहले भाजपा मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। शपथग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, कई केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री शामिल हुए। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पटनागढ़ से विधायक केवी सिंह देव तथा निमापारा विधानसभा क्षेत्र से पहली बार विधायक बनीं प्रभाती परिदा ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली।

पिछली विधानसभा में भाजपा के मुख्य सचेतक रहे माझी हाल में हुए विधानसभा चुनाव में चौथी बार विधानसभा के लिए चुने गए। उन्होंने क्योंझर विधानसभा क्षेत्र से जीत दर्ज की। जनता मैदान में राज्यपाल रघुबर दास ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।


मनोनीत मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी भुवनेश्वर में शपथ लेते हुए। •

यह पहली बार है जब ओडिशा में भाजपा की सरकार बनी है। समारोह में मोदी के अलावा भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, भूपेन्द्र यादव, धर्मेंद्र प्रधान, जुएल उरांव, अश्विनी वैष्णव और अन्य लोग शामिल हुए।

सुरेश पुजारी, रबिनारायण नाइक, नित्यानंद गोंड, कृष्ण चंद्र पात्र, पृथ्वीराज हरिचंदन, मुकेश महालिंग, बिभूति भूषण जेना और कृष्ण चंद्र महापात्र ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। गणेश राम सिंह खूंटिया, सूर्यबंशी सूरज, प्रदीप बालासनंता, गोकुला नंदा मल्लिक और संपद कुमार स्वैन ने राज्य मंत्री (स्वतंत्र) के रूप में शपथ ली।

### चंद्रबाबू ने संभाली आंध्र की कमान, पवन कल्याण ने ली उपमुख्यमंत्री पद की शपथ

**अमरावती।** तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू ने बुधवार को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के तौर पर यह उनका चौथा कार्यकाल होगा। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री मौजूद थे। जनसेना प्रमुख एवं अभिनेता पवन कल्याण, चंद्रबाबू नायडू के बेटे नारा लोकेश समेत अन्य ने मंत्री पद की शपथ ली। वहीं पवन कल्याण अब बतौर डिप्टी सीएम आंध्रप्रदेश का कार्यभार सभांलेंगे। आंध्र प्रदेश के राज्यपाल एस. अब्दुल नजीर ने नायडू और अन्य को शपथ दिलाई। शपथ लेने के बाद चंद्रबाबू नायडू को प्रधानमंत्री मोदी ने गले लगाया और उनकी पीठ थपथपाई। बाद में, प्रधानमंत्री ने अभिनेता चिरंजीवी और पवन कल्याण का हाथ पकड़कर उनसे आत्मीयता से बात की और मंच पर तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री ओ पन्नीरसेल्वम, तमिल सुपरस्टार रजनीकांत और उनकी पत्नी लता के साथ भी बातचीत की। हाल में हुए चुनाव में नायडू ने अपनी कुप्पम सीट बरकरार रखी, जबकि पवन कल्याण और लोकेश ने पिथापुरम और मंगलगिरि विधानसभा क्षेत्रों से जीत हासिल की। केंद्रीय मंत्री अमित शाह, नितिन गडकरी तथा जे.पी. नड्डा और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी इस मौके पर मौजूद थे। पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू, भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीश एन.वी. रमण और अभिनेता रजनीकांत तथा चिरंजीवी भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए।


मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और पवन कल्याण द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन किया गया। • एजेंसी

## एक नजर

### येदियुरप्पा ने की पॉक्सो मामले को खारिज करने की मांग

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता बी एस येदियुरप्पा ने अपने खिलाफ दर्ज पॉक्सो मामले को खारिज करने की मांग करते हुए राज्य के उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। श्री येदियुरप्पा ने 12 जून को दायर की गई याचिका में तर्क दिया गया है कि शिकायत में अपराध के किसी भी तत्व का अभाव है। यह मामला 14 मार्च का है, जब एक महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी।

### ठाणे में एक रसायन कारखाने में लगी आग

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के डोंबिवली इलाके में बंद पड़े एक रसायन कारखाने में बुधवार को सुबह आग लग गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। कल्याण डोंबिवली नगर निगम के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख दीपक निकम ने बताया कि आग से अभी तक किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। उन्होंने बताया कि आग के साथ-साथ कारखाने की एक इकाई में विस्फोट भी हुआ है। उन्होंने कहा कि कारखाने से निकल रहे धुएं को दूर से देखा जा सकता था। यह कारखाना अमुदन केमिकल्स के पास स्थित है।

## लोग परेशान हैं, टैंकर माफिया के खिलाफ आपने क्या कार्रवाई की

- उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली सरकार से किया सवाल

नई दिल्ली, एजेंसी



उच्चतम न्यायालय ने पानी की बर्बादी और टैंकर माफिया को लेकर दिल्ली की आप सरकार के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए बुधवार को पूछा कि इस समस्या से निपटने के लिए उसने क्या कदम उठाए हैं। न्यायालय ने कहा कि दिल्ली में लोग पानी की किल्लत से परेशान हैं।

न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी वराले की अवकाशकालीन पीठ ने दिल्ली सरकार से कहा कि यदि वह टैंकर माफिया से नहीं निपट सकती तो वह शहर की पुलिस से टैंकर माफिया के खिलाफ कार्रवाई करने को कहेगी। न्यायालय ने कहा कि यदि उसी पानी को टैंकर के माध्यम से पहुंचाया जा सकता है, तो उसे पाइपलाइन के माध्यम से क्यों नहीं उपलब्ध कराया जा सकता। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि यदि बिजली चोरी रोकने के लिए कड़े कानून हो सकते हैं तो पानी की बर्बादी रोकने के लिए कानून क्यों नहीं हो सकते। पीठ ने कहा-यदि हिमाचल प्रदेश से पानी आ रहा है तो दिल्ली में कहां जा रहा है? यहां इतनी चोरी हो रही है, टैंकर माफिया काम कर रहे हैं। क्या आपने इनके खिलाफ कोई कार्रवाई की है? यदि आप कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं तो हम इस मामले को दिल्ली पुलिस को सौंप देंगे। लोग परेशान हैं। टैंकर से वही पानी आ रहा है लेकिन पाइपलाइन में पानी नहीं है। इसने मौखिक रूप से कहा-हर चैनल पर तस्वीरें देख रहे हैं कि दिल्ली में टैंकर माफिया काम कर रहा है। आपने इस संबंध में क्या उपाय किए हैं? हलफनामे से पता चलता है कि ये मामले 2018, 2019 और 2021 में भी सामने आए हैं। हर बार यह अदालत कहती है कि हम ऐसा नहीं कर सकते, यह काम यमुना जल बोर्ड (ऊपरी यमुना नदी बोर्ड-यूवाईआरबी) द्वारा किया जाना चाहिए।

पीठ ने कहा-यदि यह समस्या बार-बार आती है तो आपने दोनों बैराज से आने वाले पानी की बर्बादी को रोकने के लिए क्या उपाय किए हैं? कृपया हमें बताएं कि आपने टैंकर माफियाओं के खिलाफ क्या कार्रवाई की है या कोई प्राथमिकी दर्ज की है।

## फीजिक्स वाला ने नीट-यूजी में कृपांक दिए जाने को शीर्ष अदालत में दी चुनौती

**नई दिल्ली।** शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी फीजिक्स वाला के मुख्य कार्यकारी अलख पांडे ने मेडिकल शिक्षा से जुड़े विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए विवादित परीक्षा नीट-पीजी 2024 में शामिल होने वाले 1,500 से अधिक उम्मीदवारों को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा कथित तौर पर बेतरतीब ढंग से कृपांक दिए जाने के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा था कि राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी), 2024 की शुचिता प्रभावित हुई है। न्यायालय ने कथित तौर पर प्रश्नपत्र लीक होने और अन्य गड़बड़ियों के आधार पर नीट-यूजी 2024 को फिर से कराने के अनुरोध वाली याचिका पर मंगलवार को केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी से जवाब मांगा है।

## मप्र में दूषित जल पीने से दो लोगों की मौत, कई अन्य अस्पताल में भर्ती

**भिंड।** मध्यप्रदेश के भिंड जिले के फूप कस्बे में पिछले दो दिनों में कथित तौर पर दूषित जल पीने से कम से कम दो लोगों की मौत हो गयी और कुछ अन्य को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि सोमवार सुबह से क्षेत्र के मुख्य रूप से नगर निगम के तीन वार्डों से जल जनित संक्रमण की सूचना मिली, इसके बाद उल्टी और दस्त से पीड़ित रोगियों की संख्या 84 हो गयी। प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डीके शर्मा ने बताया कि रोगियों की संख्या में लगातार वृद्धि के चलते एक शिविर स्थापित किया है।

## प्रधानमंत्री ने रियासी आतंकी हमले पर क्यों साध रखी है चुप्पी

- कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा मोदी को हमले की निंदा करने का नहीं मिला समय

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर के रियासी में आतंकी हमले का हवाला देते हुए बुधवार को भारतीय जनता पार्टी की नया कश्मीर नीति के विफल रहने का आरोप लगाया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस हमले की निंदा करने का समय नहीं मिला और उन्होंने चुप्पी साध रखी है।

पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सवाल किया कि आखिर भाजपा सरकार में आतंकी हमले की साजिश करने वाले पकड़े क्यों नहीं जाते? उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, बधाई संदेशों का जवाब देने में व्यस्त नरेन्द्र मोदी को जम्मू-कश्मीर में निर्ममता से मौत के घाट उतार दिये



गए श्रद्धालुओं के परिवारों की चीखें तक नहीं सुनाई दे रही हैं। रियासी, कठुआ और डोडा में पिछले 3 दिनों में 3 अलग-अलग आतंकी घटनाएं हुई हैं, लेकिन प्रधानमंत्री अब भी जश्न में मग्न हैं। राहुल गांधी ने कहा-देश जवाब मांग रहा है-आखिर भाजपा सरकार में आतंकी हमलों की साजिश रचने वाले पकड़े क्यों नहीं जाते? कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने एक बयान में आरोप लगाया कि पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार की झूठे ही सीना ठोकने की वजह से राष्ट्रीय सुरक्षा को नुकसान पहुंचा है।

उन्होंने कहा-पिछले तीन दिनों में जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमलों की बाढ़ आ गई है, जबकि पीएम मोदी पाकिस्तानी नेताओं-नवाज शरीफ और शाहबाज शरीफ के बधाई ट्वीट्स (एक्स पर पोस्ट) पर जवाबी पोस्ट करने में व्यस्त हैं। उन्होंने नृशंस आतंकी हमलों पर एक भी शब्द क्यों नहीं बोला? उन्होंने चुप्पी क्यों साध रखी है? उन्होंने दावा किया कि जम्मू-कश्मीर में शांति और सामान्य स्थिति की बहाली के भाजपा के बड़बोलेपन और खोखले दावों की पूरी तरह से पोल खुल गई है। खेड़ा ने आरोप लगाया, यह तथ्य कि भाजपा ने कश्मीर घाटी में चुनाव लड़ने की भी जहमत नहीं उठाई, इस बात का प्रमाण है कि उनकी नया कश्मीर नीति पूरी तरह विफल रही है।


कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सवाल किया, क्या यह सच नहीं है कि पिछले 2 वर्षों में पीर पंजाल रेंज - राजौरी और पुंछ, अब सीमा पार आतंकवाद का गढ़ बन गया है और पिछले दो वर्षों में इन इलाकों में हुए आतंकी हमलों में 35 से ज्यादा जवान शहीद हो चुके हैं।

# श्रीलंका के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण राष्ट्रपति चुनाव

कोलंबो, एजेंसी

- 17 सितंबर से 16 अक्टूबर के बीच आयोजित किए जाएंगे चुनाव

श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने कहा है कि इस साल के अंत में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव व्यक्तिगत हार-जीत के बजाय द्वीपीय राष्ट्र की सफलता और असफलता का निर्धारण करेंगे। बुधवार को मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। पिछले महीने श्रीलंका के चुनाव आयोग ने कहा था कि राष्ट्रपति चुनाव इसी साल 17 सितंबर से 16 अक्टूबर के बीच आयोजित किए जाएंगे।



बुधवार को नीति सुधार पर एक चर्चा के दौरान 75 वर्षीय विक्रमसिंघे ने कहा, आगामी चुनाव का परिणाम केवल मेरी व्यक्तिगत जीत या हार के बारे में नहीं है, बल्कि यह चुनाव निर्धारित करेगा कि हमारा देश सफल होगा या विफल। जुलाई 2022 के मध्य से अपदस्थ राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे का शेष कार्यकाल पूरा कर रहे रानिल विक्रमसिंघे ने फिर से चुनाव कराने को लेकर कोई सार्वजनिक बयान नहीं दिया। राष्ट्रपति के मीडिया प्रभाग ने उनके बयान को दिखाया, जिसमें उन्होंने कहा, यह चुनाव हमारे देश की प्रगति के लिए सबसे प्रभावी प्रणाली को चुनने का है।

## अमेरिका ने रूस पर लगाए और प्रतिबंध

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने रूस पर लगे प्रतिबंधों का दायरा बढ़ाते हुए 300 से अधिक नए प्रतिबंध लगाए हैं, जिनका मकसद चीन, संयुक्त अरब अमीरात और तुर्की समेत विभिन्न देशों के व्यक्तियों व कंपनियों को रूस की सहायता करने से रोकना है। अमेरिका ने यह कदम इटली में होने वाले जी7 शिखर सम्मेलन से पहले उठाया है, जिसमें यूक्रेन के लिए समर्थन बढ़ाना और रूस की युद्ध मशीनरी को खत्म करना शीर्ष प्राथमिकताएं होंगी।

बुधवार को लगाए गए प्रतिबंधों में उन चीनी कंपनियों को निशाना बनाया गया है, जो युद्ध में रूस की मदद कर रही हैं। अमेरिका युद्ध शुरू होने के बाद से चार हजार रूसी कंपनियों और व्यक्तियों पर प्रतिबंध लगा चुका है, जिसका मकसद रूस को मिलने वाले धन और हथियारों पर रोक लगाना है।

# गधों के सहारे पाकिस्तानी अर्थव्यवस्था

### घोड़े और खच्चरों की संख्या में खास बदलाव नहीं

बोझ ढोने वाले जानवरों की संख्या 2019-2020 में 55 लाख थी। यह संख्या 2020-21 में 56 लाख, 2021-22 में 57 लाख और 2022-23 में 58 लाख थी, जबकि 2023-24 में यह बढ़कर 59 लाख हो गई है। इसमें कहा गया है कि घोड़े और खच्चरों की संख्या में पिछले पांच वर्षों में कोई खास बदलाव नहीं आया है, तथा यह क्रमश: चार लाख और दो लाख है। देश में ऊंटों की संख्या जो पिछले चार वर्षों से स्थिर थी, अब बढ़ गई है। इनकी संख्या पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान 11 लाख से बढ़कर 12 लाख हो गई है।



इस्लामाबाद, एजेंसी। कृषि प्रधान देश पाकिस्तान में पशुधन पर जारी नवीनतम आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान देश में गधों की संख्या 1.72 प्रतिशत बढ़कर 59 लाख हो गयी है। मंगलवार को पाकिस्तान आर्थिक सर्वेक्षण (पीईएस) 2023-24 जारी किया गया जिसमें मौजूदा वित्तीय वर्ष में प्रमुख आर्थिक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया है।

### मीट और दवाओं के लिए होता है उपयोग

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में गधे की कीमत एक से डेढ़ लाख रुपये प्रति किलो के बीच है। गधे की खाल से शक्तिवर्धक और ब्यूटी केयर से संबंधित दवाएं चीन में बनाई जाती हैं। इसीलिए पाकिस्तान से गधों का सबसे बड़ा आयातक चीन है।

### हर साल सदाबहार मित्र को बेचता है पांच लाख गधे

पाकिस्तान हर साल पांच लाख गधे चीन को बेचता है। पाकिस्तान की सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था में मदद करने के लिए गधों का अधिक से अधिक निर्यात करने के उद्देश्य से पंजाब प्रांत के ओंकारा जिले में 3000 एकड़ से ज्यादा का एक फार्म का भी निर्माण कराया है।

### दुनिया में सबसे ज्यादा आबादी चीन में

पाकिस्तान दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी गधों की आबादी वाला देश है। वो अपने सदाबहार मित्र चीन को गधों का निर्यात करके लाखों कमाने की योजना पर काम कर रहा है। गधों की सबसे ज्यादा आबादी चीन में है। जिनपिंग के देश चीन में 90 लाख से ज्यादा गधे हैं। चीन पहले अपने गधों का स्टॉक नाइजर और बुर्किना फासो से आयात करता था, लेकिन इन दोनों देशों पर प्रतिबंध लगने के बाद चीन पाकिस्तान से गधे मंगा रहा है।

(अमृत विचार न्यूज डेस्क)

## एक नजर

### जॉर्जिया में गोलीबारी चार लोगों की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका के जॉर्जिया प्रांत की राजधानी अटलांटा के पीचट्री सेंटर फूड कोर्ट में गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गयी। मेयर आंद्रे डिकेंस ने यहां अपने बयान में कहा, पीचट्री सेंटर फूड कोर्ट में चार लोगों को गोली मारे जाने के बाद इमारत को अब बंद कर दिया गया है। मैं चीफ के साथ सार्वजनिक सुरक्षा मुख्यालय में हूं। अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है। अटलांटा पुलिस विभाग ने एक्स पर लिखा कि अधिकारी 235 पीचट्री स्ट्रीट एनडब्ल्यू में हुयी गोलीबारी की जांच में जुटे हैं, जिसमें कई लोग मारे गये।

### फ्रांसीसी गायिका हार्डी का निधन

**पेरिस।** फ्रांस की गायिका और अभिनेत्री फ्रेंकोइस हार्डी का निधन हो गया है। वह 80 वर्ष की थीं। हार्डी के बेटे, गायक और गिटारवादक थॉमस ड्यूट्रोनक ने सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी है। ड्यूट्रोनक ने मंगलवार को कहा, माँ चली गई और युवा हार्डी के साथ एक तस्वीर पोस्ट की। फ्रांसीसी प्रसारक बीएफएमटीवी ने मंगलवार को गायिका के रिश्तेदारों का हवाला देते हुए बताया कि वह कई वर्षों से लिंफोमा से लड़ रही थीं और 2019 में उन्होंने घोषणा की कि उन्हें एक नए कैंसर का पता चला है। हार्डी ने 2024 में घोषणा की कि वह फिर कभी नहीं गा सकेंगी।

### कांगो में नाव डूबने से 86 लोगों की मौत

**किंशासा।** पश्चिमी कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआरसी) में सोमवार देर रात एक नदी में नाव डूबने से 21 बच्चों सहित कम से कम 86 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक हादसा स्थानीय समयानुसार रात करीब 11 बजे लेदिबा गांव के पास हुआ। नाव मुशी शहर से डीआरसी की राजधानी किंशासा जा रही थी। सूत्रों ने कहा कि अब तक 185 लोगों को बचाया गया है एवं मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है।

### हंगरी के प्रधानमंत्री से मिलेंगे नाटो प्रमुख

**मॉस्को।** उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग बुधवार को हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओरबान से वहां मुलाकात करेंगे। नाटो की ओर से जारी विज्ञप्ति के मुताबिक दोनों नेताओं के बीच अमेरिका के वाशिंगटन में होने वाले आगामी नाटो शिखर सम्मेलन के एजेंडे पर चर्चा होने की उम्मीद है। एजेंडे में यूक्रेन के लिए सैन्य समर्थन भी शामिल है।

# उत्तरी इजरायल में 160 रॉकेट दागे गए : सेना

## पूर्व में इजरायली हमलों में मारे गए थे हिजबुल्लाह के चार सदस्य

यरूशलम, एजेंसी

- अधिकांश खुले क्षेत्रों में गिरे और कई उत्तरी इजराइल में कई स्थानों पर जाकर गिरे
- गोलाबारी के जवाब में इजरायली विमानों ने यारौन के क्षेत्र में लांचर को मार गिराया



इजरायली सेना ने बुधवार को कहा कि उत्तरी इजरायल में लेबनान की ओर से लगभग 160 रॉकेट दागे गए। यह हमला बुधवार सुबह इजरायली हवाई हमलों के बाद हुआ, जिसमें एक शीर्ष कमांडर सहित हिजबुल्लाह के चार सदस्य मारे गए। सात अक्टूबर, 2023 को इज़राइल-हमास संघर्ष के नए दौर की शुरुआत के बाद इस गोलीबारी ने इजरायल पर लेबनान आतंकवादियों द्वारा किए गए सबसे बड़े रॉकेट हमले को चिह्नित किया।

सेना ने कहा कि सुबह लगभग 90 प्रोजेक्टाइल की पहचान की गई जिसे लेबनान की ओर से दागा गया। राष्ट्रीय अग्निशमन एवं बचाव प्राधिकरण ने कहा कि रॉकेटों से कई इलाकों में आग लग गई। बाद में सुबह में, ऊपरी गैलिली क्षेत्र में पश्चिमी गैलिली और माउंट मेरोन की ओर लगभग 70 रॉकेट दागे गए, जहां एक प्रमुख हवाई रक्षा नियंत्रण इकाई स्थित है। सेना ने कहा कि कई प्रक्षेपास्त्रों को रोक दिया गया। उनमें से अधिकांश खुले क्षेत्रों में गिरे और कई उत्तरी इजराइल में कई स्थानों पर गिरे। सेना ने कहा कि विवरण की जांच की जा रही है। अब तक, इजरायल की ओर से किसी के घायल होने की सूचना नहीं मिली है। नवीनतम गोलाबारी के जवाब में, इजरायली विमानों ने यारौन के क्षेत्र में लांचर को मार गिराया। ऊपरी गैलिली क्षेत्रीय परिषद ने निवासियों से अतिरिक्त गोलीबारी का हवाला देते हुए बाहरी गतिविधियों को केवल आवश्यक कार्यों तक सीमित करने का आह्वान किया।

### प्रस्तावित समझौते को हमास ने किया खारिज

**मॉस्को।** फिलीस्तीनी आंदोलन हमास ने बंधकों को मुक्त करने के अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के प्रस्तावित समझौते को खारिज कर दिया है। सूत्रों ने मंगलवार को एक इजरायली अधिकारी के हवाले यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमास ने बाइडेन के प्रस्ताव के मुख्य मापदंडों को बदल दिया है।

## कांगो की पहली महिला प्रधानमंत्री ने शपथ ली

**किंशासा।** जूडिथ सुमिनवा तुलुका ने बुधवार को डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (डीआरसी) की पहली महिला प्रधान मंत्री के रूप में शपथ ली। तुलुका ने अपने बयान में कहा कि उन्हें प्रधानमंत्री के रूप में देश की सेवा करने वाली पहली कांगो महिला प्रधानमंत्री बनने पर गर्व है। उन्होंने कहा, यह पद ग्रहण कर मैं इस क्षण के ऐतिहासिक महत्व से पूरी तरह अवगत हूं। मुझे अपने ऊपर जिम्मेदारी का भार और गणतंत्र के भीतर प्रतिनिधित्व करने के विचार पर अत्यधिक गर्व महसूस हो रहा है।

# नोबेल पुरस्कार विजेता पर आरोप तय

ढाका, एजेंसी

- 20 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक राशि के गबन का मामला

बांग्लादेश में एक विशेष न्यायाधीश की अदालत ने 20 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक राशि के गबन मामले में नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस और 13 अन्य पर बुधवार को आरोप तय किये। गरीब लोगों, विशेष रूप से महिलाओं की मदद करने के लिए सूक्ष्म ऋण की शुरुआत करने के लिए वर्ष 2006 में नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित 83 वर्षीय यूनुस ने खुद को निर्दोष बताया। फिलहाल यूनुस जमानत पर बाहर हैं।



उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि अधिकारी उन्हें और उनके अन्य सहयोगियों को परेशान कर रहे हैं। उन्होंने किसी भी भ्रष्टाचार में शामिल होने से इनकार किया। ढाका के विशेष न्यायाधीश सैयद अराफात हुसैन ने खचाखच भरी अदालत में यूनुस के गैर-लाभकारी ग्रामीण टेलीकॉम पर लगे आरोपों को हटाने संबंधी याचिकाओं को खारिज कर दिया। अभियोजन पक्ष ने यूनुस और अन्य लोगों पर ग्रामीण टेलीकॉम के श्रमिक कल्याण कोष से करीब 20 लाख अमेरिकी डॉलर का गबन करने का आरोप लगाया है। ग्रामीण टेलीकॉम देश की सबसे बड़ी मोबाइल फोन कंपनी ग्रामीणफोन की 34.2 प्रतिशत हिस्सेदार है। ग्रामीणफोन नॉर्वे की दूरसंचार दिग्गज टेलीनॉर की सहायक कंपनी है। कंपनी पर धन शोधन का भी आरोप है। न्यायाधीश हुसैन ने कहा कि अभियोजन पक्ष पहले ही अपनी दलीलों को साबित कर चुका है, जिसमें पैसों को अवैध रूप से विदेश भेजने के आरोप भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि मुकदमे पर सुनवाई 15 जुलाई से शुरू होगी। यूनुस को जनवरी में श्रम कानूनों के उल्लंघन के एक अलग आरोप में छह महीने की जेल की सजा सुनाई गई थी।

# यूक्रेन को मिलेगी एक और पैट्रियट मिसाइल प्रणाली

वाशिंगटन, एजेंसी

रूस के शक्तिशाली हमलों से जूझ रहे उत्तरपूर्वी खार्किव क्षेत्र में जवाबी हमलों के लिए हवाई सुरक्षा संबंधी मदद मांग रहे यूक्रेन को अमेरिका एक और पैट्रियट मिसाइल प्रणाली देगा। दो अमेरिकी अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रपति जो बाइडन ने इस फैसले को मंजूरी दे दी है। अमेरिका की ओर से यूक्रेन को दी जाने वाली यह दूसरी पैट्रियट प्रणाली होगी। इस निर्णय की हालांकि सार्वजनिक रूप से घोषणा नहीं की गई है। इस निर्णय के बारे में सबसे पहले न्यूयॉर्क टाइम्स ने खबर दी है।

### अमेरिका, यूक्रेन के राष्ट्रपति करेंगे द्विपक्षीय बैठक

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की इस सप्ताह के अंत में इटली के अपुलिया में 13 से 15 जून तक होने वाले जी 7 शिखर सम्मेलन से इतर द्विपक्षीय बैठक करेंगे। व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा संचार सलाहकार जॉन किर्बी ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि बैठक में गुरुवार को राष्ट्रपति बाइडेन और राष्ट्रपति जेलेंस्की यूक्रेन के वर्तमान और भविष्य के लिए अमेरिका के समर्थन पर चर्चा करेंगे। बाइडेन ने यूक्रेन के लिए लगभग 60 अरब डॉलर के नए वित्तपोषण के लिए एक विधेयक पर हस्ताक्षर किए थे।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने पिछले महीने के अंत में अमेरिका से पैट्रियट प्रणाली मांगी थी। मिसाइल प्रणाली भेजने का यह निर्णय ऐसे समय में लिया गया है जब अमेरिका, यूरोप और अन्य देशों के रक्षा विभाग से जुड़े नेता यूक्रेन की सुरक्षा आवश्यकताओं पर अपनी मासिक बैठक की तैयारी में जुटे हैं। अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन गुरुवार को ब्रसेल्स में बैठक की मेजबानी करेंगे।

## नाथन लॉ सहित छह विदेशी कार्यकर्ताओं का पासपोर्ट रद

हांगकांग, एजेंसी

- हांगकांग सरकार ने बुधवार को नए राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत की कार्रवाई

हांगकांग सरकार ने बुधवार को नए राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत विदेश स्थित छह कार्यकर्ताओं के पासपोर्ट रद्द कर दिए हैं। इसके साथ ही देश छोड़कर गए असंतुष्टों पर कार्रवाई तेज हो गई है। इससे प्रभावित होने वालों में लोकतंत्र समर्थक नाथन लॉ, श्रमिक नेता मुंग सिउ-टैट और कार्यकर्ता साइमन चेंग, फिन लाउ, जॉनी फॉक और टोनी चोई शामिल हैं। अधिकारियों ने सभी पर राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने का आरोप लगाया है।



सरकार ने कहा कि वे ब्रिटेन भाग गए हैं। पिछले साल पुलिस ने गिरफ्तारी के लिए उनके बारे में सूचना देने वाले को 128,000 अमेरिकी डॉलर का इनाम देने की घोषणा की थी, जिसकी पश्चिमी देशों की सरकारों ने तीखी आलोचना की थी। आधिकारिक बयान के अनुसार अधिकारियों ने अन्य प्रतिबंधों के अलावा किसी को भी इन छह लोगों को धन या आर्थिक संसाधन प्रदान करने, उन्हें संपत्ति पट्टे पर देने या उनके साथ कोई संयुक्त उद्यम शुरू करने पर प्रतिबंध लगा दिया।

# सरकार से बातचीत को तैयार इमरान

इस्लामाबाद, एजेंसी

- जेल में बंद पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के अध्यक्ष ने अपना विचार बदला

अपने पुराने रुख से पीछे हटते हुए पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने मौजूदा राजनीतिक तनाव को कम करने के लिए सरकार से बातचीत के लिए हरी झंडी दे दी है। इससे पहले उन्होंने सत्ताधारी गठबंधन के साथ बातचीत से इनकार कर दिया था। जेल में बंद इमरान का विचार उस समय बदला जब देश के भ्रष्टाचार कानूनों में बदलाव के मामले की सुनवाई के दौरान उच्चतम न्यायालय ने कहा कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी को सरकार से बातचीत शुरू करनी चाहिए और संसद में बातचीत के जरिए अपने मुद्दों को सुलझाना चाहिए। पीटीआई इमरान की पार्टी है। इमरान अभी अडियाला जेल में बंद हैं।



पीटीआई नेता गौहर अली खान ने जेल के बाहर पत्रकारों से बातचीत करते हुए मंगलवार को कहा कि इमरान खान ने सरकार से बातचीत के लिए हरी झंडी दे दी है। उन्होंने कहा कि पार्टी शुरू में अपने सहयोगियों को विश्वास में लेगी, लेकिन इस मुद्दे पर अकेले भी आगे बढ़ सकती है। गौहर ने कहा, हमने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक (इमरान) से कहा कि बातचीत जरूरी है, क्योंकि दूरियां बढ़ रही हैं। वह इस पर हमसे सहमत थे।

### पाकिस्तानी यूट्यूबर को हिरासत में लिया गया

**लाहौर।** पाकिस्तान के लोकप्रिय यूट्यूबर और टेलीविजन एंकर इमरान रियाज खान को बुधवार को यहां लाहौर हवाई अड्डे पर खुफिया एजेंसियों के अधिकारियों ने कथित तौर पर हिरासत में ले लिया। उनके वकील ने यह दावा किया। रियाज को सेना का मुखर आलोचक माना जाता है। जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के समर्थक रियाज हज की खातिर सऊदी अरब रवाना होने के लिए सुबह लाहौर हवाई अड्डे पर पहुंचे। रियाज के वकील एडवोकेट अजहर सिद्दीकी के अनुसार, अज्ञात व्यक्तियों ने उनका अपहरण कर लिया, जिनके साथ पुलिसकर्मी भी थे। उन्होंने कहा कि खान ने अपने अपहरण का विरोध भी किया था, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ।

## हज यात्रा के लिए 15 लाख से अधिक मुसलमान पहुंचे मक्का

मक्का, एजेंसी

- 2023 में 18 लाख से ज्यादा लोगों ने हज यात्रा की थी

इस सप्ताह के आखिर में शुरू हो रही हज यात्रा से पहले हज जायरीन बड़ी संख्या में सऊदी अरब के मक्का पहुंचे हैं। सऊदी अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार तक 15 लाख से अधिक विदेशी हज जायरीन देश में पहुंच चुके हैं, जिनमें से अधिकतर दुनिया भर के अलग-अलग देशों से हवाई मार्ग से यहां पहुंचे हैं। अधिकारियों के मुताबिक, शुक्रवार को आधिकारिक तौर पर शुरू हो रहे हज के लिए और भी लोगों के पहुंचने की उम्मीद है। इसके अलावा, सऊदी अरब में रहने वाले हजारों मुसलमान और अन्य लोग भी हज में शामिल होंगे।

सऊदी अधिकारियों ने बताया कि उन्हें उम्मीद है कि इस साल हज यात्रा में शामिल होने वाले लोगों की संख्या 2023 से ज्यादा होगी। उन्होंने बताया कि 2023 में 18 लाख से ज्यादा लोगों ने हज किया था जबकि कोविड वैश्विक महामारी से पहले, 2019 में 24 लाख से ज्यादा मुसलमानों ने हज किया था। फलस्तीनी मंत्रालय के अनुसार, इस महीने की शुरुआत में मक्का पहुंचने वाले हज जायरीनों में 4,200 फलस्तीनी लोग भी शामिल हैं। मक्का की विशाल मस्जिद में मंगलवार को हज जायरीनों की भारी भीड़ दिखाई और उन्होंने काबा के चारों ओर सात बार घूमकर एक अनुष्ठान पूरा किया।

## बॉलीवुड हलचल

### निरहुआ-आम्रपाली का गाना फसल में जान बसल रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी सिनेमा के जुबली स्टार दिनेश लाल यादव निरहुआ और देसी क्वीन आम्रपाली दुबे की भोजपुरी फिल्म फसल का गाना फसल में जान बसल वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज़ किया गया है। फसल में जान बसल गाना देसी अंदाज में खेतों में हल चला रहे किसान साथियों के साथ निरहुआ और आम्रपाली पर फिल्माया गया है। इस गाने में जहां किसान के लुक में दिनेशलाल यादव निरहुआ सबका ध्यान अपनी ओर खींच रहे हैं तो वहीं ग्रामीण औरत के देसी लुक में आम्रपाली दुबे अपनी अदा का बिजली गिरा रही हैं। इस गाने को सिंगर कल्पना पटवारी और आलोक कुमार ने गाया है वहीं इसका संगीत ओम झा ने दिया है। श्रेयस फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले बनी भोजपुरी फ़िल्म फसल के निर्माता प्रेम राय हैं, जबकि निर्देशन पराग पाटिल ने किया है। फ़िल्म फसल की कहानी पराग पाटिल ने लिखी है, जबकि पटकथा एवं संवाद राकेश त्रिपाठी एवं पराग पाटिल ने लिखा है। फ़िल्म के गीत अरविंद तिवारी, प्यारेलाल यादव, विमल बावरा एवं विजय चौहान ने लिखे हैं जिन्हें ओम झा एवं आर्या शर्मा ने संगीतबद्ध किया है।

### अजय फिर मचायेंगे धमाल

**मुबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के सिंघम स्टार अजय देवगन अपनी सुपरहिट फिल्म धमाल के चौथे संस्करण में काम करने जा रहे हैं। बॉलीवुड के जानेमने निर्देशक इंद्र कुमार ने वर्ष 2007 मे सुपरहिट फिल्म धमाल बनायी, जिसमें अजय देवगन ने मुख्य भूमिका निभायी। इंद्र कुमार ने इसके बाद वर्ष 2011 मे डबल धमाल और वर्ष 2019 में टोटल धमाल बनायी। टोटल धमाल में अजय देवगन, अनिल कपूर, माधुरी दीक्षित, रितेश देशमुख, अरशद वारसी, जावेद जाफरी ने अहम भूमिका निभायी। अब इंद्र कुमार धमाल 4 लाने की तैयार कर रहे हैं, इसके लिए उन्होंने स्टारकास्ट भी फाइनल कर ली है। बताया जा रहा है कि धमाल 4 को भूषण कुमार प्रोड्यूस करेंगे। धमाल 4 में अजय देवगन, अनिल कपूर, माधुरी दीक्षित, रितेश देशमुख, अरशद वारसी और जावेद जाफरी धमाल नजर आयेंगे।यह फिल्म इसी साल के अंत में फ्लोर पर आएगी। फिल्म की तैयारियों का काम जोरों पर चल रहा है।



### फिल्म इश्क विश्क रिबाउंड का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रौशन की चचेरी बहन पश्मीना रोशन की आने वाली फिल्म इश्क विश्क रिबाउंड का ट्रेलर रिलीज हो गया है। पश्मीना रौशन फिल्म इश्क विश्क रिबाउंड से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस फिल्म में पश्मीना रोशन के अलावा रोहित शराफ, जिबरान खान और नैला ग्रेवाल भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। इश्क विश्क रिबाउंड फिल्म एक रोमांटिक ड्रामा है। इश्क विश्क रिबाउंड वर्ष 2003 में प्रदर्शित फिल्म इश्व विश्क का सीक्वल है। इस फिल्म में शाहिद कपूर के साथ अमृता राव मुख्य भूमिका में थीं। शाहिद और अमृता राव की यह पहली फिल्म थी। ट्रेलर में दोस्तों की कहानी दिखाई गई है, जिनके बीच लव ट्रायंगल देखने को मिलेगा।

**खगोल विज्ञान** | विस्कॉन्सिन मैडिसन विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने पहली बार यह खोज की

# तारों के विकास को प्रभावित करता है ब्लैक होल

अमृत विचार, नैनीताल


- खतरनाक होते हैं आकाशगंगा के केंद्र में सुपरमैसिव ब्लैक होल के विकिरण विस्फोट
- अमेरिकन एस्ट्रोनॉमिकल सोसायटी की 244वीं बैठक में इस खोज का खुलासा किया गया

आकाशगंगाओं के विकास को प्रभावित करने में सक्रिय ब्लैक होल अहम रोल अदा करते हैं। यह तारों को नष्ट करने के अलावा उनके विकास में भी सहायक होते हैं। विस्कॉन्सिन मैडिसन विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने पहली बार यह खोज की है।

खोजकर्ता वैज्ञानिकों के अनुसार आकाशगंगा के केंद्र में सुपरमैसिव ब्लैक होल के विकिरण विस्फोट बेहद खतरनाक होते हैं, जो दस हजार मील प्रति सेकंड की रफ्तार से आगे बढ़ते हैं और अपने पड़ोसी तारों को छिन्न भिन्न कर जाते हैं या फिर बन रहे तारों के विकास में योगदान कर जाते हैं। इस घटना में बड़ा लाभ आकाशगंगा को मिलता है। जिसमें उसका विकास आगे बढ़ता है। यह एक ऐसी खोज है, जो इस बात पर प्रकाश डालने में मदद करती है कि कैसे सक्रिय ब्लैक होल लगातार नए सितारों के विकास को गति देकर या समाप्त करके अपनी आकाशगंगाओं को आकार दे सकते हैं। खगोल विज्ञानी प्रो कैथरीन ग्रायर और रॉबर्ट व्हीटली के नेतृत्व में शोधकर्ताओं की टीम ने अरबों प्रकाश वर्ष दूर विशेष रूप से उज्ज्वल और अशांत प्रकार के ब्लैक होल के क्वासर से एकत्र किए गए वर्षों के डेटा का उपयोग करके त्वरित गैस का पता लगाया। तब इस रहस्य का पता चल पाया। अमेरिकन एस्ट्रोनॉमिकल सोसायटी की 244वीं बैठक में इस खोज का खुलासा किया गया।

### आकाशगंगाओं के बीच होते हैं ब्लैक होल

**नैनीताल :** वैज्ञानिकों का मानना है कि ब्लैक होल अधिकांश आकाशगंगाओं के केंद्र में स्थित हैं। क्वासर महाविशाल ब्लैक होल हैं जो ब्लैक होल की विशाल गुरुत्वाकर्षण शक्ति द्वारा खींचे जाने वाले पदार्थ की डिस्क से घिरे होते हैं। यह असीम शक्तिशाली होते हैं। जो अपने नजदीकी तारों को निगल जाने की ताकत रखते हैं।



ब्लैक होल से निकलते विकिरण की तस्वीर।